धनबाद
बुधवार 12.03.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-21 पृष्ठ- 12
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-13
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर, एक पुलिसकर्मी घायल



**रांची (ईएमएस):** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को एनकाउंटर में ढेर किया गया है। झारखंड पुलिस अमन को रायपुर जेल से रिमांड पर रांची ले जा रही थी।तभी पलामू में टीम पर बम से हमला हुआ और अमन ने पुलिस राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान वह मुठभेड़ में मारा गया। एक पुलिसकर्मी भी जख्मी हुआ है।

पिछले दिनों बरियातू में कोयला ट्रांसपोर्टर को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने अमन गैंग के शूटर्स को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में अमन साहू को रायपुर जेल से रांची लाया जा रहा था गैंगस्टर अमन से रांची पूछताछ करना चाहती थी। हजारीबाग जिले में एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के मामले में भी अमन से पूछताछ होनी थी।

पुलिस ने बताया कि एनकाउंटर मंगलवार सुबह चैनपुर के अंधारी धौड़ा में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया, जब रांची पुलिस अमन को रायपुर से ला रही थी। पलामू में गैंगस्टर के साथियों ने बम से हमला किया। इससे पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अमन ने पुलिसकर्मी से इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। ▸▸ 8

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली (ईएमएस):** मॉरीशस ने प्रधानमंत्री मोदी को ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और

### पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय

की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही ये किसी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया जाने वाला २१वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है।



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन देने की घोषणा की। पीएम मोदी मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रामगुलाम ने पोर्ट लुईस में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में ये घोषणा की।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनका स्वागत रामगुलाम ने किया। दोनों नेताओं ने हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से गले मिलकर अभिवादन किया। पीएम श्री मोदी कल मॉरीशस के ५७वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि रुप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी समारोह में भाग लेगी। इसके अलावा वह द्वीप राष्ट्र में लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से नई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की घोषणा भी करेंगे।

पीएम श्री मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखुल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मॉरीशस के राष्ट्रपति को कई चीजें भेंट की है, जिसमें महाकुंभ से संगम का जल और सुपर फूड मखाना भी शामिल है। इसके अलावा पीएम श्री मोदी ने गोखुल की पत्नी वृंदा गोखुल को बनारसी सिल्क की साड़ी भी भेंट की है।

मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात ▸▸ 8

# शांति और सौहाद्रपूर्ण रंगों का त्योहार होली मनाएं जनता : सीओ मनोज कुमार

## पत्रकार, प्रशासन और पुलिस जनता की सेवा त्योहारों में भी करने को है तत्पर:गणेश मिश्रा ● होली मनाकर पत्रकार अपने सुरक्षा की मांग हेमंत सरकार से करेंगे:प्रीतम सिंह भाटिया

**धनबाद (कासं) :** झरिया प्रेस क्लब में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें

### झरिया प्रेस क्लब में पत्रकारों ने मनाया होली मिलन समारोह





मुख्य अतिथि झरिया अंचल के सीओ मनोज कुमार उपस्थित थे। उन्होंने होली मिलन समारोह की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण होली मनाएं तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन पुलिस और प्रेस अपनी सेवा समाज के लिए त्योहारों में भी देते हैं जिससे अमन शांति कायम रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष सह बिहार ऑबजर्वर के सम्पादक गणेश मिश्रा ने किया।

उन्होंने कहा कि कलम के सिपाही अपने कर्तव्य हर हाल में निभाता है। होली हो या दशहरा उसके लिए हर त्योहार बराबर है। सरकार पत्रकारों के भी हित में काम करे। सभा का संचालन झरिया प्रेस क्लब के महासचिव शैलेन्द्र जयसवाल ने किया।

श्री जयसवाल ने कहा कि प्रेस क्लब झरिया का भवन सबसे प्रथम भवन जिले में बना था और २००४ से हम पत्रकार होली मिलन समारोह मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और हित के बारे हेमंत सरकार को निर्णय लेना पड़ेगा। वहीं एआईएसएमजेडब्ल्यूए के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया ने होली के अवसर पर सभी नागरिकों, पत्रकारों को शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा पत्रकार संगठन देश के पत्रकारों के हित में संघर्ष करने में अग्रणी रहा है।

उन्होंने कहा कि होली बाद पत्रकारों का आन्दोलन होगा जिसमें सभी को मिलकर लड़ना होगा। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए झरिया के विख्यात डॉक्टर ओ.पी.अग्रवाल ने कहा कि होली अनेकता में एकता का त्योहार है जिसे हम सब रंग अबीर के साथ होली मनाएं। वहीं समारोह को संबोधित करने वाले में मारवाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण साव, समाजवादी नेता श्री पासवान के अलावा कई पत्रकारों ने भी संबोधित किया।

आगंतुकों का स्वागत पत्रकार कमलेश सिंह, अंजन सिन्हा, अभिमन्यु, मनोज, योगेश सोनी, सिन्दरी के पत्रकार राजेश कुमार सिंह, अंकित झा सहित दर्जनों पत्रकारों, समाजसेवियों ने होली मिलन समारोह में भाग लिया। जमकर रंग-अबीर उड़ाया और पकवानों का आनंद लिया।

# होली पर सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में 4 दिन छुट्टी, विधानसभा सत्र भी 5 दिन के लिए स्थगित

**रांची (एजेंसी):** झारखंड में होली के अवसर पर सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में ४ दिनों का अवकाश रहेगा। राज्य के कार्मिक विभाग ने १३ और १४ मार्च को होली की छुट्टी घोषित की है। इसके बाद १५ मार्च को शनिवार और १६ मार्च को रविवार होने के कारण साप्ताहिक अवकाश रहेगा। इस प्रकार, सरकारी कर्मचारी १३ मार्च से १६ मार्च तक लगातार ४ दिनों की छुट्टी का आनंद ले सकेंगे। अधिकांश प्राइवेट स्कूलों में १३ से १५ मार्च तक होली की छुट्टी घोषित की गई है। १६ मार्च को रविवार होने के कारण स्कूल बंद रहेंगे। इस प्रकार, छात्रों को भी ४ दिनों का अवकाश मिलेगा।

होली के मद्देनजर झारखंड विधानसभा की कार्यवाही भी १२ से १७ मार्च तक स्थगित कर दी गई है। पहले यह अवकाश १६ मार्च तक था, लेकिन बाद में सर्वसम्मति से १७ मार्च को भी कार्यवाही स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अब १७ मार्च की कार्यवाही २२ मार्च को होगी, जो पहले से शनिवार का अवकाश था।

शास्त्रों के अनुसार, होली १५ मार्च को है। हालांकि, ▸▸ 8

# असम भारत का पहला राज्य बनने जा रहा है, जिसकी अपनी निजी सेटेलाइट होगी

**नई दिल्ली (ईएमएस):** इसरो को सेटेलाइट लॉन्च करने में महारथ हासिल है। वह कई देशों और प्राइवेट कंपनियों की सेटेलाइट स्पेस में लॉन्च करती रही है। अब इसमें भारत के राज्य असम का नाम भी जुड़ने वाला है। असम भारत का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जिसके पास अपनी निजी सेटेलाइट होगी। असम ने ४५०-५०० करोड़ रुपए की लागत वाला जियो-स्टेशनरी लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य बनने के लिए इसरो के साथ बातचीत जारी है।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने वित्त वर्ष २०२५-२६ के लिए बजट में डिजिटल कक्ष के लिए बड़ी धनराशि की घोषणा करते हुए कहा कि इस सेटेलाइट का मकसद अवैध घुसपैठ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के ▸▸ 8

# हिंदी भाषा को लेकर संसद में नोक-झोंक

## डीएमके सांसदों ने शिक्षा मंत्री के बयान को झूठा बताया



**नई दिल्ली (ईएमएस):** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो चुका है। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और इसके तीन-भाषा फॉर्मूले को लेकर केंद्र और तमिलनाडु की द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार के बीच नोकझोंक से सियासी माहौल गरमा गया है। लोकसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और डीएमके सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। शिक्षा मंत्री प्रधान को तमिलनाडु के सांसदों के विरोध के बाद अपने बयान से शब्द वापस लेना पड़ा। इस पूरे मुद्दे ने बीजेपी में भी कुछ नेताओं में यह चिंता पैदा कर दी कि कहीं यह डीएमके के लिए सुनहरा मौका न बन जाए।

सोमवार को लोकसभा में डीएमके सांसद टी. सुमति ने सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि एनईपी का विरोध करने से तमिलनाडु को करीब २ हजार करोड़ रुपए की शिक्षा निधि से वंचित कर दिया है। जवाब में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने डीएमके सरकार पर बेईमानी और छात्रों के भविष्य के साथ राजनीति ▸▸ 8

# ओडिशा के इतिहास में पहली बार सता और विरोधी दल के विधायकों के बीच हाथपाई



**भुवनेश्वर (ईएमएस):** ओडिशा में भाजपा विधायक जयनारायण मिश्र के विवादित बयान को लेकर खड़ा हुआ विवाद थम नहीं रहा है। ओडिशा के इतिहास में पहली बाहर शासक एवं विरोधी दल के विधायकों के बीच हाथापाई होने की घटना हुई है।

उत्तर प्रदेश एवं बिहार जैसे राज्य के विधानसभा में शासक-विरोधी के बीच माइक फेंकने, मारपीट की घटना देखने में मिलती रही है। परन्तु पहली बार ओडिशा विधानसभा में इस तरह की स्थिति देखने को मिली है।

ओडिशा में पश्चिम ओडिशा के मिलने को ऐतिहासिक भूल होने की बात कुछ दिन पहले भाजपा विधायक मिश्र ने एक सरकारी सभा में कही थी। इसके साथ ही सभा में जब राज्य की गीत वंदे उत्कल जननी का गान चल रहा था तब वह अपनी सीट से खड़े नहीं हुए। वहीं, बीजद विधायक काली पट्टी बांधकर एवं हाथ में बैंनर लिए मिश्र के प्रसंग पर सरकार से जवाब मांगा, परन्तु सरकार से कोई उत्तर नहीं मिला।

कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक तारा प्रसाद वाहिनीपति ने कहा है कि मिश्र एवं भाजपा के विधायकों ने मेरी कालर पकड़ी, मुझे गाली दी। २५ वर्ष से मैं विधायक हूं ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। स्पीकर से हम अनुरोध कर रहे थे, मगर वे नहीं सुन रहे है। हम भाजपा विधायकों की दादागिरी से नहीं डरने वाले हैं, आदिवासी, महिला, गरीब के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। ▸▸ 8



PR 348258 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

# होलीरमजान को लेकर आयुक्त व डीआईजी ने की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा



**धनबाद (कासं) :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त, हजारीबाग पवन कुमार तथा बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने मंगलवार को समाहरणालय में होली एवं रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति में जोड़ें। संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च करें और विशेष निगरानी रखें। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ करें। आयुक्त ने शराब पीकर और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने, कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, क्विक रिस्पांस टीम (क्यू.आर.टी.) प्लान तैयार करने, चौबीस घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव रखने, थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थल को चिह्नित करने, मादक पदार्थ एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान आयुक्त एवं डीआईजी ने कोयला एवं बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी दिशानिर्देश दिए।

इसके लिए अवैध खनन स्थलों पर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छापामारी करने, मुहानों की डोजरिंग करने तथा अवैध खनन के रूट पर छापामारी करने, अवैध खनन की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने, वर्चस्व स्थापित करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, राज्य कर सहायक आयुक्त ध्रुव नारायण राय, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, नौशाद आलम, शंकर कामती, अरविन्द कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, सीआईएसएफ के कमांडेंट विशाल शर्मा व सहायक कमांडेंट एल. गौतम मौजूद थे।

# बेलगढ़िया में मूलभूत सुविधाओं को किया जायेगा सुदृढ़ : आयुक्त



**धनबाद (कासं) :** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त सह झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार के अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में जेआरडीए प्रबंध पर्षद की बैठक हुई। जिसमें आयुक्त ने बेलगढ़िया टाउनशिप में सुरक्षा, पानी, बिजली, साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। साथ ही एक इलेक्ट्रिकल सब-स्टेशन, मेधा डेयरी बूथ तथा बेलगढ़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा के लिए टॉउन आउट पोस्ट (टी.ओ.पी.) स्थापित करने का प्रस्ताव, भूमि हस्तांतरण तथा आवास ऑनरशिप ट्रांसफर में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बैठक में आयुक्त ने बेलगढ़िया टॉउनशिप में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पलानी मोड़ वाया फेज ५ से रानी रोड का चौड़ीकरण व मरम्मत, फेज १, २ एवं ३ में नालियों एवं सेप्टिक टैंक की साफसफाई, सड़क चौड़ीकरण व पेवर ब्लॉक बिछाना, सुलभ शौचालय का निर्माण, पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए पाइपलाइन बिछाना, वित्तीय वर्ष २०२५२६ का प्रस्तावित बजट, ऑडिटर की नियुक्ति, शॉपिंग सेंटर में दुकानों का एलॉटमेंट सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की।

आयुक्त ने कहा कि जेआरडीए के सुचारु कामकाज के लिए प्रबंध पर्षद की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। उन्होंने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नन लीगल टाइटल होल्डर (नन एलटीएच) के शिफ्टिंग, एलॉटमेंट एवं मुआवजा में एसओपी का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सह प्रबंध निदेशक जेआरडीए माधवी मिश्रा, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जेआरडीए प्रभारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएलओ राम नारायण खलको, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, बीसीसीएल के निदेशक (संचालन) संजय सिंह, महाप्रबंधक झरिया मास्टर प्लान फुल झा, महाप्रबंधक पर्यावरण राजीव चौपड़ा, क्षेत्रीय प्रबंधक आरआई२, संजीव सिंह, जेआरडीए के सलाहकार डीएन माहापात्रा, वित्त अजय भारतीया, विद्युत अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# टेंट डेकोरेटर कार्यकारिणी समिति की बैठक 16 मार्च को




**धनबाद (कासं) :** सोमवार को धनबाद के स्वागतम मैरिज हॉल में झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। एसोसिएशन के महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी १६ मार्च को धनबाद के स्वागतम मैरिज हॉल में झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के समस्त जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति होगी। इस बैठक मे टेंट एसोसिएशन और टेंट व्यवसाय से संबंधित विभिन्न समस्याओ पर चर्चा की जायेगी। बैठक में प्रदेश के लगभग सभी जिलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति होने की सम्भावना है। एसोसियशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष पुरूषोत्तम कुमार रंजन ने बताया की होली का समय होने की वजह से प्रदेश के समस्त टेंट एसोसिएशन के व्यवसायिक होली मिलन का भी कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। बैठक में जयशंकर प्रसाद, महेन्द्र गोप, गुड्डू साव, प्रवीण कुमार, भरत भगत, मनजीत सिंह, संजय कुमार तिवारी, अशोक पंडित आदि मौजूद थे।

## फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर ने किया मिठाई दुकानों का निरीक्षण

**कतरास (ससे) :** फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर डॉ. राजा कुमार ने मंगलवार को विभिन्न रेस्टोरेंट्स और मिठाई की दुकानों पर निरीक्षण किया, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए।

न्यू इंडियन रेस्टोरेंट में गंदगी फैलाने पर १० हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, न्यू शालीमार रेस्टोरेंट को ५ हजार रुपये



का जुर्माना लगाया गया। न्यू मुंबई स्वीट्स में पनीर और गोद के लड्डू का सैंपल लिया गया। श्री राम मिष्ठान भंडार में बिस्किट, दर्जनों मिक्चर पैकेट व २० हजार जुर्माना लगाया गया। बजानिया स्वीट्स में तेल मिलावट की आशंका के चलते तेल को नष्ट करवाया गया। इसके साथ ही, बेसन के लड्डू और खोवा के सैंपल लेते हुए दुकान को नोटिस जारी किया गया।

इसके अलावा कतरास में दर्जनों दुकानों की जांच की गई, जहां कई खाद्य सुरक्षा उल्लंघन सामने आए। फूड सेफ्टी विभाग ने सभी व्यवसायों से गुणवत्ता मानकों का पालन करने की अपील की है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं की सेहत को प्राथमिकता देने के लिए की गई है।

# हाइवापिकअप वैन में टक्कर, तीन घायल

**कतरास (ससे) :** बरोरा के मुराईडीह के समीप कोयला लदा हाइवा और पिकअप वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में हाइवा चालक स्टेयरिंग में फंस गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना उस वक्त हुई जब हाइवा, जो फुसरो के कारो से एमपीएल निरसा की ओर जा रहा था, असंतुलित होकर विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन से टकरा गया। पिकअप वैन निचितपुर से मजदूरों को लेकर गोमो जा रही थी। सभी मजदूर निचितपुर रेलवे हाल्ट से काम खत्म कर लौट रहे थे। टक्कर के बाद हाइवा खंभे से भी टकरा गया, जिससे चालक स्टेयरिंग में फंस गया।



घटना में गोमो निवासी मजदूर विरेंद्र मुंडा और हाइवा का चालक भोला साव गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। घटनास्थल पर बरोरा थाना पुलिस ने तुरंत पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल भेजा और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मांझी बस्ती में 30 टन कोयला जब्त

**धनसार (ससे) :** बस्ताकोला क्षेत्र के चांदमारी मांझी बस्ती में सीआईएसएफ ने मंगलवार को कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान मार्ग में हाइवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग का कार्य किया जाता है। जहां कोयला चोर हाईवा पर चढ़कर कोयला उतारते देखे जाते हैं। बाद में उसे धंधेबाज बाइक



सीआईएसएफ ने यहां से ३० टन कोयला जब्त किया। जब्त कोयला को सीआईएसएफ ने बस्ताकोला प्रबंधन को सौंप दिया। इस छापेमारी से कोयला चोरों के खिलाफ हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि इस के माध्यम से गांधी रोड सब्जी बगान, चांदमारी व जोड़ाफाटक के रास्ते गोविंदपुर व धनबाद इलाके में खपा देते है। इस मार्ग में कोयला चोरों ने कई बार सीआईएसएफ वाहन व जवानों पर पथराव कर चुके हैं।

# लोयाबाद में शांति समिति की बैठक

**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद थाना परिसर में मंगलवार को होली एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समितिपुलिस जन सहयोग समिति की बैठक थाना प्रभारी पिकु प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लोयाबाद थाना क्षेत्र के विभिन क्षेत्रों से आए गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में होलिका दहन और होली त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर अपनेअपने सुझाव और अपनेअपने क्षेत्र के समस्याओं से थाना प्रभारी को अवगत कराया।

थाना प्रभारी ने सभी गणमान्य सदस्यों का स्वागत करते हुए होली का शुभकामनाएँ दिये। उन्होंने सभी का सुझाव और समस्याएं सुनी एवं उस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिये। उन्होंने होलिका और होली के दिन थाना क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाने का अपील करते हुए कहा कि लोग होली के दिन



टोला मुहल्ले में डीजे पर अश्लील गाना न बजाएं, अफवाह फैलाने वालों की तत्काल सूचना पुलिस को दे। शराब बेचने पर पूरी तरह से पाबन्द रहेगी। मौके पर एस आई रोहित कुमार महतो, सुरेश कुमार राय, एएसआई कारू मुर्मू, नवल किशोर शुक्ला, बिनोद पासवान, देवव्रत तिवारी, मो. मिनाज, अवधेश कुमार सिंह, प्रताप उराँव, सिंधु कुमारी, सहित शांति समिति के जयप्रकाश पांडेय, रवि चौबे, बिजेन्द्र पासवान, मनोज मुखिया, अनवर मुखिया, सुरेश यादव, संतोष महतो, इम्तियाज अहमद, मन्नू सिंह, शिवशंकर प्रसाद, मुकेश पासवान, गणेश साव, श्याम सुंदर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## स्व. रूपा देवी की मनी पुण्यतिथि

**जोड़ापोखर (ससे) :** मंगलवार समाजसेवी स्व. राम परीखा के धर्मपत्नी स्वर्ग के रूपा देवी का पुण्यतिथि डिगवाडीह में मनाया गया। रूपा देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मदन राम, रूपाली देवी, तेजस चंद्रवंशी, ऋतिका चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, समरेंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, शांतनु कुमार, अवधेश तिवारी, रविंद्र पासवान, रामाशीष चौहान, सुनील राय, वीरेंद्र, सुबोध वर्मा, मनीष कुमार, गणेश भारती, शुभम राम, आलोक खरवार व आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

## इफ्तार पार्टी का आयोजन

**जोड़ापोखर (ससे) :** लोजपा के प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष बेलाल खान के आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर



एक नंबर में युवा वेलफेयर फेडरेशन की ओर से दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आपसी भाईचारा को बढ़ाने के लिए २५ वार्षिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। वही सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया है।

इस अवसर पर नमाजियों को नमाज पढ़ने की भी व्यवस्था किया गया। सभी ने मुल्क में सलामती की दुआ मांगी है। ताकि भाईचारे बने रहे। पार्टी में शामिल थे। कॉंग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता, कृपाल सिंह, डॉक्टर एस अहमद, मिठू खान, इरशाद खान, शमसाद खान, नौशाद खान, सरफराज आलम आदि थे।

# यादव महासभा में होली मिलन समारोह



**धनबाद (कासं) :** सबलपुर सहयोगी नगर स्थित यादव महासभा भवन में सोमवार को यादव परिवार का होली मिलन समारोह आर.एन. यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह का संचालन गोपाल यादव ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग फगुआ गीत गायक के गीतों पर तालिया बजाकर झूमे व खूब आनंद लिया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाईयां दी। महासभा के मीडिया प्रभारी गोपाल यादव ने कहा होली आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। होली मिलन समारोह में महासभा के संरक्षक रामाधार यादव, योगेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव, गोपाल यादव, बैजनाथ यादव, रामस्वरूप यादव, बाबूलाल सांवरिया, लाल बहादुर यादव, निरंजन गोप मुखिया, राजेश्वर सिंह यादव, तारकेश्वर यादव एवं सदस्य भूटका यादव, मिथिलेश कुमार यादव, लक्ष्मण यादव, विक्रम यादव, जगन्नाथ सिंह यादव, लालमुनि सिंह यादव, नंदकुमार चौधरी, के एल चौधरी, विनोद यादव, रमेश यादव, विद्यांचल यादव, सियाधर सिंह, रमेश सिंह, यादव सुरेश यादव, मनोज कुमार, रामबली यादव, रामनाथ यादव, मुन्ना यादव, सुरेश यादव, विनोद यादव, टुनटुन यादव, राधेश्याम यादव, उदय यादव, दिनेश यादव, दिलीप यादव, संजय यादव, जयप्रकाश यादव व कुमुद यादव समेत अन्य मौजूद थे।

# होलीरमजान व ईद को लेकर पुलिस की तैयारियां शुरू

**धनबाद (कासं) :** होलीरमजान और ईद को लेकर मंगलवार से पुलिस विभाग ने सुरक्षा की तैयारियां शुरू कर दी हैं। धनबाद पुलिस केंद्र में वरीय पुलिस उपाधीक्षक सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बलवा और दंगा नियंत्रण का मॉक ड्रिल किया।

इस दौरान दंगा होने की स्थिति में उससे निपटने और लोगों को नियंत्रित करने का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रचारी प्रवर, सर्जेन्ट समेत जिला पुलिस बल, जैप के जवान एवं चौकीदार शामिल थे। मॉक ड्रिल के दौरान डीएसपी ने दंगा नियंत्रण के लिए आवश्यक शस्त्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को शस्त्रों के सटीक प्रयोग का पूर्व अभ्यास भी कराया।



प्रशिक्षण के दौरान कई विशेष टीमों का गठन किया गया। इनमें पुलिस पार्टी, सिविल पुलिस पार्टी, फायर फाइटिंग पार्टी, लाठी पार्टी, चिकित्सा पार्टी और रिजर्व पार्टी शामिल थी। सभी को उग्र भीड़ को नियंत्रित करने का प्रशिक्षण दिया गया।

अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों को एंटी राइट गन, प्लास्टिक प्लेट्स, चिली बम और टियर गैस गन, वाटर केनन के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया गया। डीएसपी ने दंगाइयों को नियंत्रित करने के गुर सिखाए। उन्होंने शांति व्यवस्था के लिए ड्यूटी के दौरान दंगा नियंत्रक उपकरणों के अनिवार्य प्रयोग के लिए जवानों को प्रशिक्षित किया। रमजान होली और ईद के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एसएसपी ने सभी थाना को क्षेत्र में निरंतर गश्ती का निर्देश जारी किया है। भीड़ भाड़ वाले स्थान, बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती सादे लिबास में की गई है।

वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें, बल्कि मामले की सूचना डायल ११२ या फिर पुलिस कंट्रोल रूम को ८२१०८४०९०१ अथवा ०३२६२३११२१७ पर फोन कर जानकारी दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

पुलिस मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सअप समेत अन्य सोशल मीडिया टूल पर किसी भी तरह के अफवाह फैलाने, अश्लील सामग्री, भड़काऊ संदेश, जाति अथवा समुदाय विशेष के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने के उद्देश से की गई किसी भी तरह के पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यूजर्स से अपील की गई है कि शांति व विधिव्यवस्था भंग करने के मकसद से कोई भी पोस्ट न करें। इस तरह के कंटेंट को लाइक, शेयर, फॉरवर्ड या कमेंट करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसएसपी ने समाज के सभी लोगों से एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे के तहत शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मानने की अपील की है।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# होली आपसी प्रेम व सद्भाव का पर्व है : सीएमडी समीरन दत्ता

**धनबाद (कासं) :** उप महामंत्री कुश कुमार सिंह के नेतृत्व में इनमोसा संगठन द्वारा आयोजित



होली मिलन समारोह में रंगों की उमंग और हर्षोल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, मुरली कृष्ण रमैया-निदेशक (कार्मिक), संजय कुमार सिंहनिदेशक (तकनीकी/संचालन), राकेश कुमार सहाय-निदेशक (वित्त), मनोज कुमार अग्रवालनिदेशक (तकनीकी), योजना एवं परियोजना महाप्रबंधक (एडमिनिस्ट्रेशन) एवं महाप्रबंधक (सेफ्टी एंड रेस्क्यू) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर हुआ। मुख्य अतिथि समीरान दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सद्भाव का पर्व है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता और सौहार्द बढ़ता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उपस्थित मुख्य अतिथियों एवं एकदूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं और आनंदपूर्वक इस पर्व को मनाया। इनमोसा संगठन द्वारा किए गए इस आयोजन ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान और दिलों में उल्लास भर दिया।

विशेष बैठक में विजय यादव, अशोक कनौजिया, यशवंत कुमार सिंह, जयनंदन पासवान, अरविंद कुमार सिंह, शंभू पासवान, शिव शंकर महतो, शंभू चौहान, सूरज चौहान, उमाकांत राय, नवल महतो, रवि ओंकार, रवि भूषण, बालेश्वर पंडित, संजय कुमार सिंह, रंजीत महतो, संजय महतो, नवनीत सिंह, नागेंद्र सिंह मनोज पाण्डेय, लव प्रताप, अरुण दुबे, रंजय सिंह, प्रभात सिंह उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला करने की शिकायत

**केन्दुआ (ससे) :** केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के हाजरा बस्ती निवासी मो. पप्पू ने चार नामजद और अन्य के विरूद्ध जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने की लिखित शिकायत की है। केन्दुआडीह पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है। भुक्तभोगी ने अपने शिकायत में पुलिस को बताया कि मंगलवार को शाम लगभग ४ बजे धनबाद से अपना घर आ रहा था, तभी गोधर पावर हाऊस के समीप कुछ लोग एक ड्राइवर के साथ मारपीट कर रहे थे। बचाने के क्रम में मो. समीर, मो. एजाज कुरैशी, बड़कु, बरूण सहित १० अन्य अचानक रड डंडे से हमला कर दिया, हमले में मेरे सर फट गया। सभी धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# दस हजार घूस लेते पकड़ा गया एएसआई



**धनबाद (कासं) :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) धनबाद ने गांधी नगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) अजय प्रसाद को १० हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मंगलवार को की गई, जब एसीबी की टीम ने उन्हें रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया।

परिवादी के अनुसार, ९ फरवरी २०२५ को ०४ नंबर पेट्रोल पंप पर पैसे को लेकर हुए विवाद में पुलिस पहुंची थी। इसके बाद एएसआई अजय प्रसाद ने परिवादी को धमकाते हुए कहा कि गांधी नगर थाना कांड संख्या १८/२५ में उसका नाम शामिल है और उसे जेल जाना पड़ेगा। लेकिन यदि वह ९ हजार रुपये दे दे, तो उसका नाम एफआईआर से हटा दिया जाएगा।

परिवादी ने इस मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से की। जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया। सत्यापन के दौरान आरोपी पुलिस अधिकारी द्वारा रिश्वत की मांग को पुष्ट किया गया।

११ मार्च २०२५ को एसीबी ने दंडाधिकारी एवं स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में गांधी नगर थाना के समीप एसआईओ क्वार्टर से आरोपी अजय प्रसाद को १० हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और पुलिस विभाग में भी हलचल तेज हो गई है।

# डीसी ने हर्बल अबीर स्टॉल का किया उद्घाटन



**धनबाद (कासं) :** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा समाहरणालय परिसर में लगाए गए हर्बल अबीर एवं गुलाल की विक्रय स्टॉल का उद्घाटन किया।इस अवसर पर उपायुक्त ने समस्त जिलावासियों से इस होली में हर्बल गुलाल एवं अबीर का उपयोग करने की अपील की है। डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन ने बताया कि सरकार के जेएसएलपीएस पलाश ब्रांड से जुड़ी दीदियों की ओर से पलाश के फूल, सिंद्धार फूल, गुलाबी बीटरूट, हल्दी, पालक एवं अरारोट पाउडर से अबीर बनाये गये हैं। ये गुलाल मंगलवार से जेएसएलपीएस के प्रखंड एवं जिला कार्यालय के साथ ही हाट बाजारों में स्टॉल लगाकर बेचा जायेगा। एक पैकेट की कीमत मात्र ३० रुपये है। मौके पर डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, बीपीओ कृष्णा कुमार प्रामाणिक, बीपीओ नवीन कुमार, जिला प्रबंधक एचआर प्रवीण कुमार, दीदी डॉली सिंह, माधुरी देवी, भारती कुमारी समेत अन्य मौजूद रहें।

# 18 लीटर देशी शराब के साथ चार महिलाएं गिरफ्तार

**धनबाद (कासं) :** ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल (रेसुबल) धनबाद पोस्ट की टीम ने मंगलवार को धनबाद रेलवे स्टेशन के साउथ साइड छाई गद्दा जनता ब्रिज के पास से चार महिलाओं को अवैध देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। उनके पास से कुल ८ बोतल (१८ लीटर) महुआ शराब बरामद की गई, जिसका अनुमानित मूल्य ५,४०० रुपये आंका गया।

मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल धनबाद पोस्ट की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। चारों महिलाएं प्रत्येक के पास दोदो प्लास्टिक की बोतल लिए हुई थीं, जिनमें कुल ८ बोतल देशी शराब पाई गई।

गवाहों की मौजूदगी में सभी ८ बोतलों को जब्त किया गया। आरोपित महिलाओं को



उनकी गलती से अवगत कराते हुए मानवाधिकार के नियमों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आगे की कार्रवाई के लिए गिरफ्तार महिलाओं और जब्त शराब को उत्पाद विभाग, धनबाद को सुपुर्द कर दिया गया।

## होली मिलन में महिलाओं ने खेली होली



**गोविंदपुर (ससे) :** जायसवाल महिला समिति ने मंगलवार को मधुबन होटल गोविंदपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें महिलाओं ने एक दूसरे को अबीरगुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महिलाओं ने होली गीत पर नृत्य किया। संयोजक अमरलता भगत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नुपुर जायसवाल, उमा भगत, रिंकी जायसवाल, रुचि जायसवाल, संगीता भगत, सुषमा जायसवाल, शांभवी जायसवाल, दीपांशु जायसवाल, शैलवी जायसवाल, सानू भगत, प्रियंका भगत, सानिया भगत, लाडो भगत, लविश जायसवाल, अमिता जायसवाल, रचना जायसवाल, चेतना साव, पुतुल भगत, कोमल जायसवाल, रिदम जायसवाल, गन्नू साव, स्वर्णिम कविराज, विभु जायसवाल समेत दर्जनों मौजूद थे।

# वाहन चालकों को किया गया सम्मानित

**कतरास (ससे) :** सिजुआ क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब में होली पर्व के शुभ अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सिजुआ क्षेत्र में कार्यरत निजी वाहन चालकों को मुख्य अतिथि दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता द्वारा फुलपैंट, शर्ट का कपड़ा, रंग, गुलाल और खाद्य सामग्री वितरित की गई।



यह आयोजन प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रज्वला महिला मंडल सिजुआ क्षेत्र की अध्यक्ष शशि प्रसाद ने मुख्य अतिथि मिली दत्ता, उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पूर्विता रमैया और नमिता सहाय का तिलक और पुष्पों की वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

कार्यक्रम के बाद महिला मंडल की सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने मुख्यालय से आई हुई सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मिली दत्ता ने प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र की सराहना करते हुए उनकी पहल की तारीफ की और महिला सशक्तिकरण के इस सुंदर उदाहरण को प्रेरणादायक बताया।

# राजगंज थाना में रंगगुलाल के साथ बंटी मिठाइयां

**धनबाद (कासं) :** राजगंज थाना परिसर में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थाना प्रभारी अलिशा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस होली मिलन समारोह में केंद्रीय सचिव प्रमोद चौरसिया, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी, बड्स गार्डन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद कुमार, मुखिया वंदना बारुई, डॉक्टर दिलीप कुमार, ब्यास राय,



स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और आम लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह के दौरान सभी ने एकदूसरे को रंगगुलाल लगाकर पर्व की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं।

थाना प्रभारी ने लोगों को मिठाइयाँ बाँटते हुए समाज में भाईचारे और सौहार्द्र बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के हीरालाल महतो, मुखिया मनोज कुमार महतो, सूरज सोनी, रेखा देवी, कौशल्या देवी, मुन्नी देवी, पूनम देवी, कमल किशोर रवानी और रामाशीष रवानी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पारंपरिक होली गीतों की धुन पर लोगों ने जमकर आनंद उठाया और सभी ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का जश्न मनाया।

## संदेहास्पद परिस्थितियों में युवक की मौत

**महुदा (ससे) :** महुदा के गोलघर रेलवे क्वार्टर निवासी रेलकर्मी प्रमोद कुमार के २२ वर्षीय पुत्र विशाल कुमार की मौत मंगलवार को संदेहास्पद परिस्थिति में हो गई। मृतक के पिता प्रमोद ने बताया कि मंगलवार सुबह



करीब ४ बजे विशाल अपने बिस्तर से उठकर मां से पानी मांगा। पानी पीने के बाद वह वहीं पर गिरकर बेहोश हो गया।

आननफानन में इलाज के लिए उसे धनबाद अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसे हार्ट अटैक आया था। शव को लेकर स्वजन उसके घर पहुंचे तो परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक बी टेक की तैयारी कर रहा था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

## विधायक रागिनी सिंह ने विधानसभा में खेली होली



**धनबाद (कासं) :** झारखंड विधानसभा में आयोजित होली मिलन समारोह में झरिया विधायक रागिनी सिंह सम्मिलित हुई। जहां उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को गुलाल लगाकर उन्हें होली की विशेष बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन विधायक, नीरा यादव, विधायक राज सिन्हा, विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य विधायक व अन्य गणमान्य मौजूद रहे वही मौजूद महिला पत्रकारों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सैनिक मिशन स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

**पुटकी (ससे) :** स्व. केएन पांडेय की स्मृति में संचालित सैनिक मिशन स्कूल में मंगलवार को न्यू एकेडमिक शेसन के पहले सप्ताह एनुअल अचिवमेंट्स अवॉर्ड समारोह मनाया गया। कार्यक्रम निदेशक सुनील पाण्डेय ने कहा कि सिर्फ डॉक्टर, इंजीनियर बनना ही शिक्षा नहीं है, शिक्षा का अर्थ है संस्कार, संस्कारवान बनकर राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना, शिक्षा का उद्देश्य




आन्तरिक गुणों का विकास करना है।

विद्यालय में गणित, विज्ञान, कंप्यूटर आदि का पाठ्यक्रम है परंतु संस्कार का पाठ नहीं पढ़ाया जाता है। उसका कोई पाठ्यक्रम नहीं है। यह संस्कार का पाठ सैनिक मिशन स्कूल देता है, जिसे लेकर के आप अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे। वह शिक्षा बेकार है जो संस्कार नहीं देती है। पिछले एकेडमिक सेशन २०२४ - २५ में अलगअलग कई बिंदुओं पर पुरस्कृत किया गया। पढ़ाई के साथसाथ पिछले पूरे एकेडमिक सेशन में मनाए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता, शतप्रतिशत उपस्थिति आदि कई बिंदुओं पर पुरस्कृत किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना प्रोत्साहन देना है। मंच संचालन मिस अनुराधा ने किया। मौके पर स्कूल के शिक्षक संजय पाठक, मनोज कुमार, निखिल कुमार, अश्विनी पांडे, ईमा कुंडू, ज्ञानंति सिंह, आशा टुडू, गायत्री मिश्रा, जेबा, कुमकुम, कृति कुमारी आदि उपस्थित थे।

प्रधानाध्यापिका सविता पाण्डेय ने बच्चों को नए सत्र में पिछली गलतियों से सीखते हुए, नई उपलब्धियों पर अपना ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि माता-पिता का संबंध सभी संबंधों से कई गुना अधिक होता है।

माँ प्रथम गुरु है। बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माता पिता की भूमिका अहम् होती है।

# दस दिनों के अंदर मांगें नहीं मानी गई तो देंगे सामूहिक इस्तीफा

धनबाद (कासं) : १० दिनों के अंदर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो देंगे सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। उक्त बाते मांगलवार को ज्ञापन सौपने पहुंचे वार्ड सदस्य संघ ग्यारकुंड के अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि जब से चुनाव हुआ है वार्ड सदस्यों को सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा छला गया है। कोई भी वार्ड सदस्य का हक देना नहीं चाहते, पूर्व में भी हम लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। परंतु आज तक इस संबंध में कोई भी निर्णय नहीं हुआ। इस बार हमारे घर के परिजनों द्वारा मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किया गया था। परंतु उन लोगों का भी नाम उक्त योजना से बाहर किया



जा रहा है जिसे हम लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम लोगों को चुने हुए तीन वर्ष बीतने को है मगर सरकार द्वारा सिर्फ ११ महीना का ही वेतन भुगतान किया गया है। वह भी मात्र ५०० रूपये प्रत्येक माह के रूप में, इतने कम वेतन में हमारा परिवार कैसे चलेगा।

सरकार को इन सारे बिंदुओं का चिंतन करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ हम लोगों को देने के लिए अनुमति दे यह हमारा हक और अधिकार है। इसके अलावा सात सूत्री मांगों में प्रखंड के बीसो पंचायत को प्रतिदिन खोलना, पंचायत में प्रत्येक महीने मासिक बैठक एवं कार्यकारी की बैठक संपन्न होना, योजनाओं की खाता का जांच होना, वर्ष २०२२२३ का मानदेय या भत्ता एवं २०२३-२४, २०२४२५ तक का मानदेय एवं भत्ता दिया जाए, मृत्यु प्रमाण पत्र सत्यापन करना, ग्राम सभा आदि में वार्ड सदस्यों का हस्ताक्षर होना अनिवार्य किया जाए। प्रखंड द्वारा कराए गए प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र एवं प्रशिक्षण भत्ता निर्गत किया जाए। सभी वार्ड सदस्य प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रखंड प्रमुख संगीता महतो से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। वही शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या ९ के वार्ड सदस्य शबाना खातून एवं आम कूड़ा पंचायत के वार्ड संख्या ८ के सदस्य प्रभु महतो द्वारा इस्तीफा सौंपा गया। वही सोमवार को आमकूड़ा पंचायत ५ के वार्ड सदस्य गौतम बाउरी द्वारा इस्तीफा सौंपा गया था।

# गुरु नानक कॉलेज में वेबीनार का आयोजन

**धनबाद (कासं) :** मंगलवार को गुरु नानक कॉलेज में वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार का विषय था 'बिल्डिंग सेफ स्पेस थ्रू पोश आवर्नेस' इस वेबीनार का आयोजन साक्षी के रक्षिन प्रोजेक्ट के कोलैबोरेशन से किया गया। वेबीनार की मुख्य वक्ता डॉक्टर राम्या निसाल थी जो कि रक्षिन प्रोजेक्ट की प्रोग्राम डायरेक्टर है। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग अध्यक्ष डॉक्टर मीणा मालखंडी ने की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीता ओझा ने किया।



कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉक्टर राम्या निसाल ने कार्यक्रम के विषय पर विस्तार पूर्वक बोलते हुए कुछ अति महत्वपूर्ण बातों का जिक्र किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारे आसपास के माहौल में कौन सी बातें, कौन सी क्रिया, कौन से शब्द और कौन सी और कैसी नजर वास्तव शारीरिक और मानसिक शोषण को जाहिर करते हैं और बढ़ावा देती है। इस बात की जागरूकता अति आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी व्यापक प्रकाश डाला कि अगर किसी के साथ इस प्रकार की घटना होती है तो उसके बारे में कहांकहां शिकायत की जा सकती है और उसका भी जिक्र किया कि जहां शिकायत की जाती है उनकी कार्य प्रणाली कैसी है।

महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष आर एस चहल ने महाविद्यालय में इस विषय से संबंधित एक कमिटी गठित करने का सुझाव दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद सर ने डॉ राम्या निशाल को महाविद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस कार्यक्रम में कुल १७१ छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया स कार्यक्रम में भूदा कैम्पस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रोफेसर अमरजीत सिंह, बैंक मोड़ कैम्पस की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रंजना दास, प्रोफेसर साधना सिंह, प्रोफेसर सोनू यादव, प्रोफ़ेसर दीपक कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रोफेसर अभिषेक सिन्हा, प्रोफेसर स्नेहल, प्रोफेसर संजय सिन्हा, प्रोफेसर संतोष कुमार, प्रोफेसर पीयूष अग्रवाल, प्रोफेसर नमिता कुमारी, प्रोफेसर सिमरन छाबड़ा और नुसरत परवीन और सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी ने अपनी अपस्थिति दी।

# संपादकीय

## अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है, मगर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे गंभीरता से कभी नहीं लिया गया। जबकि इस हकीकत से सभी वाकिफ हैं कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की सक्रियता न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी खतरा है। अब तो पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अतीत में चीन जैसे कुछ देश पाकिस्तान की आतंकवादियों को शह देने की नीति को नजरअंदाज करते रहे हैं। आतंकवाद के मसले पर चीन कई बार संयुक्त राष्ट्र में अपने विशेषाधिकार का उपयोग कर पाकिस्तान को बचा चुका है।

अब वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के ताजा आंकड़ों से यह तथ्य उजागर हुआ है कि पाकिस्तान को अपने किए का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। वहां दहशतगर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष पाकिस्तान में आतंकी हमलों में होने वाली मौतों में पैंतालीस फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह वहां हुए आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 के 517 की तुलना में 2024 में बढ़ कर 1,099 हो गई। पाकिस्तान लंबे समय से दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीके-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन हालात में भी भारत के खिलाफ अपनी करतूतों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। वह भारत के खिलाफ दहशतगर्दी का इस्तेमाल हथियार की तरह किए जा रहा है। जो गतिविधियां वह भारत के खिलाफ चलाता है और उसमें वहां की सेना और खुफिया एजंसी



आइएसआइ तक शरीक देखी जाती हैं, वैसी ही वह अपने बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही गतिविधियों से त्रस्त है। पिछले हफ्ते बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सभी विद्रोही गुटों ने हाथ मिला लिया और उन्होंने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का एलान कर दिया।

बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही चीन की विकास परियोजनाओं का विरोध वे लंबे समय से करते रहे हैं, मगर पाकिस्तान सरकार और सेना उन्हें हथियार के बल पर दबाने का प्रयास करती रही हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां आतंकी गतिविधियां काफी जोर पकड़ चुकी हैं। उन हमलों में कई चीनी नागरिक भी मारे जा चुके हैं। पर पाकिस्तान ने दहशतगर्दी के खिलाफ कोई मुकम्मल नीति नहीं बनाई है। जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों को वहां से पनाह और इमदाद मिलने लगी है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पाकिस्तान लंबे समय से समस्याओं से पार पाने की जद्दोजहद कर रहा है। वहां महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। हालत यह है कि कई बार वहां के लोग आटे-दाल के लिए संघर्ष पर उतर आए। फिर भी पाकिस्तानी हुकूमत का जोर तरक्की के बजाय चीन से मिलने वाली इमदाद और उसके जरिए भारत पर दबाव बनाए रखने का अधिक है।वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के आंकड़ों से जाहिर है कि पाकिस्तान में स्थितियां दिनों-दिन गंभीर होती जा रही हैं व अगर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने मिल कर इसका कोई हल निकालने की कोशिश नहीं की, तो पाकिस्तान में पल रहे दहशतगर्द न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। इसके नतीजे पहले कई जगह देखे जा चुके हैं, जिसमें सबसे बड़ा हमला अमेरिका के विश्व व्यापार संगठन के दफ्तर पर हुआ था।

## भारत में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या, समय रहते बदलें आदत



भारत में जिस तरह लोगों की जीवन शैली बदली है, उसके दुष्परिणाम अब सामने आने लगे हैं। मोटापा उनमें से एक है। इस समस्या ने बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। शहरों में रहने वाली लगभग एक तिहाई आबादी मोटापे की शिकार है। इसे अब महज वजन बढ़ने के रूप में नहीं लिया जा सकता। मोटापे की वजह से जिस तरह हृदयरोग, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं, वह चिंता का विषय है। इसने कैंसर के जोखिम तक को बढ़ा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में भारत में मोटापे की दर लगभग दोगुनी हो गई है। यह किस कदर जानलेवा हो सकता है इसे लेकर प्रधानमंत्री ने जो चिंता जताई है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने देश के नागरिकों को आगाह किया है कि वर्ष 2050 तक चौवालीस करोड़ से अधिक भारतीय मोटापे से ग्रस्त हो जाएंगे। निस्संदेह यह आंकड़ा डरावना है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि अब बच्चे भी मोटापे का शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट के मुताबिक बचपन और किशोरावस्था में मोटापा भविष्य में उनके जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा को कमजोर कर देता है। यह कितना बड़ा संकट है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आने वाले समय में हर परिवार में कोई एक मोटापे से ग्रस्त होगा। ऐसी स्थिति को टालने के लिए ही प्रधानमंत्री नागरिकों को जागरूक करना चाहते हैं। आज मोटापे की वजह से न केवल युवा, बल्कि सभी उम्र के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं, तो इसके मूल कारणों को समझने और सजग होने की जरूरत है। हम अपनी कुछ आदतें बदल लें, तो खुद को मोटापे से बचा सकते हैं। दरअसल, तैलीय, डिब्बाबंद भोजन तथा शारीरिक गतिविधियां कम होने से देश में मोटापे की समस्या पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से बढ़ी है। जाहिर है कि अब यह समस्या व्यक्तिगत नहीं रह गई है। भविष्य में मोटापे के शिकार होने वालों की इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए समाज और पूरे देश के लिए विचारणीय सवाल है कि हम इस समस्या से कैसे बाहर निकलेंगे?

### आज का कार्टून




## हिज्ब उत-तहरीर पर कार्रवाई: भारत के लिए क्या है संदेश?

> हिज्ब उत-तहरीर एक अंतरराष्ट्रीय पैन-इस्लामिस्ट और इस्लामिक कट्टरपंथी राजनीतिक संगठन है. इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को एकजुट करने और वैश्विक स्तर पर शरिया लागू करने के लिए इस्लामी खिलाफत की फिर से स्थापना करना है. इसकी स्थापना 1953 में जॉर्डन के नियंत्रण वाले यरुशलम में एक राजनीतिक संगठन के रूप में हाइफा के एक फिलिस्तीनी इस्लामी विद्वान तकी अल-दीन अल-नभानी द्वारा की गई थी. उन्होंने मिस्र में शिक्षा प्राप्त की. उन्होंने अनिवार्य फिलिस्तीन कहे जाने वाले क्षेत्र में धार्मिक न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में भी काम किया. अल-नभानी ने खिलाफत की स्थापना के लिए एक कार्यक्रम और एक मसौदा संविधान तैयार किया. संगठन विश्व इतिहास को इस्लाम और गैर-विश्वासियों के बीच एक शाश्वत संघर्ष के रूप में देखता है. संगठन आधुनिक लोकतांत्रिक प्रणाली को इस्लाम पर एक ऐतिहासिक हमले के तौर पर देखता है.

**अरुणिम भुयान**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस सप्ताह प्रतिबंधित इस्लामी संगठन हिज्ब उत-तहरीर पर कार्रवाई शुरू की. हिज्ब उत-तहरीर इस क्षेत्र में कट्टरपंथी उग्रवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश है. यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब दक्षिण एशिया अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क से बढ़ते खतरों का सामना कर रहा है. बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अधिकारियों ने शुक्रवार से अब तक कम से कम 36 हिज्ब उत-तहरीर सदस्यों को गिरफ्तार किया है. बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के कार्यालय का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में समूह के प्रमुखों में से एक सैफुल इस्लाम भी शामिल है.

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने शुक्रवार को ढाका की बैतुल मुकर्रम मस्जिद के बाहर एक अनधिकृत सभा में भाग लेने वाले संगठन के सदस्यों को पकड़ने के लिए देशव्यापी कार्रवाई शुरू की. रिपोर्ट में पुलिस महानिरीक्षक बहारुल आलम के हवाले से कहा गया है कि हम रैली के वीडियो फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं. हमने हिज्ब उत-तहरीर के कई सदस्यों की पहचान की है. उन्हें प्रतिबंधित संगठन द्वारा आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गिरफ्तार किया जाएगा. यह कार्रवाई दक्षिण एशिया में बढ़ते कट्टरपंथी प्रयासों पर चिंताओं के बीच की गई है, जहां ॥ह्रुञ्ज जैसे समूह लंबे समय से अपने खिलाफत एजेंडे के लिए शिक्षित युवाओं की भर्ती करने की कोशिश कर रहे हैं.

भारत के लिए, इस कार्रवाई के सीधे सुरक्षा निहितार्थ हैं. खासकर पश्चिम बंगाल और असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में, जहां चरमपंथी तत्वों ने पहले भी पैर जमाने की कोशिश की है. भारत के लिए यह कार्रवाई इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रही है जब नई दिल्ली और ढाका के बीच द्विपक्षीय संबंध नाजुक स्थिति में हैं.

हम जानते हैं कि पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को छात्र आंदोलन के कारण सत्ता से बेदखल कर दिया गया था. पिछले साल 5 अगस्त को हसीना के बांग्लादेश छोड़ने और भारत में शरण लेने के बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस के नेतृत्व में मुख्य सलाहकार के रूप में एक अंतरिम सरकार स्थापित की गई थी.

हालांकि, हसीना को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में चरमपंथी इस्लामी तत्वों का उदय भी हुआ जिससे धार्मिक अल्पसंख्यकों विशेष रूप से हिंदुओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा हुई. भारत लगातार इन घटनाक्रमों पर अपनी चिंता व्यक्त करता रहा है.

शुक्रवार को यहां अपने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित है. उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से यह और भी बदतर हो गई है.

हालांकि, हाल के दिनों में ढाका की ओर से भारत के साथ अच्छे संबंध बनाये रखने के स्वर सुनायी देने लगे हैं. उदाहरण के लिए, यूनुस ने एक ब्रिटिश समाचार आउटलेट को दिए साक्षात्कार में कहा कि भारत के साथ अच्छे संबंधों के अलावा कोई विकल्प नहीं है. दोनों पक्षों ने बांग्लादेश में भारत द्वारा वित्तपोषित कुछ विकास परियोजनाओं को फिर से शुरू करने पर बातचीत भी फिर से शुरू कर दी है. एक व्यापक धारणा है कि हसीना के खिलाफ विद्रोह शुरू करने वाले कई छात्र नेताओं को हिज्ब उत-तहरीर द्वारा संचालित मदरसों में प्रशिक्षित किया गया था.



हिज्ब उत-तहरीर एक अंतरराष्ट्रीय पैन-इस्लामिस्ट और इस्लामिक कट्टरपंथी राजनीतिक संगठन है. इसका उद्देश्य मुस्लिम समुदाय को एकजुट करने और वैश्विक स्तर पर शरिया लागू करने के लिए इस्लामी खिलाफत की फिर से स्थापना करना है. इसकी स्थापना 1953 में जॉर्डन के नियंत्रण वाले यरुशलम में एक राजनीतिक संगठन के रूप में हाइफा के एक फिलिस्तीनी इस्लामी विद्वान तकी अल-दीन अल-नभानी द्वारा की गई थी. उन्होंने मिस्र में शिक्षा प्राप्त की. उन्होंने अनिवार्य फिलिस्तीन कहे जाने वाले क्षेत्र में धार्मिक न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में भी काम किया.

अल-नभानी ने खिलाफत की स्थापना के लिए एक कार्यक्रम और एक मसौदा संविधान तैयार किया. संगठन विश्व इतिहास को इस्लाम और गैर-विश्वासियों के बीच एक शाश्वत संघर्ष के रूप में देखता है. संगठन आधुनिक लोकतांत्रिक प्रणाली को इस्लाम पर एक ऐतिहासिक हमले के तौर पर देखता है. समूह जिहाद को अपने दृष्टिकोण का एक अनिवार्य पहलू मानता है. उसके लिए यह एक अनिवार्य कर्तव्य है. जिसका उद्देश्य इस्लामी शासन की स्थापना तक लड़ाई को जारी रखना है. यह संगठन जिहाद के हिंसक और आध्यात्मिक आयामों के बीच कोई अंतर नहीं करता. हिज्ब उत-तहरीर साल 2000 से बांग्लादेश में काम कर रहा है.

हालांकि, अक्टूबर 2009 में, बांग्लादेश की तत्कालीन सरकार ने इस संगठन को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत इसपर प्रतिबंध लगा दिया था. यह प्रतिबंध मुख्यत: संगठन के लोकतंत्र विरोधी रुख तथा खिलाफत स्थापित करने के उसके उद्देश्य के कारण लगाया गया था. जिसे तब सरकार ने बांग्लादेश के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों के विपरीत था.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रतिबंध के बावजूद, प्रशासन, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, उच्च शिक्षण संस्थानों, मस्जिदों और मदरसों में इस संगठन के सदस्य सक्रिय रहे. वेबसाइट और अन्य प्लेटफॉर्म और फेसबुक जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म सहित गुप्त रूप से वास्तविक रूप से भी सक्रिय रहे. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद, हिज्ब उत-तहरीर ने सार्वजनिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया था.

एक भारतीय विशेषज्ञ जो बांग्लादेश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के जानकार हैं उन्होंने कहा कि साल 2024 में हसीना के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व करने वाले अधिकांश छात्रों को हिज्ब उत-तहरीर द्वारा संचालित मदरसों में प्रशिक्षित किया गया था. इस बात के पर्याप्त सामाजिक और दास्तावेजी सबूत मौजूद हैं कि पिछले साल स्थापित की गई अंतरिम सरकार हिज्ब उत-तहरीर जैसी इस्लामी ताकतों के प्रति सहानुभूति रखती थी. विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि साल 2024 में किसी ने भी यह उम्मीद नहीं की थी कि अमेरिका में चुनाव के बाद वहां राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी करेंगे. इसके साथ ही ट्रंप द्वारा राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में नियुक्त तुलसी गबार्ड बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के मामले में बहुत मुखर रही हैं.

विशेषज्ञ ने कहा कि इस तरह, हिज्ब उत-तहरीर पर कार्रवाई अप्रत्याशित नहीं है. विशेषज्ञ ने दावा किया कि यूनुस अमेरिका में उन ताकतों के समर्थन से सत्ता में आए थे जो ट्रंप के विरोधी थे. अब, यूनुस को एहसास हो गया है कि अब उनके पास उन ताकतों का समर्थन नहीं है. साथ ही, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश को जनवरी 2026 में विकासशील देश का दर्जा दिया जाना है.

साथ ही, भारत का पूर्वी पड़ोसी भी 2031 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य बना रहा है. विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के सहयोग के बिना बांग्लादेश के लिए इन लक्ष्यों को पूरा करना मुश्किल होगा. विशेषज्ञ ने हुत पर कार्रवाई के मद्देनजर कहा कि इस तरह, बांग्लादेश सरकार को सामान्य रूप से दुनिया और विशेष रूप से भारत के सामने एक धर्मनिरपेक्ष छवि दिखाने की जरूरत है.

## सोशल मीडिया पर 'सुर्खियों में' होना ही बन चुकी है सफलता

> समय बदलता है, और उसके साथ बदलती हैं कुछ चीजों की परिभाषाएं। मगर कुछ परिभाषाएं इतनी गहराई से हमारी चेतना में जड़ें जमा चुकी होती हैं कि वे समय के साथ अपना रूप तो बदल लेती हैं, पर उनका मूल भाव वही रहता है। सफलता भी ऐसी ही एक परिभाषा है। मनुष्य की चेतना में 'सफलता' की परिभाषा सदा से एक प्रश्न रही है। यह परिभाषा केवल समय की गति से नहीं, बल्कि सामाजिक संरचनाओं, दार्शनिक प्रवृत्तियों और राजनीतिक व्यवस्थाओं के उत्थान-पतन से भी प्रभावित होती रही है। कभी इसे विद्या और तपस्या से जोड़ा गया, कभी परोपकार और समाजसेवा से, तो कभी संघर्ष और आत्मनिर्भरता से। पर आज सफलता का एक नया पैमाना हमारे सामने खड़ा है- धन और प्रसिद्धि।

**जय प्रकाश पांडेय**

आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, वहां 'सफलता' की एकमात्र स्वीकृत परिभाषा यही मानी जाती है कि कौन कितना पैसा कमा रहा है, कौन कितना चर्चित है और कौन कितने 'समर्थक' बटोर रहा है। क्या यह बदलाव स्वाभाविक है? क्या इसे सामाजिक प्रगति की संज्ञा दी जा सकती है? सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या यह नया पैमाना हमें संतोष, सुख और सार्थकता की ओर ले जा रहा है या फिर महज एक अंतहीन दौड़ में धकेल रहा है? यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। किसी भी सभ्यता की विकास यात्रा में मूल्य-परिवर्तन अनिवार्य होते हैं, पर यह मूल्य-परिवर्तन किसी दार्शनिक आत्मसंघर्ष से निकले हों, यह जरूरी नहीं। कई बार वे केवल बाहरी प्रभावों, वैश्विक प्रवृत्तियों और बाजार की शक्तियों द्वारा भी गढ़े जाते हैं। सवाल यह नहीं कि सफलता का पैमाना बदल रहा है, बल्कि यह है कि यह बदलाव हमें कहां ले जा रहा है?

दरअसल, सफलता की परिभाषा को तात्कालिक मानकों से नहीं, बल्कि उसके असर से देखा जाना चाहिए। सफलता अगर केवल भौतिक उपलब्धियों पर निर्भर हो, तो वह आखिर मनुष्य को पीस डालती है। मगर आज का समाज इस 'पीसे जाने' या 'पिसने'



को ही सफलता का पर्याय बना चुका है। उपभोक्तावाद और स्पर्धा ने सफलता की अवधारणा को 'ब्रांड' से जोड़ दिया है। पूंजीवाद और उपभोक्तावाद ने सफलता की व्याख्या को बाजार की भाषा में ढाल दिया है। अगर किसी के पास महंगी गाड़ी, नामी कंपनी के कपड़े और आलीशान मकान है, तो समाज उसे 'सफल' मान लेगा। सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित होना भी सफलता की नई परिभाषा बन चुका है। मगर यह परिभाषा अधूरी है। उपभोक्तावाद और स्पर्धा ने सफलता की अवधारणा को 'ब्रांड' से जोड़ दिया है। अब किसी व्यक्ति की सफलता इस आधार पर तय की जाती है कि वह कितना 'विक्रेय' है।

सवाल है कि क्या केवल पैसा और प्रसिद्धि स्थायी संतोष और सार्थकता ला सकती है? अगर ऐसा होता, तो आज की पीढ़ी इतनी असंतुष्ट क्यों रहती? क्यों सबसे 'सफल' दिखने वाले लोग भी अवसाद से जूझ रहे हैं? क्यों जिनके पास सब कुछ है, वे भी खुद को अधूरा महसूस करते हैं? यहां बुद्ध की स्मृति आवश्यक हो जाती है। सिद्धार्थ के पास राजसी वैभव था, पर क्या वे 'सफल' थे? नहीं। उनका 'सफलता-बोध' तब जागा, जब उन्होंने पाया कि धन और यश न तो जीवन की नश्वरता को समाप्त कर सकते हैं, न ही मनुष्य के भीतर स्थायी संतोष की स्थापना कर सकते हैं। यह प्रश्न केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। अगर सफलता को केवल आर्थिक और सामाजिक स्वीकृति से जोड़ दिया जाए, तो यह स्पर्धा को इतना तीव्र बना देती है कि मनुष्य भीतर से खोखला हो जाता है। यह प्रक्रिया केवल व्यक्ति को ही नहीं, समाज को भी नुकसान पहुंचाती है।

समाज के इस बदलाव ने हमारी चेतना को भी प्रभावित किया है। पहले लोग ज्ञान, सेवा और मूल्यों को सफलता का आधार मानते थे। आज सफलता का मतलब 'प्रतिस्पर्धा में आगे निकलना' हो गया है- चाहे यह दौड़ कैसी भी हो। एक समय था जब 'विद्या ददाति विनयम्' कहकर ज्ञान को सफलता की कुंजी माना जाता था, और आज सोशल मीडिया पर 'सुर्खियों में' होना ही सफलता बन चुका है। इस नए पैमाने के कारण दो चीजें हो रही हैं- पहली, लोग अपने मूल्यों से समझौता करने को तैयार हो गए हैं, क्योंकि उन्हें सिर्फ विजेता बनना है। दूसरी, सफलता का यह नया प्रारूप अस्थिर और असंतोषजनक है, क्योंकि इसमें बाहरी मान्यता पर ही पूरा दारोमदार है।

दरअसल, धन और प्रसिद्धि साधन हैं, सफलता का अंतिम लक्ष्य नहीं। समस्या तब होती है, जब इन्हें ही सफलता का एकमात्र पैमाना मान लिया जाता है। डाक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, कलाकार- इनकी सफलता का मापदंड क्या वही हो सकता है जो एक कारोबारी या फिल्म अभिनेता का होता है? एक महान शिक्षक या वैज्ञानिक प्रसिद्ध न भी हो, फिर भी उसका योगदान अनमोल होता है। सवाल यह नहीं कि हम समाज की परिभाषा के अनुसार सफल हैं या नहीं, बल्कि यह कि हम खुद को सफल मानते हैं या नहीं। अगर सफलता हमें भीतर से संतोष और समाज के लिए उपयोगी बनने की प्रेरणा नहीं देती, तो वह अधूरी है। आज जब सफलता का मतलब केवल पैसा और प्रसिद्धि रह गया है, तो हमें यह सोचने की जरूरत है कि क्या हम सही दिशा में हैं। यह दौर हमें आकर्षक सपने बेचता है, लेकिन उनके पीछे की सच्चाई अक्सर खो जाती है।

सफलता का पैमाना केवल बाहरी उपलब्धियां नहीं हो सकतीं। सच्ची सफलता वह है जो व्यक्ति को भीतर से संतुष्ट करे और समाज में भी कोई सार्थक योगदान दे। पैसा और प्रसिद्धि आ सकते हैं, जा सकते हैं- मगर एक सार्थक जीवन हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। अगली बार अगर कोई पूछे कि 'सफलता क्या है' तो जवाब यह हो सकता है- 'जो केवल मुझे नहीं, बल्कि औरों को भी कुछ दे सके, वही सफलता है।'

# अवैध खनन-परिवहन पर अभियान चलाकर करें प्रभावी कार्रवाई : डीसी



**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री मनोज स्वर्गियारी ने संयुक्त रूप से जिला खनन टास्क फोर्स समिति (डीएमटीएफ) की बैठक की। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह, एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार जानकारी ली। जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) ने क्रमवार अनुपालन की जानकारी दी। इस क्रम में पिछली बैठक से अब तक जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया। कहा कि बालू, पत्थर, कोयला खनिज के कुल ८५ वाहनों को जप्त, १० के विरुद्ध प्राथमिकी एवं कुल ०.२५ लाख जुर्माना वसूली किया गया है।

इस पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारियों को निगरानी करते हुए प्रखंड/अंचल स्तर पर अभियान चलाकर अवैध खनन - परिवाहन पर प्रभावी अंकुश लगाने को कहा। इसमें किसी भी तरह की कोई सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध बालू खनन - पत्थर खनन पर अंकुश लगाने को लेकर ठोस कदम उठाने, रैट माइनिंग वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उसे बंद करने की कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने पत्थर खनन क्षेत्र/ क्रशर मिलों का भी औचक निरीक्षण करते हुए लीज क्षेत्र की मापी व अन्य नियमों का जांच करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में यह समीक्षा होगी कि अंचल स्तरीय एवं अनुमंडल स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा कितनी छापेमारी/कार्रवाई की गई। इसकी विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इस दौरान *जिला खनन पदाधिकारी* ने जिले में वैध बालू घाटों की जानकारी सभी बीडीओ/सीओ को दी।

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने टास्क फोर्स के सदस्यों को सरकार के स्तर से दिए गए निर्देशों और जिले के खनन क्षेत्रों, बालू घाट, क्रशर आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में बेरमो डीएसपी श्री वी एन सिंह, सीटी डीएसपी श्री आलोक रंजन, चास एसडीपीओ श्री प्रवीण कुमार सिंह, बेरमो एसडीपीओ श्री वी एन सिंह, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## चयनित लाभुकों को किया गया अनुमोदित

**डुमरी (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) का बैठक किया। मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी समेत समिति के सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी से योजना के तहत लाभुकों के प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इस क्रम में समिति सदस्यों की सर्व सहमति से उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत लक्ष्य के शेष लाभुकों बायोफ्लोक टैंक के लिए ०२, बायोफ्लोक तालाब निर्माण को लेकर ०१, मोटर साइकिल के साथ आइस बाक्स को ले ०२, तीन पहिया वाहन के लिए २२, साइकिल आइस बाक्स के लिए १२ लाभुकों ,रेफरिजरेटर विह्टिकल के ०१ लाभुक की सूची अनुमोदित किया।

## छः कर्मचारियों को मिला मैन ऑफ़ द मंथ का अवार्ड



**चित्तरंजन (ससे):** छः कर्मचारियों को उनकी असाधारण कार्यकुशलता, समर्पण एवं योगदान के लिए फरवरी माह २०२५ के मैन ऑफ़ द मंथ का अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार आज, ११ मार्च २०२५ को श्री विजय कुमार ,महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने सभी को बधाई दी एवं उनके निरंतर उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

श्री अमिताव रॉय ने उड्य से कमीशन किए गए लोकोमोटिव्स के समय पर डिस्पैच का सफल प्रबंधन किया। उन्होंने समन्वय स्थापित कर लोकोमोटिव के ट्रायल रन की व्यवस्था की, संभावित पहचान कर उन्हें शीघ्रता से सुधारने में मदद की, और निर्धारित समय में -िरपीश्र से लोको पायलट के माध्यम से डिस्पैच सुनिश्चित किया।

अभिजीत कुमार ने महत्वपूर्ण परियोजना के लिए निविदाएं तैयार कर उन्हें अपलोड किया। इसमें २ सेट (निरंतर विद्युत आपूर्ति हेतु), के.जी. अस्पताल में केबल बिछाने का कार्य, और नेटवर्क के भूमिगत करने का कार्य शामिल है। उन्होंने मुख्य सबस्टेशन की क्षमता बढ़ाने के लिए १०- ट्रांसफार्मर और सिद्धबाड़ी पंपिंग स्टेशन के लिए वर्टिकल टरबाइन पंप के टेक्निकल भी तैयार किए।

श्री सुमित कुमार ने शेल फैब्रिकेशन में उत्कृष्ट समर्पण दिखाया और पुश-पुल एयरोडायनामिक लोकोमोटिव्स के तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित किया। उन्होंने निरीक्षण प्रमाण पत्र के डिजिटलाइजेशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को उच्च स्तर पर बनाए रखा गया।

प्रताप सिंह ने क्रेन संचालन में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया, जिससे स्टेटर के बिना किसी क्षति के सुचारू रूप से हैंडलिंग सुनिश्चित हुई। उनकी कुशल कार्यशैली के कारण वाइंडिंग से कनेक्शन तक स्टेटर के सुचारू स्थानांतरण संभव हुआ।

श्री मुकेश कुमार ने पहल कर उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार किया। वह बोगी असेंबली कार्य में अत्यधिक दक्ष हैं और उन्होंने विभिन्न असेंबली प्रक्रियाओं को सरल बनाकर समय की बचत की। सालग राम ने लोको शेल और उसके लेोपिशर्पी को समय पर और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए स्थानांतरित करने का कार्य बखूबी किया। पिछले वित्तीय वर्ष में उनके प्रदर्शन को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। वे सहकर्मियों और अधिकारियों के साथ प्रभावी संवाद एवं बेहतर तालमेल बनाए रखते हैं।

## रघुवर नगर में होली मिलन समारोह



**धनबाद (कासं) :** धनबाद स्थित रघुवर नगर वार्ड नंबर २३ में होली मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। समारोह का शुभारंभ राम जानकी का अबीर व पकवान चढ़ा कर इसकी शुरूआत की गई। भारतीय संस्कृतियों के पारंपरिक संगीत के साथ लोगों ने होली का खूब आनंद लिया।

महिलाओं की काफी भागीदारी रही। मौके पर उपस्थिति लोगों ने कहा जहां होली को लेकर लोग अश्लीलता के साथ संगीत को सुनना पसंद करते है। वहीं कुछ हद तक रघुवर नगर वासियों का यह प्रयास रहा भक्ति होली के साथ जमकर आनंद उठाया। होली मिलन समारोह के मौके पर शेलेंद्र राय, जेपी वर्मा, अवधेश सिंह, अवधेश सिन्हा, रंजीत सिंह, विनय सिंह, विनय राय, गौतम अचार्या, आशीष कुमार, अरविंद मिश्रा, बीआर सिंह, डी पाठक, आर पासवान, चंदन सिंह, विनोद सिंह, शैलेस सिंह, पूजा सिंह, जयंती वैध्या, सरिता सिन्हा, सोनी सिंह, रंजू कुमारी आदि मौजूद थी।

## भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का किया जाएगा पालन



**बोकारो (ससे):** भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से ३० अप्रैल, २०२५ तक इआरओ, डीइओ या सीइओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं।

आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने आगामी दिनांक २०.०३.२०२५ (गुरूवार) को अप० ०४:०० बजे समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आहूत की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और ३१ मार्च, २०२५ तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है।

राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए २८ हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम १९५० और १९५१; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, १९६०; चुनाव संचालन नियम, १९६१; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## निमियाघाट पुलिस ने दो को भेजा जेल

**डुमरी (ससे):**निमियाघाट पुलिस ने समकालीन अभियान के दौरान मंगलवार को ०२ वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।केस संख्या ९७/२०१८ के आरोपी रमेश किस्कु (पिता महादेव किस्कु) व छक्कन किस्कु (पिता भगवान किस्कु) चेचरिय निवासी शामिल हैं।निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि दोनों पर हत्या कांड में सम्मिलित होने का आरोप है। और फरार चल रहा था।

## राजभवन घेराव में सिंदरी के दर्जनों युवक हुए शामिल




**गोविंदपुर (ससे) :** आईसा के बैनर तले रांची राजभवन घेराव कार्यक्रम में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों युवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो थे।

आईसा के जयजीत मुखर्जी व सोनू शर्मा ने बताया कि राज्यपाल को दिए ज्ञापन में धनबाद के हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण, पीके रॉय कॉलेज में पीजी की पढ़ाई, स्थानीयता और नियोजन नीति आदि शामिल है।

## बेनीलाल महतो ने की जेपी वालिया पर हुए जानलेवा हमले की निंदा

**धनबाद (कासं) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के महानगर अध्यक्ष जेपी वालिया पर अंचल कार्यालय के बाहर हुए जान लेवा हमले का झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, उपाध्यक्ष खेदन महतो, जिला अध्यक्ष मनीलाल महतो, देवी लाल किस्कु ने घोर निंदा की। बेनीलाल महतो ने कहा आंदोलन व बलिदानी का परिणाम झारखंड राज्य है और वालिया एक झारखंड आंदोलनकारी है। अबुआ राज्य का असली चेहरा सामने है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, पदाधिकारियों में लूट-खसोट की होड़ लगी है। बिचौलिया हावी है। कारण अपनी कुर्सी बचाने के लिये सरकार में बैठे आकाओं को मोटा चढ़ावा जो देना पड़ता है। विडम्बना है कि सरकार के मुखिया के पिता हमेशा अंचल और प्रखंडों के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते रहे और पुत्र इनके आका बने हुए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान ने उलगुलान की घोषणा कर दी है। अगर प्रशासन १० दिनों के अंदर इन बिचौलिया पर कार्रवाई नहीं करती है तो पार्टी आंदोलन करेगी।

## पलाश हर्बल गुलाल स्टॉल का उद्घाटन

**डुमरी (ससे):**अनुमंडल मुख्य द्वार के सामने मंगलवार को पलाश आजीविका सखी मंडल की दीदिओं के द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का स्टॉल लगाया गया।स्टॉल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उषा देवी जेसएलपीएस के बीपीएम अरुण महतो द्वारा फीता काटकर किया गया प्रखंड प्रमुख ने दीदिओं से गुलाल के निर्माण और गुणवत्ता की जानकारी ली और दीदियों के प्रयास की सराहना की।उन्होंने पलाश के स्टॉल से हर्बल गुलाल की खरीदारी की और डुमरी वासियों से अपील की कि सभी लोग होली में हर्बल गुलाल का ही प्रयोग करें एवं पलाश दीदियों के स्टॉल से गुलाल जरूर खरीदें ताकि ग्रामीण महिलाओं को उनके समय और श्रम का उचित दाम उनको मिल सके।मौके पर बीपीओ सुभाष चंद्र बोस सीआरपी-ईपी सुरेश कुमार महतो, रिंकी देवी, सुनीता देवी, बबिता देवी, चमेली देवी, शिखा सिंह समेत समूह की दीदियाँ उपस्थित थी।

## अभियुक्तों के घर लगा इश्तेहार



**जोड़ापोखर (ससे) :** तिसरा थाना अलकडीहा ओपी क्षेत्र के अभियुक्त रवि तुरी एवं पूजा देवी, पति रवि तुरी थाना जोड़ापोखर, जो वर्तमान में फरार चल रहे है।

उक्त दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध न्यायालय धनबाद के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है। निर्गत इश्तेहार को अलकडीहा ओपी पदाधिकारी के द्वारा उक्त दोनों अभियुक्तों के मुख दरवाजे पर विधिवत रूप से इस्तेहार चिपकाया गया है। जिसमें उक्त दोनों अभियुक्तों को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धनबाद के कोर्ट में न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया।

## बीएसएल कर्मियों को दीर्घकालीन सेवा सम्मान



**बोकारो (ससे):** बोकारो स्टील प्लांट में २५ सालों की सेवा दे चुके ११४ इस्पातकर्मियों को ११ मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया. मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक -प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण, अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया. निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आहवान किया. अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह के दौरान ६ अधिशासी व १०८ अनधिशासियों को दीर्घ कालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए. कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक (कार्मिकं) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया. कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## लैंड फॉर जॉब स्कैम में तेजप्रताप व हेमा को जमानत

**पटना,(ईएमएस):** बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब घोटाले में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें तेज प्रताप यादव और हेमा यादव सहित सभी आरोपियों को जमानत मिल गई। कोर्ट ने ५० हजार के निजी मुचलके और एक सिक्योरिटी पर बेल दी।

## नाई समाज का होली मिलन में बरसी खुशियां



**भूली (ससे) :** नाई समाज की ओर से श्री श्री बाबा धर्मदास मंदिर प्रांगण में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान बाबा धर्मदास की पूजा-अर्चना कर सादगीपूर्ण होली का त्योहार मनाने की अपील समाज के लोगों से की गई।

मौके पर मौजूद जिला अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर, सरजू ठाकुर, इंद्रदेव शर्मा, महादेव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, गंगा प्रसाद शर्मा संजय ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, सुरेश ठाकुर, त्रिवेणी ठाकुर, राजेश ठाकुर, विजय ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, रामदेव ठाकुर, अजय ठाकुर, रामबली ठाकुर, मुकेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा का आयोजन



**डुमरी (ससे):** प्रखंड स्तरीय सरहुल पुजा बहा बोगं जहर आयो मारंग बुरू का पूजा का आयोजन करिहारी पहाड़ी के तलहटी में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार महतो राजू उपस्थित हुए। इस दौरान सखुआ महूआ फुल से प्रकृति पूजा किया गया इसके बाद नायके बाबा ने उपस्थित आदिवासी समाज के लोगो को महुआ का फुल देकर सम्मानित किया।

इस दौरान महिलाओ ओर युवतियां ने मांदर के थाप पर आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपने नृत्य संगीत मंडली प्रकृति को याद करते हुए सरहुल पूजा को हर्षोल्लास के साथ मनाया।मुख्य अतिथि ने कहा कि सरहुल प्रकृति को संरक्षित करने का पूजा है।यह हमें प्रकृति प्रेमी बनने की सीख देता है। इस दौरान

सरहुल पुजा समिति के अध्यक्ष मोहन सोरेन सचिव पुरन हांसदा संयुक्त सचिव बजल हेंब्रम कोषाध्यक्ष हिलाल टुडू बसंती टुडू,शुकरलाल बास्के जागेश्वर किस्कु, इतवारी हेंब्रम,इश्वर हेंब्रम पतीलाला मुर्मू रमेश मराणडी साहेब राम मुर्मू पुजारी बिरजु मुर्मू,अनील सोरेन सुगन बेसरा बाबु राम सोरेन सुरेश किस्कु दिलिप टुडू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो मुखिया जगदीश महतो,मृत्युंजय जायसवाल,रीतलाल मंडल आदि उपस्थित थे।

## महिलाओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**जहानाबाद (एजेंसी):** होली में अब बस कुछ ही दिन रह गए हैं. ऐसे में होली के दिन जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, पूरा माहौल होली की मस्ती से सराबोर होने लगा है. लोगों पर होली का खुमार चढ़ने लगा है. हर तरफ होली गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है. इसी कड़ी में जहानाबाद के पुरानी नगर परिषद भवन में प्रथम भूमिहार महिला समाज की महिलाओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां महिलाओं ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशियां आपस में साझा किया, एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया.

## सतीश कुमार ने भारतीय रेलवे के संरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की

**हाजीपुर (ससे):** आज दिनांक ११.०३.२०२५ को श्री सतीश कुमार, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय रेलवे के संरक्षा पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस समीक्षा बैठक में रेल बोर्ड के सदस्यगण, क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य विभागाध्यक्ष तथा सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक एवं अधिकारीगण वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे ।

बैठक में रेलवे से जुड़े विभिन्न संरक्षा पहलुओं पर गहन चर्चा की गयी।

बैठक में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड ने स्वचालित सिग्नलिंग, लाईन कर्मचारियों की कार्य अवधि, यार्ड रिमॉडलिंग एवं यार्ड बुनियादी ढांचे, डिजास्टर प्रबंधन टीम में संरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया । उन्होंने नियमित रूप से संरक्षा ड्राईव चलाने का भी निर्देश दिया । बैठक में भारतीय रेल पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों पर भी चर्चा की गयी ।

इस समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे । इसके साथ ही पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक अपने अपने मंडलों में अधिकारियों के साथ इस समीक्षा बैठक में उपस्थित थे ।

# पीएम मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को दिया खास उपहार



**पटना (एजेंसी):** बिहार का मशहूर सुपरफूड मखाना अब केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल को उपहार स्वरूप बिहार का यह खास उत्पाद भेंट किया.

यह मखाना अपने उच्च पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ और प्राकृतिक स्वाद के लिए जाना जाता है. बिहार से निकलकर यह सुपरफूड अब दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहा है.

प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति को महाकुंभ का पवित्र गंगा जल, बिहार का सुपरफूड मखाना और उनकी पत्नी को बनारसी साड़ी भेंट की. यह उपहार भारतीय संस्कृति, परंपरा और विरासत के प्रतीक हैं. बनारसी साड़ी अपनी उत्कृष्ट कारीगरी और पारंपरिक डिजाइनों के लिए जानी जाती है, जबकि बिहार का मखाना अपने स्वास्थ्यवर्धक गुणों के कारण दुनियाभर में प्रसिद्ध हो रहा है.

मखाना बिहार का एक महत्वपूर्ण उत्पाद है, जिसे सुपरफूड माना जाता है. इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट और कई अन्य पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. यह हृदय स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद माना जाता है. बिहार मखाने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है और इसे वैश्विक बाजारों में भी निर्यात किया जाता है. पीएम मोदी द्वारा इसे मॉरीशस के राष्ट्रपति को भेंट करना इस सुपरफूड की बढ़ती महत्ता को दर्शाता है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उन्होंने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया. उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत एक पौधा भी लगाया और मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्रियों सर शिवसागर रामगुलाम व सर अनिरुद्ध जगन्नाथ की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस यात्रा के दौरान भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक मजबूती मिली.

## बीजेपी नेता को घोंप दिया गया जहरीला इंजेक्शन

**संभल,(ईएमएस):** यूपी का संभल जिला पिछले कुछ महीनों से चर्चा में बना हुआ है। कभी हिंसा तो कभी मंदिर-मस्जिद विवाद की वजह से। बीते दिन यहां एक वरिष्ठ बीजेपी नेता की हत्या हो गई। हत्या जिस तरीके से की गई उसने पुलिस को हैरानी में डाल दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि रंजिश के चलते यह हत्या की गई है।

बता दें कि घटना संभल के दबथरा गांव की है, जहां दिन-दहाड़े बीजेपी नेता गुलफाम सिंह यादव की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। ७० साल के गुलफाम अपने घर के पास बैठे थे। तभी बाइक सवार तीन युवक उनके पास आए और उनसे बातचीत करने लगे।

इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, हमलावरों ने उन्हें जहर का इंजेक्शन लगा दिया और फरार हो गए, जिसके बाद परिजन गुलफाम को अस्पताल लेकर गए, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

# 15 अगस्त से पहले शुरू हो जाएगी पटना मेट्रो : सीएम नीतीश



**पटना (एजेंसी):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क के सामने पटना स्टेशन के पास थर्ड टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ भी किया. इसके बाद टीबीएम भूमिगत मेट्रो लाइन को कटिंग करते हुए बाहर निकली, जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने पटना मेट्रो एलाइनमेंट कॉरिडोर एक और दो के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाइल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाइन (कुल ६.०१ किमी) का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है. इस लाइन को इस साल १५ अगस्त तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है. भूमिगत मेट्रो लाइन के निर्माण के लिए २१ नवंबर २०२३ को गांधी मैदान स्टेशन से टीबीएम द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया था, जो अब आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुका है.

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री पटना रेलवे जंक्शन के पास भी पहुंचे और कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने कहा, पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है. इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं. निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है. पटना मेट्रो रेल परियोजना को समय से पूर्ण करें, ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो.

# रंग से बचाने मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें : मंत्री रघुराज





**लखनऊ (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री रघुराज सिंह के हालिया बयान ने गर्मी से पहले सियासी पारा चढ़ा दिया है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पुरुषों को सलाह देकर कहा कि यदि वे होली के रंगों से बचना चाहते हैं, तो मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें, रंग से बची रहेगी टोपी। उनका यह बयान विवाद का विषय बन गया है।

दरअसल अलीगढ़ में मंत्री सिंह ने कहा कि अगर मुस्लिम पुरुषों को होली पर रंगों से परहेज है और वे जुमे की नमाज के लिए घर से बाहर निकलना चाहते हैं, तब उनके पास दो ही विकल्प शेष हैं, तब या वे घर पर ही नमाज अदा करें या फिर महिलाओं की तरह हिजाब पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि होली के दिन मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया जाता है, जिससे वे रंगों से सुरक्षित रह सकें। ज्ञषइिसतरह मुस्लिम पुरुष भी खुद को हिजाब से ढक सकते हैं, ताकि उनके सफेद कपड़ों पर रंग न लगे। मंत्री ने कहा कि होली खेलने वालों को यह अंदाजा नहीं होता कि रंग उड़कर कहां गिरेगा। उन्होंने होली के त्यौहार में बाधा डालने वालों के लिए कड़े शब्दों में कहा कि इसतरह के लोग या प्रदेश छोड़ दें, या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें या यमराज से मिलने की तैयारी कर लें। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है।

**राजनीतिक विवाद और प्रतिक्रियाएं**

मंत्री सिंह के बयान पर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कई नेताओं ने सांप्रदायिक बयान बताकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इस तरह के बयान समाज में नफरत फैलाने का काम करते हैं और इससे धार्मिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

**मुस्लिम समुदाय में नाराजगी**

मुस्लिम संगठनों और नेताओं ने मंत्री के बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता में दखल बताकर कहा कि सरकार को इस तरह की टिप्पणी करने वाले नेताओं पर कार्रवाई करनी चाहिए।

कई मुस्लिम संगठनों ने मांग की कि होली और जुमे की नमाज को लेकर किसी भी तरह की जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए और सभी को अपने धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

# रावण का अहंकार नहीं चला तो तेजस्वी का क्या चलेगा : गिरिराज

**पटना (एजेंसी):** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला. उन्होंने तेजस्वी को अहंकारी बताते हुए कहा कि वह संघर्ष करके राजनीति में नहीं आए, बल्कि लालू यादव के बेटे होने के कारण उनकी पहचान बनी. गिरिराज सिंह ने संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा, तेजस्वी यादव अहंकार में हैं. उन्हें लगता है कि भारत में लोकतंत्र नहीं, बल्कि राजतंत्र है. लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब रावण का अहंकार नहीं चला, तो तेजस्वी और लालू यादव का अहंकार भी नहीं चलेगा.

दरअसल, यह विवाद भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर के बयान के बाद शुरू हुआ. उन्होंने होली के दिन मुसलमानों से घर से बाहर न निकलने की अपील की, जिसे लेकर विपक्षी दलों ने कड़ी आपत्ति जताई. तेजस्वी यादव ने इस बयान की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा, जब महिला विधायक सदन में जमीन से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाती हैं, तो मुख्यमंत्री तुरंत फटकार लगाते हैं. लेकिन भाजपा विधायक के इस बयान पर वे चुप क्यों हैं? क्या वे अब भी भाजपा के दबाव में हैं?

---

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।
(जिला पंचायत शाखा)

Email Id :- dpro-giridih@jharkhandmail.gov.in

### नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 : प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना।

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 555 तथा झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 11 से 17 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 के निमित्त प्रारूप मतदाता सूची तैयार की गई है।

अतः सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 144, दिनांक 11.02.2025 के आलोक में **गिरिडीह नगर निगम, बड़की सरैया नगर पंचायत एवं धनवार नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु उक्त प्रारूप मतदाता सूची आज दिनांक 10.03.2025 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय, अनुमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह, बगोदर–सरिया एवं खोरीमहुआ के कार्यालय, गिरिडीह नगर निगम, बड़की सरैया नगर पंचायत एवं धनवार नगर पंचायत के कार्यालय तथा संबंधित नगरपालिकाओं के वार्ड कार्यालय में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है। उक्त प्रारूप मतदाता सूची दिनांक 20.03.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्रकाशित रहेगी** एवं इस अवधि में प्रारूप मतदाता सूची के संदर्भ में कोई दावा/आपत्ति संबंधित नोडल पदाधिकारी के कार्यालय तथा वार्ड में कार्यालय आदेश ज्ञापांक 213/जि0पं0, दिनांक–10.03.2025 के स्तंभ 5 में निर्धारित स्थल में समर्पित किया जा सकेगा। दावा/आपत्ति केवल विहित प्रपत्र (प्रपत्र 'क' अथवा प्रपत्र 'ख') में ही एवं संबंधित मतदाता अथवा उनके परिवार के कोई सदस्य द्वारा ही समर्पित किया जा सकेगा। दावा/आपत्ति समर्पित करने हेतु संबंधित मतदाता का पहचान पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न होना अनिवार्य होगा, इसके बिना दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। एक वार्ड से दूसरे वार्ड में मतदाता का नाम स्थानांतरित करने एवं वर्तमान में प्रवृत विधानसभा की मतदाता सूची में अंकित मतदाता का नाम, पिता/पति का नाम, उम्र अथवा अन्य कोई प्रविष्टि में भिन्नता होने की स्थिति में ही दावा/आपत्ति स्वीकार किया जाएगा। नये नामों की प्रविष्टि या विलोपन के लिए कोई दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही निदेशानुसार उक्त प्रारूप मतदाता सूची (फोटो रहित) जिले के आधिकारिक वेबसाईट giridih.nic.in पर भी प्रकाशित रहेगी।

प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा/आपत्ति के निष्पादन हेतु निम्नांकित पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया जाता है :–

| क0 सं0 | नगरपालिका का नाम | वार्ड संख्या | नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं कार्यालय | सहायक नोडल पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं कार्यालय | दावा/आपत्ति निश्पादन करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | |
| 1 | गिरिडीह नगर निगम | 01 से 09 तक | श्री गणेश रजक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गिरिडीह मो0नं0 77649–01566 | 1. श्री वरुण कुमार, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी ,(सा0), गिरिडीह मो0 नं0 79923–95707 2. श्री पंकज कुमार गुप्ता, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ, गिरिडीह। मो. 93041–54191 | प्रखण्ड/अंचल कार्यालय, गिरिडीह। |
| 2 | | 10 से 18 तक | मो0 असलम, अंचल अधिकारी, गिरिडीह। मो0नं0 91231–07497 | 1. श्री कपिलदेव मेहता, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकार, गिरिडीह। मो. 8709053858 2. श्री मनोज कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक, गिरिडीह। मो0नं0 62034–93875 | |
| 3 | | 19 से 27 तक | श्री आशुतोष ठाकुर, कार्यपालक दण्डाधिकारी, डुमरी। मो. 9470105171 | 1. श्री मुकेष कुमार यादव, सहायक अभियंता, REO, गिरिडीह। मो0नं0 6206263763 2. श्री मनोज पियूस एक्का, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी सहयोग समितियाँ, गिरिडीह। मो. 99053–22067 | प्रखण्ड/अंचल कार्यालय, गिरिडीह। |
| 4 | | 28 से 36 तक | श्रीमती प्रियंका प्रियदर्शी अंचल अधिकारी, बेंगाबाद। मो. 7903948954 | 1. श्री इन्द्रदेव कुमार, सहायक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह। मो0 नं0 88739–42675 2. श्री अभिजीत सिंह, वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ, गिरिडीह। | |
| 5 | धनवार नगर पंचायत | 01 से 6 तक | श्री गुलजार अंजुम, अंचल अधिकारी, धनवार। मो0नं0 84093–56336 | 1. श्री मनोज कुमार सिंह, सहायक अभियंता, पथ निर्माण भाग–2 2 मो. समीउर रहमान, कनीय अभियंता, भवन प्रमण्डल, गिरिडीह। मो. 87506–91791 | प्रखण्ड/अंचल कार्यालय, धनवार। |
| 6 | | 07 से 11 तक | श्री देवेंद्र कुमार दास, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, धनवार। मो0नं0 79033–64486 | 1. श्री आकाश सिन्हा, कनिय पौधा संरक्षक, गिरिडीह. M.No. 8476871671 2. श्री सहदेव महतो, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, जमुआ। मो. 70040–98375 | |
| 7 | बड़की सरैया नगर पंचायत | 01 से 06 तक | श्री संतोष कुमार, अंचल अधिकारी, सरिया मो0नं0 87099–47407 | 1. श्री संजय कुमार साव, सहायक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर। मो0 नं0 85418–37347 2. श्री सुरेन्द्र कुमार यादव, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी, बिरनी। मो. 80027–97820 | प्रखण्ड/अंचल कार्यालय, सरिया। |
| 8 | | 01 से 06 तक | श्री ललित नारायण तिवारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सरिया। मो0नं0 98353–70363 | 1. श्री अजय कुमार महतो, सहायक अभियंता, कोनार नहर प्रमण्डल, बगोदर, मो. 8581063600 2. श्री रामचन्द्र दाँगी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, बगोदर। मो. नं0 70040–44790 | |

उक्त नोडल एवं सहायक नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की अवधि में प्राप्त दावा/आपत्ति का परिशिश्ट 4 के भाग क एवं भाग ख संकलित करेंगे साथ ही प्राप्त दावा/आपत्तियों का समयक जाँचोपरांत विहित प्रपत्र, परिशिष्ट 5 में आपत्तियों का निष्पादन करते हुए प्रत्येक दिन जिला पंचायत राज कार्यालय, गिरिडीह को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

तिथि :

जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गिरिडीह। | जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), गिरिडीह। | जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, गिरिडीह।

PR 348305 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

---

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा
(जिला पंचायत राज शाखा)

### आम सूचना

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग झारखण्ड, राँची का पत्रांक–144 दिनांक–11.02.2025 के द्वारा आगामी नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 के निमित्त मतदाता सूची की तैयारी से संबंधित प्राप्त निदेश के आलोक में जामताड़ा जिला अन्तर्गत जामताड़ा नगर पंचायत एवं मिहिजाम नगर परिषद् (वर्ग–ख) के वार्डवार/मतदान केन्द्रवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार की गई है। उक्त प्रारूप मतदाता सूची को आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक–10.03.2025 को जामताड़ा नगर पंचायत एवं मिहिजाम नगर परिषद् (वर्ग–ख) के कार्यालयों एवं सभी वार्ड कार्यालयों (मतदान केन्द्रों) में प्रकाशित करते हुए जिला के बेवसाईट www.jamtara.nic.in पर अपलोड किया जाता है।

जामताड़ा नगर पंचायत एवं मिहिजाम नगर परिषद् (वर्ग–ख) क्षेत्र अन्तर्गत संबंधित मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि प्रारूप मतदाता सूची में दावा/आपत्ति हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 11.03.2025 से 20.03.2025 तक अपना दावा/आपत्ति नगर पंचायत/नगर परिषद क्षेत्र हेतु प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी को दिया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, जामताड़ा

PR 348297 Jamtara(24-25).D

---

## कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट)
(गोपनीय शाखा)

### सूचना

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का आदेश ज्ञापांक–174/गो0, दिनांक–22.01.2025 के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक, बोकारो के पत्रांक–217/सा0शा0, दिनांक–22.01.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक–22 जनवरी 2025 को पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ के दौरान नक्सली मनोज टुडू (दस्ता सदस्य) सा0–धावाटांड (नियर मशनुटांड), थाना–पीरटांड, जिला–गिरिडीह एवं मृतिका शांति देवी (एरिया कमाण्डर), पे0–भीमलाल सोरेन, पति–रणविजय महतो, ग्राम–चतरो, आटाबेरा, थाना–खुखरा, जिला–गिरिडीह की मृत्यु हुई है।

पुलिस अधीक्षक, बोकारो द्वारा दण्डाधिकारी की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड का गठन कर विडियोग्राफी के साथ अन्त्यपरीक्षण, Inquest एवं Magisterial जाँच कराने का अनुरोध किया गया है।

एतत द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना, जानकारी मौखिक/लिखित रूप से अनुमण्डल कार्यालय, बेरमो (तेनुघाट) में दिनांक–30.03.2025 तक दिया जा सकता है।

सभी को सादर सूचनार्थ।

विश्वासभाजन
अनुमण्डल पदाधिकारी,
बेरमो (तेनुघाट)

PR 348401 (District)24-25*D

---

## कृषि, पशुपालन एंव सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)झारखंड सरकार
## कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद
## सामयिक सूचना अंक- 09/2025–26 पौधा सरंक्षण शाखा, धनबाद

### ::–आवश्यक सूचना–::

धनबाद जिला अंतर्गत सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है, कि फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024–25 अंतर्गत फसल में लगने वालें कीट/व्याधि के उपचार हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर सभी पौधा संरक्षण केन्द्रों में कीटनाशी/फफुंदनाशी उपलब्ध है। किसान बंधु अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित पौधा संरक्षण केन्द्रों में जाकर फसल में लगने वाले कीट/व्याधि के रोकथाम हेतु शत प्रतिशत अनुदान पर अनुसंशित कीटनाशी/फफुंदनाशी प्राप्त कर सकते हैं।

**पौधा संरक्षण केंन्द्र एवं उससे संबंधित प्रखण्ड :–**

| क्र | पौधा संरक्षण केन्द्र का नाम/पता | केन्द्र प्रभारी का नाम/मो० नं० | केन्द्रों द्वारा सम्बद्ध प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | पौधा संरक्षण केन्द्र धनबाद, पता– जिला संयुक्त कृषि भवन, स्टील गेट, धनबाद। | श्री नरेन्द्र कुमार मोबाइल नं०–9123121269 | 1. धनबाद 2. बलियापुर |
| 2. | पौधा संरक्षण केन्द्र राजगंज स्थान तोपचाँची, पता– ऐटिक सैंन्टर फूटवॉल मैदान, तोपचाँची। | श्री नरेन्द्र कुमार मोबाइल नं०–9123121269 | 1. तोपचाँची 2. बाघमारा |
| 3. | पौधा संरक्षण केन्द्र गोविन्दपुर, पता– ऐटिक सैंन्टर, गोविन्दपुर प्रखण्ड परिसर। | श्री हिरण कुमार प्रसाद मोबाइल नं०–9546546121 | 1. गोविन्दपुर 2. टुण्डी 3. पूर्वी टुण्डी |
| 4 | पौधा संरक्षण केन्द्र निरसा, पता– ऐटीक सेन्टर, निरसा प्रखण्ड परिसर। | श्री अनन्त मुर्मू मोबाइल नं०–8757932165 | 1. निरसा 2. एग्यारकुण्ड 3. कलियासोल |

**पौधा संरक्षण केन्द्रों पर उपलब्ध कीटनाशियों/फफूंदनाशियों का नाम :–**

1. कार्बेन्डाजिम 50% WP
2. मैनकोजेब 75% WP
3. हेक्साकोनाजोल 5% EC
4. मेटालैक्सिल 8% + मैनकोजेब 64%
5. कार्बेन्डाजिम 12% + मैनकोजेब 63%
6. पेंडीमेथालीन 30% EC
7. एट्राजीन 50% WP
8. क्लोरपाइरिफोस 20% EC
9. इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL
10. एजाडिरेक्टिन 1500 PPM
11. एन.पी.भी. हेलीकोवर्पाआर्मिजेरा 2.0% AS
12. ट्राइकोडर्मा हर्जियानम
13. ट्राइकोडर्मा विराइड
14. ब्यूवेरिया बसियाना 1-15% WP
15. फेरोमोन ट्रेप 04 पीस ल्यूर (दलहन फली छेदक हेतु)
16. क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5%
17. ट्राइफलोक्सीस्ट्रोबीन 25% WG + टेबुकोनाजोल 50%
18. क्विनालफॉस 25% EC

नोट :– किसान भाईयों को सूचित किया जाता है,कि कीटनाशी/फफूंदनाशी प्राप्त करने के समय अपने साथ अक्रांत फसल का फोटोग्राफ, आधार नं० , प्लॉट नं० एवं मो० नं० से संबंधित विवरणी केन्द्र में उपलब्ध पंजी में दर्ज करायेगें तथा उपचारित रकवा का विभागीय दर पर निर्धारित छिड़काव शुल्क जमा करेगें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, धनबाद

PR 348348 (Agriculture)24-25*D

---

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा
(जिला आपूर्ति शाखा)

### –ः आम–सूचना ः–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–29.01.2025 को आहुत विभागीय Video Conferencing में निदेश प्राप्त है कि सभी राशन कार्डधारियों का आधार नम्बर को संबंधित डीलर के e-Pos मशीन के माध्यम से शत–प्रतिशत UID Seed किया जाना है। आधार सीडिंग की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात् जिन कार्डधारियों का e-KYC और UID SEEDING नही किया किया जाएगा, वैसे कार्डधारियों का आवंटन भविश्य में बन्द हो जायेगी। सभी PHH/AAY एवं ग्रीन कार्डधारी अपना एवं अपने परिवार के सभी सदस्य का नजदीकी डीलर के पास जाकर e-KYC और UID SEEDING दिनांक–31.03.2025 तक अनिवार्य रुप से करायेगें।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 348320 (District)24-25*D

---

## कार्यालय, धनबाद नगर निगम, धनबाद
ज्ञापांक 112, दिनांक 10.03.2025

### –: : आम सूचना : :–

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत् बारामुड़ी आवासीय परियोजना में निम्नलिखित लाभुकों को औपबंधिक आवास आवंटित किया गया था। एकरारनामा के अनुरूप लाभुकों को कार्य के भौतिक प्रगति के अनुसार अपने किस्त का भुगतान किया जाना था, परन्तु निम्नलिखित लाभुको के द्वारा अब तक बकाया किस्त की राशि का भुगतान नहीं किया गया है :–

| क्र0 सं0 | सर्वे कोड | फाईल सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | पूर्व में जमा की गई राशि | Block No. | वर्तमान भौतिक प्रगति | कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5968603 | 39 | PINKI KUMARI | SHRI JAGDISH PASWAN | 25,000 | 8 | 82.00% | 254,250 |
| 2 | 5968550 | 41 | AMIT KUMAR SINGH | AWADHESH KUMAR SINGH | 25,000 | 5 | 75.00% | 254,250 |
| 3 | 5968563 | 66 | SANTOSH KUMAR RAY | BRAJ BIHARI RAY | 25,000 | 9 | 80.00% | 254,250 |
| 4 | 5968691 | 70 | SUNIL KUMAR | RAVINDRA NISHAD | 25,000 | 6 | 79.00% | 254,250 |
| 5 | 5968564 | 76 | PREM SHEELA DEVI | BAIDYNATH KUNWAR | 25,000 | 9 | 80.00% | 254,250 |
| 6 | 5968552 | 106 | ARUP BANERJEE | LATE KARTIK BANERJEE | 25,000 | 5 | 75.00% | 254,250 |
| 7 | 5968714 | 122 | RAKESH KUMAR SINGH | K.M. SINGH | 25,000 | 9 | 80.00% | 254,250 |
| 8 | 5976912 | 152 | DIBYA SAURAV | ARJUN PRASAD SINHA | 25,000 | 3 | 83.00% | 254,250 |
| 9 | 5980780 | 175 | BIRENDAR KUMAR | AMBIKA PRASAD | 25,000 | 4 | 77.00% | 254,250 |
| 10 | 5976891 | 177 | HEMA KUMARI | AKHILESH KUMAR | 25,000 | 6 | 79.00% | 254,250 |
| 11 | 5969817 | 181 | RENU KAPUR | LATE RAMLAL SHARMA | 25,000 | 5 | 75.00% | 254,250 |
| 12 | 5986144 | 210 | GITA KUMARI | RAMCHANDRA PASWAN | 25,000 | 9 | 80.00% | 254,250 |
| 13 | 5985202 | 266 | KALPANA DEVI | WO NIRANJAN KRISHNA | 25,000 | 5 | 75.00% | 254,250 |
| 14 | 5968689 | 268 | SHILA DEVI | RAMDEV SINGH | 25,000 | 10 | 82.00% | 254,250 |
| 15 | 5989433 | 280 | ARJUN PRASAD | LT. RGHUNATH PRASAD | 25,000 | 3 | 83.00% | 254,250 |
| 16 | 5326542 | 292 | CHAMPA DEVI | LT. SHAYAM LAL JAISWAL | 25,000 | 5 | 75.00% | 254,250 |
| 17 | 5991780 | 304 | NAJRIN KHATOON | SHAMIM KIHAN | 25,000 | 10 | 82.00% | 254,250 |
| 18 | 5989354 | 313 | SONALI DEY | RAMA SHANKAR DEY | 25,000 | 3 | 83.00% | 254,250 |
| 19 | 5970052 | 319 | VISHWAKARMA RAJAK | LT. LALAN RAJAK | 25,000 | 7 | 80.00% | 254,250 |
| 20 | 5969631 | 322 | BABLU UPADHYAY | BHUBNESHWAR UPADHYAY | 25,000 | 2 | 83.00% | 254,250 |
| 21 | 5992219 | 327 | USHA KUMARI | SURYDEV DUBEY | 25,000 | 4 | 77.00% | 254,250 |
| 22 | 5761527 | 335 | NITU KUMARI | LT. DILIP KUMAR | 25,000 | 10 | 82.00% | 254,250 |
| 23 | 5997500 | 360 | SUMIT KUMAR ADHIKARI | TAPAN KUMAR ADHIKARI | 25,000 | 5 | 75.00% | 254,250 |
| 24 | 5997009 | 361 | RAMANAND PRASAD SINGH | LATE BHAGWAT PRASAD SINGH | 25,000 | 2 | 83.00% | 254,250 |
| 25 | 5784748 | 498 | RITA DEVI | RAMESHWAR MANDAL | 25,000 | 4 | 77.00% | 254,250 |

अतः निदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त तालिकानुसार दिनांक 18.03.2025 तक अपने बकाया किश्त की राशि का भुगतान केनरा बैंक, शाखा बैंक मोड़, धनबाद में बैंक चालान के माध्यम से जमा करते हुए बैंक चालान की निकाय प्रति धनबाद नगर निगम, प्रधान कार्यालय के कमरा सं0 G-3 में जमा करना सुनिश्चित करेंगें, अन्यथा आपके द्वारा अब तक जमा की गई राशि को जब्त करते हुए आपके आवास आवंटन को रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

सहायक नगर आयुक्त–सह–
नोडल पदाधिकारी, PMAY(U) शाखा,
धनबाद नगर निगम, धनबाद

PR 348349 Urban Development and Housing(24-25)#D

# चुनाव नतीजों के बाद महागठबंधन अपने मुख्यमंत्री का करेगा ऐलान

**पटना (एजेंसी):** बिहार में इस साल के अंत होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने सभी दलों ने सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है. इस बार के चुनाव में मुख्य मुकाबला महागठबंधन और सीएम नीतीश की नेतृत्व वाले एनडीए के बीच माना जा रहा है. गठबंधन में शामिल दलों ने भी हर सीट के लिए प्लानिंग शुरू कर दी है. टिकट की चाह में संभावित उम्मीदवार अभी से ही अपने की पैरवी में जुट गए है. एक ओर एनडीए में शामिल दल स्पष्ट करते हुए लगातार ये कह रहे हैं कि वो नीतीश कुमार नेतृत्व में ही चुनावी मैदान उतरने के प्लान में है.



दूसरी तरफ महागठबंधन में अभी नेतृत्व को लेकर खींचतान जारी है. कांग्रेस लगातार ये दावा कर रही है कि चुनाव के नतीजों के बाद महागठबंधन अपने मुख्यमंत्री का ऐलान करेगी. इस बीच वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी से ६० सीटों के साथ साथ डिप्टी सीएम के पद पर भी अपना दावा ठोक दिया.वहीं राजद का दावा है कि विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा. हालांकि चुनाव होने में अभी काफी वक्त है मगर दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान ऐसी मची दिखाई दे रही है जैसे आपसी तालमेल खत्म हो गया है.

मगर सियासी नब्ज को समझने वाले इस बात को जानता है कि जब चुनाव आता है तो इस तरह के बहान देकर गठबंधन में अपने सहयोगियों के साथ प्रेशर पॉलिटिक्स की जाती है. अब यहां चलिए समझते हैं कि ६=५का क्या मतलब निकलता है. तो इसका सीधा सा अर्थ है महागठबंधन में जहां ६ दल (राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भाकपा (मा-ले) लिबरेशन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भाकपा (मार्क्सवादी), वीआईपी) शामिल है. वहीं एनडीए में ५ दल( जेडीयू, भाजपा, लोजपा(आर), हम, राष्ट्रीय लोक मंच) शामिल हैं.

अब हम बात करते हैं मुकेश सहनी की जिन्होंने ११ मार्च २०२५ को बगहा पार्टी के कार्यक्रम में महागठबंधन को बड़ा संदेश दिया है. उन्होंने गठबंधन में रहते ६० सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, साथ ही डिप्टी सीएम के पद पर भी दावा ठोत दिया है. वहीं महागठबंधन में शामिल दूसरी बड़ी पार्टी कांग्रेस भी पिछले चुनाव से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कह रही है. ऐसे में ये जानना जरुरी हो जाती है कि २०२० के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में शामिल दलों का कैसा प्रदर्शन रहा था.

महागठबंधन में शामिल सबसे बड़ी पार्टी राजद ने पिछले चुनाव में १४४ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे जिसमें राजद को ७५ सीटों पर राजद को जीत मिली थी. तब ७५ सीटों के साथ राजद बिहार की सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई थी. वहीं कांग्रेस ने कुल ७० सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे.लेकिन १९ सीटों पर ही पाई थी. इसके अलावा भाकपा (माले) लिबरेशन ने १९ सीटों पर चुनाव लड़ा था. जिसमें १२ सीटों पर जीत मिली थी. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने ६ सीट पर चुनाव लड़के २ सीट पर जीत हासिल की थी

भाकपा (मार्क्सवादी) ने ४ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे. जिसमें २ उम्मीदवारों को जीत मिली थी. ध्यान देने वाली बात ये है कि २०२० के चुनाव में मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी एनडीए के साथ चुनाव लड़ी थी. तब मुकेश सहनी ने ११ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और मात्र ४ सीट पर ही जीत हासिल कर सके थे. दिलचस्प बात ये है कि मुकेश सहनी को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था.

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की अगर बात करें तो जनता दल (यूनाइटेड) ने कुल ११५ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे. जिसमें नीतीश कुमार की पार्टी के ४३ उम्मीदवारों को जीत मिली थी. वहीं भारतीय जनता पार्टी ने ११० सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे. जिसमें से ७४ को जीत मिली थी. जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाली हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) को गठबूंधन में ७ सीट मिले थे. जिसमें ४ सीटों पर उन्हें जीत मिली है. खास बात ये है कि २०२० के विधानसभा चुनाव चिराग पासवान और उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी एनडीए का हिस्सा नहीं थी.

तब चिराग पासवान की पार्टी लोजपा ने १३२ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और मात्र १ सीट पर जीत मिली थी. वहीं उपेंद्र कुशवाहा को राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने १०४ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे. हालांकि, रालोसपा को १ भी सीट पर जीत नसीब नहीं हुई थी. अब ऐसे में ये देखने दिलचस्प हो जाता है कि चुनाव से पहले जब दोनों गठबंधनों मे सीटों का बंटवारा होता है तो किसके हिस्से में कितनी सीट आती है.

# सिपाही भर्ती में महिलाओं की बल्ले-बल्ले, नोटिफिकेशन जारी

**पटना (एजेंसी):** बिहार में पुलिस बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गई है. केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) राज्य में १९,८३८ पदों पर बहाली करने जा रही है. अभ्यर्थी इसके लिए १८ मार्च से आवेदन कर सकते हैं.



इस बार महिला अभ्यर्थियों के लिए ६,७१७ पद आरक्षित होंगे. केंद्रीय चयन पर्षद ने बिहार पुलिस में सिपाही पद के लिए मंगलवार को विज्ञापन जारी कर दिया. विज्ञापन संख्या १/२०२५ के तहत १९,८३८ पदों के लिए यह बहाली निकाली गई है.

केंद्रीय चयन पर्षद के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि इसमें महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया गया है. ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया १८ मार्च से शुरू होगी और आवेदन भरने की अंतिम तिथि १८ अप्रैल तक है. उन्होंने केंद्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती के अभ्यर्थियों को आगाह किया है कि वे विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ें और विज्ञापन में दिए गए प्रावधानों, नियमों, शर्तों और दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से अध्ययन करके ही फॉर्म भरें. अभ्यर्थियों को यह भी सुझाव दिया गया है कि चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों से संबंधित तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें और लिखित परीक्षा या शारीरिक दक्षता परीक्षा जैसी तिथियों के प्रकाशन की प्रतीक्षा न करें.

बताया गया है कि पहले चरण में १०० अंक की लिखित परीक्षा होगी. पेपर में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे. दो घंटे में सभी प्रश्न हल करने होंगे. हर सही जवाब के लिए एक अंक मिलेगा. दूसरे चरण में फिजिकल टेस्ट (शारीरिक दक्षता परीक्षा) होगी.

इस टेस्ट के लिए आरक्षण श्रेणी और लिखित परीक्षा की मेरिट लिस्ट के अनुसार रिक्तियों के पांच गुना अभ्यर्थियों को बुलाकर चयन किया जाएगा. अंतिम मेरिट लिस्ट लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता के लिए दौड़, गोला फेंक और ऊंची कूद में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर तैयार की जाएगी.

# होली में कोई नई परंपरा शुरू न हो : डीजीपी

**लखनऊ (एजेंसी):** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने होली और रमजान के दूसरे जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ने को लेकर अलर्ट मोड पर काम करना शुरू कर दिया है. यूपी पुलिस हाई अलर्ट पर है और होली को लेकर डीजीपी प्रशांत कुमार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने दो टूक कहा कि होली में कोई नई परंपरा शुरू न हो.डीजीपी प्रशांत कुमार ने निर्देश में कहा कि होलिका के जिन स्थानों पर पूर्व में विवाद हो चुका है, वहां सीनियर पुलिस अफसर खुद मौका मुआयना करें. होलिका दहन के समय अग्निशमन वाहनों के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए.होली शुक्रवार यानी जुमे की नमाज के दिन होने से खास सतर्कता बरती जाए.अराजक तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करें.



होली से जुड़े विवादों और मुकदमों में पहले से शामिल आरोपियों की पहले से पहचान और उन पर पहले ही निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है. हिन्दू मुस्लिम आबादी वाले इलाकों, जुलूस के रास्तों खासकर धार्मिक स्थलों के पास संवेदनशील स्थानों पर उचित पुलिस फोर्स की तैनाती की जाए. सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाए. त्योहार पर कोई नई परंपरा कहीं भी शुरू करने की इजाजत न दी जाए. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीमें बनाने को कहा गया है.दंगों पर नियंत्रण रखने के लिए वाहनों और अन्य उपकरणों को पूरी तरह तैयार रखा जाए. सभी सीनियर अधिकारियों के साथ पुलिस थाना और चौकी के साथ बीट स्तर के पुलिसकर्मियों को भी अलर्ट रहने को कहा गया है.

हर छोटी से छोटी सूचना को भी गंभीरता से लेकर कानूनी कार्रवाई का निर्देश उन्होंने दिया. अवैध शराब से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आबकारी विभाग और मजिस्ट्रेट से संवाद के साथ फ्लाइंग स्क्वॉड को सघन छापेमारी करने का निर्देश दिया गया है.

# पुलिस ने बरेली में मारी रेड
## 25 ड्रग्स माफिया गिरफ्तार

**बरेली,(ईमएएस):** यूपी के बरेली में उत्तराखंड पुलिस ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ उधम सिंह नगर एसएसपी ने ३०० पुलिस कर्मियों के साथ कार्रवाई की। इस दौरान २५ ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार कर उत्तराखंड ले गई है। उत्तराखंड पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है और जल्द ही बड़े खुलासे होने का दावा किया जा रहा है। यह सर्जिकल स्ट्राइक बरेली जिले के थाना फतेहगंज पश्चिमी के अगरासपुर गांव में हुई। उधम सिंह नगर के एसपी ने सोमवार रात ३०० पुलिस कर्मियों के साथ अचानक गांव में धावा बोला। उत्तराखंड में दूसरे प्रदेशों से तस्करी कर लाए गए नशीले पदार्थों को बेचा जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि बरेली के ड्रग्स माफिया नशीले पदार्थों को उत्तराखंड में बेचते हैं जिससे युवा इसके शिकार हो रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए उत्तराखंड के डीजीपी ने मोर्चा संभाला और जिम्मेदारी एसपी को सौंपी।

जानकारी के मुताबिक बीती रात एसएसपी के नेतृत्व में टीम बरेली के अगरासपुर गांव पहुंची पूरे गांव को घेर लिया। घरों की तलाशी के बाद २५ ड्रग्स माफियाओं को गिरफ्तार किया गया। यह ऑपरेशन गोपनीय रखा गया, जिससे सफल मिली। उत्तराखंड पुलिस की बरेली सर्जिकल स्ट्राइक पर एसएसपी बरेली ने सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पुलिस अधिकारियों ने सर्जिकल स्ट्राइक के पहले या बाद में कोई जानकारी साझा नहीं की।

# धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू राष्ट्र वाले बयान पर बिहार में सियासत तेज

**पटना (एजेंसी):** बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों बिहार के दौरे पर हैं. गोपालगंज के रामनगर में आयोजित पांच दिवसीय हनुमंत कथा में शामिल होने के दौरान उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कही. कथा के अंतिम दिन उन्होंने कहा कि अगर सभी जातियों और समुदायों के लोग एकजुट हो जाएं, तो भारत जल्द ही हिंदू राष्ट्र बन सकता है. उन्होंने यह भी दावा किया कि इसकी आवाज सबसे पहले बिहार से ही उठेगी.



धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान पर बिहार की राजनीति गरमा गई है. राजद ने उनके बयान का विरोध करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी. राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि बिहार की धरती ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं करती. उन्होंने कहा, ऐसे बागेश्वर बाबा को हम नहीं जानते. यह हिंदुस्तान एक धर्मनिरपेक्ष देश है. इन्हें इतिहास में जाकर देखना चाहिए कि इस देश की आजादी की लड़ाई कौन लड़ा था. उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों का समर्थन धीरेंद्र शास्त्री कर रहे हैं, वे अंग्रेजों के दलाल थे और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों को फांसी दिलवाने में शामिल थे.

बिहार सरकार के मंत्री जमा खां ने भी धीरेंद्र शास्त्री के बयान का विरोध किया. उन्होंने कहा, इस देश के लोगों को ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जिससे भाईचारा और सौहार्द्र को नुकसान हो. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी है. मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिहार में ऐसी कोई स्थिति नहीं बनने दी जाएगी, जिससे समाज में तनाव फैले.

विपक्षी दलों ने धीरेंद्र शास्त्री के बयान को राजनीति से प्रेरित बताया. उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करते हैं. कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री एक विशेष राजनीतिक दल के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं. हालांकि, उनके समर्थकों का कहना है कि उन्होंने समाज में एकता और समरसता की बात की है.

### अस्पतालों में बने मुस्लिमों के अलग वार्ड : विधायक

**बलिया,(ईएमएस):** यूपी के बलिया से बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाया जाए। मुसलमानों को होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा से दिक्कत होती है। ऐसे में हो सकता है कि हमारे साथ इलाज करवाने में भी उनको दिक्कत हो।

# महिलाओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**जहानाबाद (एजेंसी):** : होली में अब बस कुछ ही दिन रह गए हैं. ऐसे में होली के दिन जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, पूरा माहौल होली की मस्ती से सराबोर होने लगा है. लोगों पर होली का खुमार चढ़ने लगा है. हर तरफ होली गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है. इसी कड़ी में जहानाबाद के पुरानी नगर परिषद भवन में प्रथम भूमिहार महिला समाज की महिलाओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जहां महिलाओं ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की खुशियां आपस में साझा किया, एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया. सबों ने साथ मिलकर होली गीत गाएं और गीत के धुन पर जमकर मस्ती की और एक दूसरे को पर्व की बधाई दी.

बता दें कि होली के मौके पर आयोजित इस समारोह में जिले की सभी सम्मानित, शिक्षित, समाजसेवी, कामकाजी और घरेलू महिलाएं एक साथ मिलकर होली की खुशियां बांटी और साथ ही समाज के असहाय लोगों को मदद करने के लिए आगे आने की शपथ ली. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही रीमा शर्मा ने बताया कि हम सब महिलाएं घर में काम के साथ सामाज सेवा में व्यस्त रहती हैं. मिलना थोड़ा कम होता है. होली मिलन समारोह के मौके पर हम सब महिलाएं एक जगह इकट्ठा होकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दे रहे रहे है.

# यूपी में विस चुनाव सपा-बसपा मिलकर लड़ सकती हैं?

**लखनऊ,(ईएमएस):** यूपी के विधानसभा चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन प्रदेश में सरकार बनाने को लेकर गुणा-भाग लगाना शुरू हो गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मायावती ने अपने पिछले कुछ बयानों में बीजेपी को आड़े हाथों लिया है। मायावती के बदलते तेवरों से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर जारी है। चर्चा है कि अखिलेश यादव और मायावती एक बार फिर साथ आ सकते हैं। अगर ये साथ आते हैं तो साल १९९३ में मिली सपा-बसपा गठबंधन की करिश्माई जीत को दोहरा सकते हैं।



यूपी में जीत की हैट्रिक लगाने के लिए बीजेपी हिंदुत्व के एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी ने बजट सत्र में इसकी बानगी भी पेश की है। उधर समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के सहारे यूपी की सत्ता में वापसी करना चाहती है, लेकिन इसी बीच केशव देव मौर्य ने बड़ा बयान दिया है। केशव देव मौर्य ने कहा कि बीजेपी से अकेले ना ही समाजवादी पार्टी और ना ही बसपा जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे में बेहतर यही होगा कि सपा और बसपा दोनों मिलकर बीजेपी को सत्ता से हटाकर २०२७ में सरकार बना लें।

केशव देव मौर्य इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। एक-दूसरे के राजनीतिक धुरविरोधी माने जाने वाले मायावती और अखिलेश यादव मोदी को सत्ता से हटाने के लिए २०१९ लोकसभा चुनाव में एक साथ आ चुके हैं। इस चुनाव में मायावती ० से १० सीट पर पहुंच गई थी, लेकिन अखिलेश यादव २०१४ के आंकड़ों पर ही सीमित रह गए थे। हालांकि १० सीटों का फायदा होने के बाद भी मायावती ने सपा का वोट बसपा में ट्रांसफर ना होने का आरोप लगाते हुए अपने रास्ते अलग कर लिए थे।

इसके बाद से पूर्व सीएम मायावती अक्सर बीजेपी की तुलना में सपा और कांग्रेस पर ज्यादा हमले करने लगी थी। इस पर अखिलेश यादव समय-समय पर अपनी प्रतिक्रिया भी देते रहे हैं। यही नहीं, सपा ने बसपा के टिकटों पर भी सवाल खड़े किए हैं। वहीं राजनीतिक जानकारों की माने तो राजनीति में कोई किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। इसलिए ये कहना कि यह दोनों दल एक साथ नहीं आ सकते हैं, ये कहना गलत होगा।

वहीं चर्चा है कि मायावती के साथ गठबंधन करके अखिलेश यादव १९९३ वाले करिश्मा को दोहराना चाहते है। दिसंबर १९९२ में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था, उसके ठीक बाद साल १९९३ में हुए विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा ने मिलकर सरकार बना ली थी। तब सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बसपा के संस्थापक कांशीराम एक साथ आ गए थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद**

**शुद्धि पत्र**

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित ई–निविदा संख्या 09/2024–25 पी0आर0 सं0 346939 (Building)2024-25_D में निविदा खोलने की तिथि 16.03.2025 को राजपत्रित अवकाश होने के कारण खोलने की तिथि दिनांक 17.03.2025 को पढ़ा जाय।
अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 348407 Building(24-25)#D भवन प्रमण्डल, धनबाद

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद।**

**शुद्धि पत्र**

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा संख्या 12/2024–25 पी0आर0 सं0 347868 (Building)2024-25_D में निविदा बिक्री की तिथि 12.03.2025 एवं प्राप्त निविदा खोलने की तिथि 15.03.205 को बदल कर खोलने की तिथि 17.03.2025 पढ़ा जाय।
अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
PR 348410 (Building) 24-25 (D) भवन प्रमण्डल, धनबाद।

**B.I.T. SINDRI**
**P.O.-SINDRI INSTITUTE**
**DIST; DHANBAD (JHARKHAND) PIN: 828123**

**e-tender Notice -**
**BIT/Poly/14R/2024-25/Ele5**
**Reference Number: BIT/Poly/14R/2024-25/Ele5**
**Dated :- 08-03-2025**
**Tender ID: 2025_DHTE_99317_1**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name & address of office Inviting tender | Director, B.I.T., Sindri, P.O. Sindri Institute, Sindri, Dhanbad, Jharkhand -828123 |
| 2 | Name or work | Supply of Electrical Engineering Lab Equipments for different Govt. Polytechnic 5 |
| 3 | Document download start date | 11.03.2025 |
| 4 | Document download end date | 26.03.2025 |
| 5 | Bid submission end date | 26.03.2025 |
| 6 | Bid opening date | 27.03.2025 |

Bidders must bid through e-tenders portal.
B.I.T. Sindri, Dhanbad wishes to purchase Laboratory Equipments for different Govt. Polytechnics in Jharkhand. Further details can be seen on website:- https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**PR 348332 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(24-25).D** **Director, B.I.T., Sindri**

**कार्यालय:- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद**
Court More Randhir Verma Chowk, Dhanbad - 826001
फोन नम्बर–9431711098 email-cs.dhanbad@gmail.com

पत्रांक :– 215/DHS दिनांक :– 11.03.2025/

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

धनबाद जिला अंर्तगत जिला अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उप–केन्द्र इत्यादि संबंधित संस्थानों हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से Equipments, Furniture & Surgical Items एवं अन्य की आपूर्ति हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत निम्नांकित शर्तो के अधीन ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– 19.03.2025 को संध्या 5.00 बजे तक होगी। इच्छुक संवेदक निविदा को www.jharkhandtenders.gov.in पर देख एवं भाग ले सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक
PR 348352 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D) सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद।

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN – U40108JH2013-SGC001702)
**Office Of TheGeneral Manager-Cum-Chief Engineer**
Electric Supply Area, 33/11 KV P/S/S, Daridih, Giridih, Pin- 815302
GSTIN No.- 20AADCJ3148ADZ1, E-mail ID- gmgiridihsupplyarea@gmail.com

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tenders in two parts (Part- I Technical & commercial and Part –II price part ) subscribed on sealed envelope are invited from the reputed firms/agencies having good experience of following same type of Civil Works under Other Civil Works (Capital)/Other Capital Works (Building) and having sound financial status.:-

| Sl. No. | STN No. | Name of work | Estimate Cost (In Rs.) | Cost of B.O.Q Including GST in Rs. (Non-refundable) | Earnest money To be deposited in Rs. | Time of completion of the work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 357/PR/JBVNL /2024-25 | Provision of 200/165 mm dia Deep Boring at Electrical Central Store, Barganda, under Electric Supply Circle, Giridih. | 4,17,100/- | 750/- + 18% GST = 885/- | 8,400/- | 01 Month |
| 2 | 358/PR/JBVNL /2024-25 | Construction of Stair cum Toilet Room with Septic Tank and shed on the top of roof of guard room at Central Store, Barganda under Electric Supply Circle, Giridih | 8,09,450/- | 1,250/- + 18% GST = 1,475/- | 16,200/- | 04 Months |

1. Date for sale of tender documents — **28.03.2025** Till 5:00 PM
2. Last date & time for submission of Tender- **29.03.2025** upto 1:00 P.M.
3. Date & time for opening of Tender (Part-1)– **29.03.2025** At 1:30 P.M.

**Terms & Conditions**
1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the last date of submission of tender in working hours on depositing cost of B.O.Q. with Accounts Officer, Electric Supply Area, Giridih in shape of Demand Draft.
2. The tender must be accompanied with earnest money with tender Part-I (Technical and Commercial part) in shape of Bank Draft payable in favour of Accounts Officer, Electric Supply Area, Giridih otherwise it will be rejected.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**G.M.-Cum-Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Giridih**
PR 348409 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)D

# झारखंड की हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जाएगा : दीपक बिरुआ



**रांची (एजेंसी):** भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा है कि खास महल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन को बताया कि खास महल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है।

कमेटी की ३-४ बैठके हो चुकी है। अब अंतिम बैठक के बाद ४५ दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जाएगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खास महल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा।

चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में काफी संख्या में लोग खास महल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है। लेकिन उन्हें से जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है।

भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का १०० वर्ष से अधिक का कब्जा है। लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

# रक्तदान को प्रोत्साहित किया जाएगा और इससे संबंधित मामलों का समाधान किया जाएगा : डॉ. इरफान अंसारी



**रांची (एजेंसी):** आज लहू बोलेगा रांची एवं झारखंड के विभिन्न रक्तदान संगठनों का समन्वयक संगठन झारखंड राज्य स्वैच्छिक रक्तदान संगठन कॉर्डिनेशन कमेटी रांची के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कॉमरेड अरुप चटर्जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात की। इस बैठक में रक्तदान से संबंधित नीतिगत, क्रियान्वयन, व्यवहारिक एवं तार्किक मुद्दों पर चर्चा की गई। इससे पहले भी इस विषय पर स्मार-पत्र सौंपा गया था। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि रक्तदान से जुड़े सभी मामलों को हल किया जाएगा और राज्य में रक्तदान को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही, प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक कल्याण एवं पेयजल संसाधन मंत्री हफीज़ुल हसन अंसारी से उनके विधानसभा कार्यालय में भेंट की। इस दौरान रक्तदान से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और इनके समाधान की अपील की गई। साथ ही, लहू बोलेगा द्वारा आयोजित झारखंड राज्यस्तरीय सम्मान समारोह पर भी बातचीत हुई।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लहू बोलेगा के संरक्षक एवं विधायक अरुप चटर्जी ने किया। साथ ही, इसमें लहू बोलेगा रांची के संस्थापक एवं राज्य संयोजक, झारखंड राज्य स्वैच्छिक रक्तदान संगठन कॉर्डिनेशन कमेटी रांची के नदीम खान, कोल्हान प्रभारी सपन कुमार महतो, दक्षिणी छोटानागपुर प्रभारी एवं अल फलाह सोसाइटी के रक्तदान आयोजक खुबैब शाहिद, सह प्रभारी एवं गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडाई, सरायकेला-खरसावां के रक्तदान आयोजक दिलीप चांद महतो, चाईबासा के अजय कुमार बारदा एवं सुबोध महतो, पूर्वी सिंहभूम के रक्तदान आयोजक भावेश महतो, सेवानिवृत्त डॉक्टर आदित्य महतो (पूर्वी सिंहभूम), मेहर खालसा के करण अरोड़ा, लहू बोलेगा के इंजीनियर शाहनवाज़ अब्बास, असफर खान और मोहम्मद फहीम शामिल रहे।

# चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं को किया आमंत्रित




**रांची (एजेंसी):** भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ३० अप्रैल २०२५ तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्यं निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। मंगलवार को राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिया था निर्देश**

इससे पहले, पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग में सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्या निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निवार्चन पदाधिकारी और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित रूप से बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से ही मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें। साथ ही ३१ मार्च, २०२५ तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

**राजनीतिक दल प्रमुख हितधारक**

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए २८ हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम १९५० और १९५१, निर्वाचक रजिस्ट्रीकिरण नियम, १९६०, निर्वाचनों का संचालन नियम, १९६१, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## खनन वाली जमीन पर सेस लगाएगी सरकार कल कैबिनेट में आ सकता है प्रस्ताव

**रांची (एजेंसी):** राजस्व बढ़ाने को लेकर हर तरफ कोशिश कर रही झारखंड सरकार खनन वाली जमीन पर सेस लगाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ गयी है। खान विभाग ने इस आशय का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। १२ मार्च को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर स्वीकृति लिए जाने की उम्मीद है। सेस लगने से राज्य सरकार को प्रति वर्ष तीन से चार हजार करोड़ के अतिरिक्त राजस्व प्राप्ति की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में राज्यों को सेस लगाने का अधिकार दिया था। इसके बाद २०२४ के मानसून सत्र में झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर अधिनियम को पास किया गया था। इस पर राज्यपाल संतोष गंगवार की भी मंजूरी मिल चुकी है। अब नियमावली पर कैबिनेट की मंजूरी मिलने से सरकार अगले वित्तीय वर्ष से अतिरिक्त सेस की वसूली कर सकेगी। यहां मालूम हो कि मुख्यमंत्री मंईयां योजना के मद में भारी-भरकम राशि के खर्च होने के कारण राज्य सरकार राजस्व बढ़ाने की दिशा में अलग अलग तरह से प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार कल की कैबिनेट में सड़क व अन्य विभागों की भी एक दर्जन से अधिक योजनाओं और प्रस्तावों पर मंजूरी मिलेगी।

# सही मायनों में विकसित भारत के लिए स्वच्छ वातावरण जरूरी- कुलपति प्रो.क्षिति भूषण दास



**रांची (एजेंसी):** स्वच्छ वातावरण जरूरी है सही मायने में विकसित भारत के लिए और सीयूजे कटिबद्ध है झारखंड और राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए। यह बातें कुलपति सीयूजे, प्रो. क्षिति भूषण दास ने सीयूजे में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार, क्लीन एनवायरमेंट इनविजनड टुवर्ड्स विकसित भारत के उद्घाटन सत्र में की। यह दो दिवसीय (११-१२ चरीलह २०२५) सेमिनार पर्यावरण विज्ञान विभाग, सीयूजे द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कुलपति ने आगे कहा कि सीयूजे में पर्यावरण, भूविज्ञान, भूगोल शास्त्र, एनर्जी इंजीनियरिंग और कई विशेषज्ञ विभाग हैं जो झारखंड और देश के समग्र विकास में योगदान दे रहे हैं और साथ ही पर्यावरण जैसे जटिल मुद्दे पर भी सही समाधान दे सकते हैं।

सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन, पी. एम. प्रसाद भी मौजूद थे। प्रसाद ने कोल इंडिया के पर्यावरण के प्रति सजगता और कटिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कोल इंडिया के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और कहा की इंडस्ट्री - एकेडमिया और सभी को जोड़कर एक समग्र योगदान से ही पर्यावरण जैसे जटिल मुद्दे का समाधान हो सकता है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व भारतीय वन सेवा अधिकारी (खत्रेड) अजय कुमार रस्तोगी, चेयरमैन टास्क फोर्स - सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन एंड ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, झारखंड सरकार, ने पर्यावरण के संबंध में झारखंड राज्य की अच्छाई और चुनौतियों पर अपना विचार रखा। लगातार बढ़ती गर्मी से देश के जीडीपी का बहुत बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने कहा जलवायु परिवर्तन के संबंध में अभी के युवाओं और हम सभी को एक ठोस कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. यू सी मोहंती, शांति स्वरूप भटनागर सम्मान से सम्मानित, डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेसर, शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय, ओडिशा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने सौर, वायु और अन्य प्राकृतिक ऊर्जाओं के इस्तेमाल पर बल दिया और इन्हे स्वर्ग के ऊर्जा श्रोत की संज्ञा दी।

प्रो. मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संकाय ने उद्घाटन में सबका स्वागत किया और सेमिनार की रूपरेखा पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक, डॉ भास्कर सिंह, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विभाग ने सेमिनार की महत्ता पर ज़ोर दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुराग लिंडा ने दिया और कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. निर्मली बोरदोलोई ने किया। कार्यक्रम में प्रो.ए.सी पांडे, प्रो. के. बी पांडा, प्रो. आर. के दे, बी बी मिश्रा और डॉ सुशील कुमार शुक्ला मौजूद थे।

# पलामू में दो लड़कियों ने आपस में की शादी, पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**रांची (एजेंसी):** पलामू में दो लड़कियों ने आपस में शादी कर ली है। दोनों लड़कियां एक ही मोहल्ले में रहती हैं। दोनों में एक की उम्र २५ और दूसरे की उम्र २१ साल है। बताया जा रहा है कि दोनों ने फरवरी में ही शादी कर ली थी। शादी के बाद एक लड़की ने बाल कटवाकर पति का रूप धारण किया, जबकि दूसरी ने पत्नी का। सोमवार को जब एक लड़की के परिवार को इस शादी की जानकारी मिली, तो वे अपनी बेटी को वापस ले जाने पहुंचे। इस पर पति का रूप धारण करने वाली लड़की अपनी पत्नी को बचाने के लिए महिला थाने पहुंची।

**पती-पत्नी मानती हैं एक-दूसरे को**

पुलिस के अनुसार दोनों लड़कियां एक-दूसरे को पति-पत्नी मानती हैं। परिवार वालों के समझाने के बावजूद दोनों अलग होने को तैयार नहीं हुई। फिलहाल दोनों को सखी वन सेंटर में रखा गया है। दोनों लड़कियों का कहना है कि वे एक-दूसरे से प्यार करती हैं और हमेशा साथ रहना चाहती हैं। परिवार के साथ रहने से इनकार करने पर पुलिस ने दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सखी वन सेंटर भेजा है।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### झारखंड का कुख्यात---

पुलिस ने आरोपी अमन को रुकने के लिए कहा। लेकिन भागते हुए अमन ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने अमन को मार गिराया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक जवान भी एनकाउंटर में जख्मी हुआ है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को---

के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। वे भारत और भारतीय संस्कृति से अच्छी तरह परिचित हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए मुझे आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की. एक अन्य ट्वीट में पीएम श्री मोदी ने कहा, ये सराहनीय है कि मॉरीशस के स्टेट हाउस में आयुर्वेदिक गार्डन बनाया गया है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि मॉरीशस में आयुर्वेद की लोकप्रियता बढ़ रही है। राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल और मैं आयुर्वेदिक गार्डन गए, जिससे मुझे इसे प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी १० साल बाद मॉरीशस के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साल २०१५ मार्च में मॉरीशस गए थे। उस वक्त भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल हुए थे। मॉरीशस और भारत का पुराना रिश्ता रहा है। यहां की कुल आबादी का लगभग ७० फीसदी लोग भारतीय मूल के हैं।

### होली पर सरकारी---

सरकारी छुट्टियां १३ और १४ मार्च को हैं। इस कारण १५ मार्च को बैंकों और अन्य सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति कम रह सकती है। बैंक कर्मचारियों ने यूनियन के माध्यम से सरकार से अनुरोध किया है कि बिहार की तरह झारखंड में भी होली की छुट्टी १४ और १५ मार्च को घोषित की जाए।

### असम भारत का पहला---

अलावा, बाढ़ की स्थिति में समय रहते चेतावनी और किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करना है। असम के वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल की अवधि में राजस्व संग्रह में जोरदार वृद्धि से उत्साहित सरकार के बजट में भारत की पहली एआई-संचालित एंटी-डीपफेक और साइबर निगरानी प्रयोगशाला, एक अग्रणी ग्रीन पैकेजिंग औद्योगिक केंद्र, एक बांस स्मार्ट सिटी, एआई और ब्लॉकचेन-संचालित चाय नीलामी और असमिया सिनेमा, साहित्य और लोक गीतों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे अन्य गेम-चेंजर प्रस्ताव शामिल हैं। सीएम ने उमरंगसो में पिछले जनवरी में हुई कोयला खदान दुर्घटना का जिक्र करते हुए जियो-स्टेशनरी स्टेशनरी सेटेलाइट की जरुरत को बताया। इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि हमें खदान पर डेटा प्राप्त करने में ४५ दिन लगे। हमें दुर्घटना के दौरान उस क्षेत्र में स्थित उपग्रहों से जानकारी प्राप्त करनी थी। अगर हमारे पास अपना उपग्रह है, तो इसका उपयोग हमारे भौगोलिक क्षेत्र पर निगरानी के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि असमसैट महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए डेटा का निरंतर, विश्वसनीय प्रवाह सुनिश्चित करेगा।

### हिंदी भाषा को लेकर---

करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने शुरू में पीएम-श्री स्कूल योजना के लिए सहमति जताई थी, लेकिन बाद में यू-टर्न ले लिया। प्रधान ने कहा कि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जैसे गैर-बीजेपी शासित राज्य एनईपी को स्वीकार कर चुके हैं, लेकिन तमिलनाडु राजनीतिक कारणों से इसका विरोध कर रहा है। इसके जवाब में डीएमके सांसदों ने सदन में नारेबाजी की और प्रधान के बयानों को झूठा बताया। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने हमें और तमिलनाडु के लोगों को असभ्य और अलोकतांत्रिक कहा कि जो बेहद आपत्तिजनक है। हमने कई बार केंद्र को साफ कर दिय है कि हम एनईपी और तीन-भाषा नीति को स्वीकार नहीं कर सकते। एनईपी पर यह टकराव जहां डीएमके के लिए तमिल अस्मिता और भाषाई गौरव का मुद्दा बन है, वहीं बीजेपी के कुछ नेताओं को लगता है कि यह विवाद उनकी पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। तमिलनाडु में पिछले लोकसभा चुनावों में कुछ सफलता हासिल करने वाली बीजेपी के लिए यह राज्य रणनीतिक रूप से अहम है, लेकिन डीएमके ने इसे हिंदी थोपने का मुद्दा बनाकर तमिल भावनाओं को भुनाने की कोशिश की है, जो अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### ओडिशा के इतिहास में---

कांग्रेस के हम १४ विधायक हैं, हम उनसे मारपीट नहीं कर सकते, परन्तु हम संवैधानिक रूप से अपना विरोध जारी रखने वाले है। विधानसभा के बाहर महात्मा गांधी की प्रतिमूर्ति के नीचे धरना प्रदर्शन करते कांग्रेस विधायक वहीं भाजपा विधायक अशोक महांति ने कहा है कि ओडिशा शासन की जिम्मेदारी भाजपा को लोगों ने दी है। तीन दिन से विरोधी दल सदन नहीं चलने दे रहे हैं। आज भी जैसे ही प्रश्नोत्तर शुरू हुआ, विरोधी दल नारेबाजी करने लगे। मंत्री पर हाथ उठाए। हम कहना चाहते हैं, आप अपनी बात विधानसभा अध्यक्ष से कह सकते हैं, परन्तु किसी मंत्री के ऊपर आप हाथ नहीं उठा सकते हैं।

# कौन है झारखंड कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल, प्रभारी के राजू स्पष्ट करें: प्रतुल शाहदेव



**रांची (एजेंसी):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू के द्वारा पिछले कुछ दिनों से दिए गये बयान पर उनको घेरा है। गौरतलब है कि प्रभारी के राजू लगातार झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के इस बयान ने पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। प्रदेश प्रभारी को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है? क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है? प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता है? प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है।

प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है।किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था। लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। प्रतुल ने कहा कि दरअसल कांग्रेस प्रभारी कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी जी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात में गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था । गुजरात में ३ दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकर्ताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है।

प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है।

## 15 को कई जिलों में छाए रहेंगे बादल, 39.1 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा सरायकेला

**रांची (एजेंसी):** झारखंड के सभी जिलों के तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। दिन में तेज गर्मी का एहसास होता है। राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान ३० डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा चुका है। अगले ५ दिनों के दौरान अधिकतम तापमान ५ डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इस दौरान आसमान साफ रहेगा और शुष्क रहने वाला है। १५ मार्च को आकाश में बादल छाए रह सकते हैं। बीते २४ घंटे के मौसम की बात करें तो सोमवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रहा। यहां का अधिकतम तापमान ३९.१ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रांची के मौसम की बात करें तो रांची का अधिकतम तापमान ३२.८ डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। राज्य में सबसे कम तापमान गढ़वा का रहा। यहां का न्यूनतम तापमान को १२.७ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान की मानें तो इस पूरे हफ्ते राजधानी रांची के तापमान में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। होली वाले हफ्ते में बुधवार को अधिकतम तापमान ३६.७४ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २२.१६ डिग्री सेल्सियस, गुरुवार को अधिकतम तापमान ३८.३ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २३.७४ डिग्री सेल्सियस रहने वाला है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान ३८.४ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २४.०७ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान ३८.५२ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २३.५४ डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

# अतिक्रमण के विरोध में मरांग बुरु, पारसनाथ पर्वत पर होगा आदिवासी प्रतिवाद मार्च, उलगुलान की तैयारी



**रांची (एजेंसी):** मरांग बुरु पारसनाथ पर्वत मधुवन गिरिडीह में जैन समुदाय के द्वारा अतिक्रमण के विरोध में विशाल प्रतिवाद मार्च जन आक्रोश रैली १२ मार्च को होगी। आयोजन में विभिन्न आदिवासी जनसंगठनों के लोग हिस्सा लेंगे। कहा गया है कि वन भूमि क़ानून और सीएनटी एक्ट का उल्लंघन करते हुए जैन समुदाय के लोगों ने पर्वत पर क़ब्ज़ा करने के नियत से ५० से भी अधिक मंदिर मठ का निर्माण किया है। केंद्र सरकार और झारखंड सरकार को गुमराह कर पूरे पर्वत पर अपना दावा ठोक दिया है। मरांग बुरु पारसनाथ पर्वत को संथाल आदिवासी ईश्वर के रूप में मरांग बुरु के नाम पर पूजा करते हैं। पहाड़ पर युग जाहेर थान सरना और दिशोम माँझी थान अवस्थित है। जहां पर नित्य पूजा पाठ होती है।

कहा कि पारसनाथ पर्वत का प्राचीन नाम मरांग बुरु ही है। पारसनाथ पर्वत पर आदिवासियों को प्रथागत अधिकार प्राप्त है। जैन समुदाय के लोगों के द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी है। जिसमें मांस मदिरा पर रोक लगाने की मांग है। ये दरअसल आदिवासियों की बलि प्रथा और प्रथागत अधिकार पर रोक लगाने की साज़िश है।

जैन समुदाय के अतिक्रमण और न्यायलय के माध्यम के बलि प्रथा पर रोक लगाने की साज़िश के कारण आदिवासी समाज में काफी आक्रोश है। अपने धार्मिक स्थल मरांग बुरु को बचाने और अपनी प्रथागत अधिकार को बरकरार रखने के लिए कटिबद्ध हैं। इसके लिए आंदोलन बड़ी हूल उलगुलान की तैयारी चल रही है। इसका शंखनाद १२ मार्च को मधुवन पारसनाथ पर्वत मरांग बुरु में होगा।



# उम्र के हिसाब से पीए दूध तभी मिलेगा फायदा

दूध एक ऐसा फूड्स है, जिसमें कैल्शियम की भरपूर मात्रा होता है। इसके अलावा दूध में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो हमारे शरीर को सुचारू रूप से चलाने का काम करते है। हमारा शरीर अनेक तरह की परेशानियों और बीमारियों से बचा रहता है। अगर किसी व्यक्ति को हड्डियों से जुड़ी प्रॉबल्म रहती है तो भी डॉक्टर्स उसे नियमित रूप से दूध पीने की सलाह देते है लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी है, जो दूध की मात्रा को अपनी डाइट में बढ़ा या घटा देते है। परन्तु उम्र के हिसाब से दूध पीना बहुत जरूरी है। इससे शरीर को भरपूर पोषण मिलता है। आज हम आपको इसी के बारे में बताएंगे, कि किस उम्र में कितनी दूध की मात्रा लेनी चाहिए, ताकि शरीर को भरपूर कैल्शियम के साथ-साथ बाकी जरूरी तत्व भी मिल सकें।

### 0-6 महीना

इतने छोटे बच्चे को रोजाना 600 मिली दूध पिलाना जरूरी होता है। ऐसे में मां को चाहिए की बच्चे को इससे न तो कम और न ही ज्यादा दूध पिलाएं।

### 0-1 साल

वैसे तो सभी जानते है कि इस उम्र के बच्चे के लिए गाय, भैंस और पैकेट वाले दूध से अच्छा मां का दूध है। अगर किसी प्रॉबल्म के कारण मां बच्चे को फीड करवाने में असमर्थ है तो उस बच्चे के लिए फॉर्म्युला मिल्क बेहतर ऑप्शन है।

### 1-2 साल

इस उम्र के बच्चों को अधिक पोषक तत्वों की जरूर होती है, ताकि उनके शरीर को विकास तेजी से हो सकें। ऐसे में उनको कैल्शिमय की अधिक जरूरत होती है। इस उम्र के बच्चों को फुल क्रीम मिल्क देना चाहिए और दिन में उसे 800-900 मिली दूध जरूरी है।

### 2-3 साल

2 या 3 साल के बच्चों को रोजाना दो कप दूध या इससे बनी चीजों का सेवन करवाएं क्योंकि इस उम्र में बच्चों को सिर्फ कैल्शियम ही नहीं, अन्य तत्वों की जरूरत भी होती है।

### 4-8 साल

अगर बच्चा 4 से 8 साल का है तो उसे रोजाना ढाई कप दूध पीने को दें। इसके अलावा बच्चे को दूध से बनी चीजें जैसे पनीर, दही अन्य आदि खाने को दें।

### 9 साल से ऊपर

9 साल से ऊपर के बच्चों के रोजाना करीब तीन कप दूध की जरूरत होती है। इससे बच्चे का शारीरिक और मासिक विकास तेजी से होता है।

### टीनएजर्स बच्चे

टीनएजर्स बच्चों को रोजाना 3000 कैलरी की जरूरत होती है। इसके लिए उन्हें रोजाना 4 कप दूध और दूध से बनी चीजें दे। इससे उनकी हड्डियां भी मजबूत रहेगी।

### वयस्कों के लिए

वयस्कों को टोंड या स्किम्ड मिल्क जरूर पीना चाहिए क्योंकि 1 गिलास फुल क्रीम दूध में 146 कैलरी, 8 ग्राम फैट होती है। इसके अलावा टोंड दूध में 102 कैलरी और 2 ग्राम सैचुरेटेड फैट होता है।



# पानी न पीने पर दिखाई देते हैं ये संकेत

मनुष्य के लिए पानी बहुत जरूरी है। स्वस्थ शरीर के लिए गर्मियों में 10 से 12 गिलास और सर्दियों में 8 से 10 गिलास पानी पीना चाहिए। भोजन को पचाने, शरीर से विषैले पर्दाथों को बाहर निकालने और खून को साफ का कमा पानी करता है। कम मात्रा में पानी पीने से त्वचा, बालों और हैल्थ संबंधी बहुत सी समस्याएं होती है इसलिए इस समस्या से बचने के लिए ऐसे पदार्थों के सेवन करना चाहिए जिनमें पानी की भरपूर मात्रा हो। पानी की कमी होने पर शरीर हमें कुछ संकेत देता है। आज हम आपको उन्हीं संकेतों के बारे में बताएंगे। शरीर में पानी की कमी होने के संकेत

### सिरदर्द और चक्कर आना

पानी की कमी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे सिरदर्द, चक्कर और उलटी आने लगती है।

### स्किन ड्राइनेस

सर्दियों के मौसम में त्वचा का रूखा होने और होठों का फटना आम बात है लेकिन कुछ लोगों को हमेशा स्किन ड्राईनेस की समस्या रहती है। इसका कारण शरीर में पानी की कमी भी हो सकती है।

### सांसो से दुर्गंध आना

कम पानी पीने से खाना अच्छे से नहीं पचता जिसके कारण मुंह से बंदबू आने लगती है। जिन लोगों की सांसों से दुर्गंध आती है उनको दिन में 10 से 12 गिलास पानी पीने चाहिए।

### एसीडिटी

गैस का बनना, कब्ज रहना, ठीक से खाना न पचना जैसी समस्याएं पानी की कमी के कारण ही होती है। पांचन तंत्र ठीक न रहने से व्यक्ति तो स्वस्थ संबंधित बहुत सी समस्याएं होने लगती है।

### जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द

शरीर में पानी की कमी से जोड़ों में सूजन, गर्दन, हड़ियों और मांसपेशियों में दर्द होने लगता है। शरीर में पानी की कमी को दूर करके इन समस्याओं से राहत पाई जा सकती है।

### दिल की धड़कन बढ़ना

अचानक दिल की धड़कन बढ़ना, घबराहट होना भी कम पानी पीने के संकेत है। शरीर में पानी की कमी न होने दे।

### थकान और सुस्ती

थोड़ा सा काम करने पर थकान होना और हर वक्त सुस्ती रहना भी पानी की कमी के कारण होते है। जिन लोगों को हर वक्त थकान रहती है उनको अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए।

### दिन में किताना पानी पीएं

सुबह उठते ही 2 गिलास गुनगुना पानी पीना चाहिए। खाली पेट पानी पीने शरीर की गंदगी बहार निकल जाती है। नाशते, लंच, डिनर से 1 घंटे पहले और 1घंटे बाद में पानी न पीएं। दिन में ज्यादा पानी पीएं और जैसे ही शाम होने लगे पानी की मात्रा कम कर दें। सोने से पहले 3 घूंट पानी पीने से शरीर स्वस्थ रहता है।



# शरीर में फाइबर की कमी होने पर खाएं ये आहार

शारीरिक विकास और स्वस्थ रहने के लिए फाइबर बहुत जरूरी है। यह भोजन को पचाने में सहायक है। इसकी कमी होने पर बावसीर, कोलेस्ट्रोल, कब्ज, शुगर लेवल बढ़ना जैसी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। फाइबर युक्त भोजन का सेवन करने से कैंसर, मोटापा, दिल की बीमारियों से बचा जा सकता है। हर व्यक्ति को अलग-अलग मात्रा में फाइबर की जरूरत होती है। पुरूषों को दिन में 35 से 40 ग्राम और महिलाएं रोजाना 25 ग्राम फाइबर का सेवन जरूरी होता है। क्योंकि अधिक मात्रा में फाइबर खाने से कई बार शरीर को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज हम आपको किन चीजों को खाने से फाइबर की कमी पूरी होती है उसके बारे में बताएंगे।

**ओट्स** - नाशते में ओट्स खाने से शरीर में फाइबर की कमी पूरी हो जाती है और सारा दिन एनर्जी बनी रहती हैं। आप इसका डोसा या उत्तपम बना कर भी खा सकते है। 100 ग्राम ओट्स में 17 ग्राम फाइबर होता है जो शरीर को स्वस्थ रखते है।

**गेहूं** - गेहूं से बनी चीजों का सेवन शरीर में फाइबर की कमी को पूरा करता है। इसके अलावा चकोर वाले आटे की रोटी खाने से भी शरीर को भरपूर फाइबर मिलता है।

**फल** - सेब, नाशपाती जैसे फलो में फाइबर होता है। इन को अच्छे से धो कर बिना छिलका उतारे खाएं क्योंकि फाइबर इनके छिलको में ही होता है।

**ब्रोकली** - विटामिन-सी, कैल्शियम और फाइबर के गुणों से भरपूर ब्रोकली को उबालकर या भूनकर भी खाने से कई बीमारियां दूर रहती हैं।

**ड्राई फ्रूटस** - ड्राई फ्रूटस, दहीं, सलाद और अनाज रोजाना एक मुठ्ठी सेवन कैंसर जैसी बीमारियों से बचाता है।

**भुट्टा** - एक भुट्टे में करीब 4 ग्राम फाइबर होता है। रोजाना 1 भुट्टे का सेवन शरीर में फाइबर की कमी को पूरा करता है।





# दिमाग को रखना हैं शांत तो ड्राई फ्रूट में खाएं सूरजमुखी के बीज

सूरजमुखी के फूल के बारे में तो आप सबने सुना होगा लेकिन इसके बीज भी सेहत के लिए बड़े ही फायदेमंद होते हैं। सूरजमुखी को एक औषधीय पौधा भी माना जाता हैं। इसके बीजों का इस्तेमाल ड्राईफूड के तौर पर भी किया जाता है। वहीं इसके तेल का इस्तेमाल भी बहुत ज्यादा किया जाता है। इसमें लिनोलिक एसिड, ओलिक एसिड, पामिटिक एसिड, विटामिन ई, डी और ए भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। आज हम आपको सूरजमुखी बीज के फायदे के बारे में बताते हैं। आइए जानिए फायदे -

### दिमाग बनाए शांत

इसके बीजों में ट्रीप्टोफैन उच्च मात्रा में होने के कारण यह आपके दिमाग को शांत रखने में काफी मदद करता हैं। यह आपको माइग्रेन और स्ट्रेस से छुटकारा दिलाता हैं।

### ह्रदय रोगों से बचाएं

सूरजमुखी के बीज में विटामिन ई भरपूर मात्रा में होने के कारण यह मनुष्य शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करके हार्ट अटैक आने से रोकते हैं। इसके बीजों में उच्च मात्रा में बीजाइन पाया जाता है, जो हाई ब्लड प्रेशर पर कंट्रोल पाता हैं।

### पाचन क्रिया में मदद

इन बीजों में बड़ी मात्रा में फाइबर पाया जाता हैं। जो पेट की समस्याएं कब्ज, कैंसर और बवासीर जैसी बिमारियों से राहत देते हैं। इसके तेल की कुछ बूंदे दूध में डालकर पीने से कब्ज जैसी बीमारी से राहत मिल सकती हैं।

### हड्डियों को रखे मजबूत

सूरजमुखी के बीजों में मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में होने के कारण यह हमारी हड्डियों को मजबूत और लचीलापन लाते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम हड्डियों की सरंचना करने में मदद करता हैं।

### अस्थमा से राहत

अन्य तेल की तुलना में सूरजमुखी के तेल में विटामिन ई की भरपूर मात्रा पाई जाती हैं। इसलिए आप इसके तेल में खाना बना कर अस्थमा जैसी बीमारी से बच सकते हैं।



# पेट की सूजन को खत्म करते हैं ये घरेलू नुस्खें

पेट में इंफैक्शन होने पर सूजन, पेट फूलना, कब्ज और सूजन जैसी समस्याएं हो जाती है। इसके कारण आपको पेट में दर्द, मरोडें उठना, उल्टी, सर्दी लगना, कमजोरी और भूख ना लगना जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह की दवाइयों का सेवन करते है लेकिन किसी से भी कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। इसके अलावा ज्यादा दवाइयों का सेवन किडनी प्रॉब्लम का कारण भी बन सकता है। ऐसे में आप कुछ आसान से घरेलू उपाय करके पेट की इंफैक्श और सूजन की समस्या से छुटकारा पा सकते है। आज हम आपको पेट की सूजन को दूर करने के लिए कुछ ऐसे उपाय बता रहें हैं जिससे आपको 2-3 दिन में ही आराम मिल जाएगा। पेट की सूजन कम करने के घरेलू उपाय

### लौंग

लौंग पेट में मौजूद छोटे-छोटे बैक्टीरिया तो जड़ से खत्म कर देता है। पेट की सूजन और दर्द से छुटकारा पाने के लिए रोजाना 2-3 लौंग या फिर इसके गर्म पानी का सेवन करें।

### लहसुन

रोजाना खाली पेट 2-3 कच्ची लहसुन का सेवन पेट इंफैक्शन को खत्म करने में मदद करता है। इसके अलावा भोजन पकाते समय भी लहसुन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है।

### जौ का पानी

सूजन की समस्या से छुटकारा पाने के लिए 1 कप पानी में जौ उबाल कर उसमें छोड़ा-सा नींबू डालकर दिन में 2 बार पीएं।

### नीम

पेट की सूजन और इंफेक्शन को दूर करने के लिए नीम सबसे अच्छा उपाय है। इसके लिए नीम की 5 पत्तियों को दिन में एक बार खाएं। इससे शरीर की सारी गंदगी यूरिन के रास्ते बाहर निकल जाएगी।

### चावल का पानी

एक पैन में 1/2 कप सफेद चावल डाल कर 6 कप पानी में उबाल लें। इसे छान कर ठंडा कर लें। इसमें 1/2 चम्मच शहद और दालचीनी पाउडर मिलाकर मिक्स करके हर घंटे पीएं।

## इन बातों का भी रखें ध्यान

- पेट की सूजन ज्यादातर फूड एलर्जी के कारण होती है। अधिक तला-भुना, फास्ट फूड, डिब्बाबंद आहार खाने से बचें, क्योंकि ये फूड एलर्जी का कारण बन सकते हैं।
- खाने को अच्छी तरह चबाकर न खाने से भी पेट में इंफैक्शन और सूजन की समस्या हो सकती है। इसलिए हमेशा भोजन आराम से और अच्छी तरह चबाकर करें। इससे खाना अच्छे से पचेगा और जन नहीं होगी।
- पेट की सूजन होने पर कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का सेवन खतरनाक हो सकता है। इसकी बजाए आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रीन टी, पिपरमिंट टी भी पेट की सूजन को कम करती है।
- शुगरयुक्त आहार का अधिक सेवन करने से बचें। डॉक्टरों के अनुसार दिन में 2-3 बार ही मीठा आहार ले सकते है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर रोहित शर्मा का जोरदार स्वागत, फैंस बोले- जय हिंद



**मुंबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतकर वापस लौटे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। रोहित की एक झलक देखने के लिए लंबी कतारें लगी थीं। रोहित सिक्योरिटी के साथ में अपनी कार में बैठकर रवाना हो गए। हालांकि इस दौरान उन्होंने हाथ हिलाकर एयरपोर्ट पर पहुंचे अपने प्रशंसकों का धन्यवाद भी किया। बता दें कि बीसीसीआई ने फिलहाल विजेता प्लेयरों के आगमन पर बस परेड की घोषणा नहीं की है इसलिए सभी प्लेयर अपने अपने घर निकल गए हैं। उम्मीद है कि आगामी दिनों में बीसीसीआई टीम को सम्मानित करने के लिए भव्य कार्यक्रम करवाएंगे।

आईसीसी ट्रॉफी जीतने के बाद रोहित शर्मा ने श्रेयस अय्यर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारत का मिडिल ऑर्डर साइलेंट गार्ड की तरह रहा है, जो शीर्ष क्रम के ढहने के बाद टीम को प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाता है या मैच बचाने वाली साझेदारियां बनाने के लिए उनके साथ जुड़ता है। मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि परिस्थितियां कठिन होंगी, लेकिन हमने खुद को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की।

वहीं, बीसीसीआई ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय नेतृत्व और सामरिक कौशल ने टीम को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कप्तान रोहित के प्रेरणा देने और मिसाल कायम करने वाले नेतृत्व क्षमता ने भारत के विजयी अभियान में निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की भूमिका की भी सराहना की करते हुए कहा कि उनका निडर दृष्टिकोण और सामरिक अंतर्दृष्टि ने इस विजेता टीम को लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि पिछले साल टी-20 विश्वकप की सफलता के बाद यह जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। एक और वैश्विक टूर्नामेंट में दबदबा बनाना और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। टीम ने बेजोड़ निरंतरता और अपने चरित्र के साथ खेला है मैं कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरी टीम को उनकी ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देता हूं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज आईपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर!



**मुंबई (एजेंसी)।** को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले बड़ा झटका लगा है। लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। मयंक इस समय बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। मयंक को पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में चोट लगी थी। लखनऊ ने नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। लखनऊ ऋषभ पंत की कप्तानी में 24 मार्च को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, मयंक कमर की चोट से उबर रहे हैं और उन्होंने अभी-अभी गेंदबाजी शुरू की है। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए अभी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने गेंदबाजी कार्यभार को बढ़ाने के साथ-साथ सभी फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं। पिछले सीजन के दौरान मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की, जिससे उन्हें अपने पहले दो मैचों में लगातार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने में मदद मिली। साइड स्ट्रेन के कारण पिछले सीजन में मयंक ने चार मैच ही खेले थे। रिकवरी के दौरान उन्हें फिर चोट लग गई। बांग्लादेश के खिलाफ टी20आई में मैदान पर लौटने के बाद उन्हें फिर चोट का सामना करना पड़ा। फ्रेंचाइजी के मेंटर जहीर खान ने कहा, एनसीए के साथ उनकी रिकवरी और फिटनेस के रोडमैप के बारे में हमारी कुछ दिलचस्प बातचीत हुई है, इसलिए हम उनके साथ काम कर रहे हैं। हमें उनके समर्थन की भी उम्मीद है, वे वास्तव में एक युवा खिलाड़ी की देखभाल करने के दर्शन को अपनाएंगे क्योंकि वह न केवल एलएसजी के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ खास अंदाज में मनाने की तैयारी, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड ने बनाया प्लान



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड 2027 में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में डे नाइट टेस्ट की तैयारी हो रही है। इतिहास का पहला टेस्ट 1877 में हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शताब्दी टेस्ट 100 साल बाद हुआ। दोनों टेस्ट मेजबान टीम ने 45-45 रन से जीते हैं। 150वीं वर्षगांठ का मैच ऑस्ट्रेलिया की गर्मियों की छुट्टियों के अलावा 11-15 मार्च को आयोजित किया जाएगा और यह 100,000 की क्षमता वाले मैदान पर डे-नाइट के रूप में खेला जाने वाला पहला पुरुष टेस्ट होगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पिछले महीने की शुरुआत में इस मैदान पर सफल महिला एशेज पिंक बॉल क्लैश के बाद पहली बार पुरुषों के डे-नाइट टेस्ट की मेजबानी करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नवनियुक्त प्रमुख टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट क्रिकेट के सबसे शानदार आयोजनों में से एक होगा। डे नाइट में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।उन्होंने कहा, इस सीजन की एशेज सीरीज ठीक दो साल बाद होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्सुकता बढ़ाएगी और हम इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि यह नजदीक आ रहा है।ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों का दौरा इस साल नवंबर में शुरू होगा। एलन आर ऑस्ट्रेलियन 2027 में भारत के खिलाफ ब्लॉकबस्टर घरेलू पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद 150वीं वर्षगांठ के टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेंगे।

# डब्ल्यूएफआई भारतीय कुश्ती महासंघ को मिली बड़ी राहत

## खेल मंत्रालय ने निलंबन हटाया; विवाद खत्म होने के आसार


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को बड़ी राहत मिली है और खेल मंत्रालय ने महासंघ पर लगाया निलंबन तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। डब्ल्यूएफआई में पिछले कुछ वर्षों से विवाद चल रहा था और खेल मंत्रालय के इस फैसले के बाद विवाद खत्म होने के आसार नजर आ रहे हैं।

### किस कारण लगा था निलंबन?

खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति पर खेल संहिता के उल्लंघन के आरोप के चलते निलंबन लगाया हुआ था। कुश्ती की वैश्विक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी पिछले साल संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया था। इसके बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में कुश्ती का दैनिक कार्य देख रही भूपेंद्र सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय लिया था। डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष संजय सिंह को भले ही यूडब्ल्यूडब्ल्यू और आईओए से राहत मिल गई थी, लेकिन केंद्र सरकार से उन्हें राहत मिलने का इंतजार था जो अब जाकर पूरा हुआ। सरकार ने डब्ल्यूएफआई पर नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कार्रवाई की थी और चुनाव संपन्न होने के तीन बाद ही डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया था।

डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के नेतृत्व वाली समिति ने 21 दिसंबर 2023 को चुनाव जीता था। इसके बाद उन्होंने अंडर-15 और अंडर-20 वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने की घोषणा की थी। हालांकि, इस चैंपियनशिप का आयोजन स्थल गोंडा के नंदिनी नगर में रखा था जो बृजभूषण का गढ़ है। यह बात सरकार को चुभी थी। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को कार्रवाई करते हुए डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने का फैसला किया था।

### मंत्रालय ने निर्देशों का पालन करने कहा



इसमें यह भी कहा गया है कि डब्ल्यूएफआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन खेल संहिता के मौजूदा प्रावधानों और यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा समय-समय पर जारी नियमों के साथ इस संबंध में जारी अन्य नवीनतम निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है जिसका पालन नहीं किया जा सकता।मंत्रालय के निलंबन और प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और सत्यव्रत कादियान द्वारा दायर अदालती मामलों के कारण भारतीय पहलवान जाग्रेब और अल्बानिया में रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाए थे। बृजभूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले पहलवानों ने तर्क दिया था कि निलंबित होने के कारण डब्ल्यूएफआई के पास राष्ट्रीय टीमों को चुनने का अधिकार नहीं है।

### 15 महीने बाद हटा निलंबन

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के कारण पहलवानों को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। इस वजह से महासंघ और खेल मंत्रालय के बीच टकराव की स्थिति भी पैदा हो रही थी जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पहलवानों को हुआ। हालांकि, निलंबन हटने से घरेलू टूर्नामेंट आयोजित करने के रास्ते खुल गए हैं और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के चयन के लिए भी अब दुविधा नहीं होगी। मंत्रालय ने अपने आदेश में बताया कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं जिस कारण उस पर लगे निलंबन को हटाया जाता है। खेल मंत्रालय ने इस तरह करीब 15 महीने बाद डब्ल्यूएफआई पर लगा निलंबन हटाया।

### संजय सिंह ने जताया आभार

डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, मैं इस फैसले के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं। अब हम सुचारू रूप से काम कर सकेंगे। खेल के लिए यह बेहद जरूरी था। खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने के कारण परेशान थे। मंत्रालय ने हालांकि डब्ल्यूएफआई से कुछ निर्देशों का पालन करने को कहा है जैसे कि डब्ल्यूएफआई को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे तथा वह स्वयं को निलंबित या बर्खास्त किए गए अधिकारियों से अलग रखे। नए महासचिव प्रेम चंद लोचब विरोधी खेमे से चुने गए थे और मंत्रालय के निर्देश को उसी संदर्भ में समझा जा सकता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित, ब्रेसवेल को बनाया कप्तान




**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार से शुरु होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए माइकल ब्रेसवेल को टीम का कप्तान बनाया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा कि अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड की तैयारियों के मद्देनजर यह श्रृंखला महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले ब्रेसवेल नियमित सफेद गेंद कप्तान मिच सेंटनर की जगह लेंगे। ब्रेसवेल के लिए घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड की अगुआई करने का यह पहला मौका है, इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर सफेद गेंद टीम की कप्तानी की थी। टीम में ईश सोढ़ी की वापसी हुई है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और विल ओ'रुरके पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। जबकि मैट हेनरी फिटनेस आकलन के बाद अंतिम दो मैचों में खेलेंगे।

टीम का कप्तान बनाए जाने पर ब्रेसवेल ने कहा, 'अपने देश की कप्तानी करना बहुत सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने पिछले वर्ष पाकिस्तान में टीम की कप्तानी का लुफ्त उठाया था और इस सीरीज के लिए उनमें से कई खिलाड़ियों की टीम में वापसी बहुत बढ़िया है। मिच सेंटनर ने बेहतरीन काम किया है और मेरा ध्यान उनके अच्छे काम को आगे बढ़ाने पर रहेगा, साथ ही टीम के प्रदर्शन के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा।

**पाकिस्तान के साथ टी20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम**

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (मैच 4-5), मिच हे, मैट हेनरी (मैच 4-5), काइल जैमीसन (मैच 1-3), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (मैच 1-3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

## दीप्ति शर्मा ने अमेलिया केर को पछाड़ा, आईसीसी महिला रैंकिंग में शीर्ष में पर पहुंची

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं।



ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।

## बचपन से ही मेरा एक ही सपना था, ऋषभ पंत ने चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद किया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था भारत के लिए खेलना, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था।




पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। पंत ने कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है, लेकिन मेरा मानना ??है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।

अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा पंत अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे। मैंने माही भाई (एमएस धोनी) के पुराने वीडियो देखे हैं, और उन्होंने भी लैप शॉट खेला है। लेकिन प्रतिशत के हिसाब से, मुझे लगता है कि वे इसे कम खेलते थे। अब खेल बदल रहा है - फील्ड प्लेसमेंट अलग हैं, और खिलाड़ी इसे अपना रहे हैं। कुछ को लग सकता है कि यह उनके खेल के लिए जरूरी है, जबकि अन्य को नहीं। दिन के अंत में, आप खेल को कैसे पढ़ते हैं, यह निर्धारित करता है कि आप इसे कैसे खेलते हैं।

कई बार अपने बल्ले के हाथ से फिसलने के पीछे के कारण पर टिप्पणी करते हुए पंत ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ज़्यादातर इसलिए होता है क्योंकि मैं अपने निचले हाथ को बहुत हल्के से पकड़ता हूं। मैं मुख्य रूप से अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सहारे के लिए करने की कोशिश करता हूं क्योंकि कई बार यह हावी होने लगता है। इसलिए, मैं अपने ऊपरी हाथ को कसकर पकड़ने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। लेकिन जब मैं ओवररीच करता हूं - खासकर जब गेंद बहुत चौड़ी या बहुत छोटी होती है - तो यह हमेशा आदर्श हिटिंग जोन में नहीं होता है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी, मैं जो शॉट लगाने की कोशिश करता हूं, उसकी सफलता दर केवल 30-40 प्रतिशत हो सकती है, लेकिन मैच की स्थिति के आधार पर, मैं यह जोखिम उठाने को तैयार हूं। यही मेरी मानसिकता है। जब मैं वह जोखिम लेता हूं और ओवररीच करता हूं, तो मुझे संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ करने की जरूरत होती है। कभी-कभी, ऐसा लग सकता है कि मैं बल्ला फेंक रहा हूं, लेकिन वास्तव में, मैं बस उस डिलीवरी का अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा होता हूं। अगर मेरा बल्ला फिसल जाता है, अगर यह मेरे हाथ में नहीं है, या यहां तक कि अगर यह मेरे सिर पर भी लग जाता है - तो उस समय मेरा एकमात्र ध्यान बाउंड्री ढूंढना होता है। यही मेरी सोच है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने एक रात में रूस पर दागे रिकार्ड 337 ड्रोन, रूसी सेना ने हवाई हमले में सारे मार गिराए



**मास्को एजेंसी।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने रात भर में 10 रूसी क्षेत्रों में 337 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यह तीन साल में रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा ड्रोन हमला माना जा रहा है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब यूक्रेन का एक प्रतिनिधिमंडल रूस के साथ तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने को लेकर सऊदी अरब में अमेरिका के शीर्ष राजनयिक से मिलने वाला है। सबसे अधिक 126 ड्रोन यूक्रेन की सीमा के पार कुर्स्क क्षेत्र में मार गिराए गए। इस क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर यूक्रेन की सेना का नियंत्रण है तथा 91 ड्रोन मॉस्को क्षेत्र में मार गिराए गए। इसके अलावा यूक्रेन की सीमा से सटे बेलग्रोद, ब्रायंस्क और वोरोनिश तथा रूस के काफी अंदर स्थित कलुगा, लिपेत्स्क, निज़नी नोवगोरोद, ओर्योल और रियाज़ान जैसे क्षेत्रो में भी ड्रोन मार गिराए गए हैं।

### भारत आएंगी अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को कहा कि वह इंडो-पैसिफिक की बहु-राष्ट्र यात्रा के तहत भारत आएंगी, जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति और स्वतंत्रता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध और खुले संचार मार्ग बनाना है। तुलसी गबार्ड ने एक हवाई जहाज में सवार होने की अपनी तस्वीर के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं इंडो-पैसिफिक की बहु-राष्ट्र यात्रा पर सव्हील्सअप हूं, एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैं प्रशांत क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, डीसी वापस आने के दौरान फ्रांस में एक संक्षिप्त ठहराव के साथ। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और खुले संचार मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है। उनका पहला पड़ाव होनोलुलु होगा, जहां वह आईसी भागीदारों और इंडोपैकोम (यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड) नेताओं और प्रशिक्षण में लगे हमारे सैनिकों से मिलेंगी। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यह तुलसी गबार्ड की भारत की पहली यात्रा होगी।

### साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हादसा, बस पलटने से 12 लोगों की मौत और 45 घायल; मलबे में फंसे दो शव

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी शहर जोहान्सबर्ग में एक राजमार्ग पर बस के पलट जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 45 लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं ने इसको लेकर जानकारी दी है। शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने कहा कि आपातकालीन दल बस को वापस उसके पहियों पर चढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि यह देखा जा सके कि क्या कोई और पीड़ित बस के नीचे फंसा हुआ है। दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओ.आर. टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई। अधिकारियों ने कहा कि बस राजमार्ग के किनारे पर अपनी तरफ़ से पलटी हुई थी। यह जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप या कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना के समय नौ पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो शव अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने पीड़ितों की उम्र के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी। नथलाडी ने कहा कि वे अस्पताल में भर्ती लोगों को लगी चोटों की गंभीरता के बारे में भी जानकारी नहीं दे सकते। अस्पताल ले जाए गए लोगों में ड्राइवर भी शामिल था। दुर्घटना में कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था और अधिकारी अभी तक इसका कारण पता नहीं लगा पाए हैं।

# अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- यूक्रेन को अपनी जमीन छोड़नी होगी

## कहा- कड़े फैसले लेने के लिए तैयार रहें; बातचीत के लिए रुबियो सऊदी पहुंचे

**जेद्दाह, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन से जंग के समाधान के लिए जमीन छोड़ने को कहा है। रुबियो ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन के जिस इलाके पर रूस का 2014 से कब्जा है, उसमें यूक्रेन को रियायत देनी होगी।

उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि दोनों पक्षों को यह समझने की जरूरत है कि इस संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। रूस पूरे यूक्रेन पर कब्जा नहीं कर सकता है और यूक्रेन के लिए भी यह बेहद कठिन होगा कि वह रूस को 2014 से पहले की स्थिति में वापस धकेल सके। रुबियो ने रूस और यूक्रेन से कड़े फैसले लेने के लिए तैयार रहने को कहा। रुबियो सऊदी अरब पहुंचे हैं। वे यहां यूक्रेन के सीनियर अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे।

**जेलेंस्की भी सऊदी पहुंचे, बातचीत में शामिल नहीं होंगे**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी सोमवार को सऊदी अरब पहुंचे। हालांकि, जेलेंस्की अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। उनकी टीम इस बैठक में मौजूद रहेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इस बैठक का मकसद 27 फरवरी को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस की भरपाई करना है। इसमें यूक्रेन को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य मदद और खुफिया जानकारी पर भी चर्चा होगी। जेलेंस्की और रुबियो सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात करेंगे। हालांकि, दोनों के बीच आपस में कोई



मुलाकात नहीं होगी।

**अमेरिका ने यूक्रेन को 8.7 हजार करोड़ रुपए की सैन्य मदद रोकी**

अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद पर रोक लगा दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इससे एक अरब डॉलर (8.7 हजार करोड़ रुपए) के हथियार और गोला-बारूद संबंधी मदद पर असर पड़ सकता है। इन्हें जल्द ही यूक्रेन को डिलीवर किया जाना था। ट्रम्प के आदेश के बाद उस मदद को भी रोक दिया गया है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी डिफेंस कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है। अमेरिकी सहायता रोके जाने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने सीएनएन से कहा कि यह साफ है कि फैसला जेलेंस्की के बुरे बर्ताव की वजह से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अगर जेलेंस्की जंग को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश करते हैं, तब शायद ये रोक हटाई जा सकती है। अमेरिका ने 5 मार्च से यूक्रेन के साथ सीक्रेट जानकारी शेयर करके पर रोक लगाई। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज का कहना है कि हमने यूक्रेन के साथ खुफिया जानकारी साझा करने के मामले में एक कदम पीछे ले लिया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम इस मामले के सभी पहलुओं पर विचार कर रहे हैं और इसकी समीक्षा कर रहे हैं। वाल्ट्ज ने यूक्रेन के एनएसए से फोन पर बात की।

सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के मार्क कैन्सियन ने कहा कि अमेरिका के मदद रोकने के फैसले से यूक्रेन पर बहुत असर पड़ने वाला है। ट्रम्प के इस फैसले ने एक तरह से यूक्रेन को 'अपंग' कर दिया है। कैन्सियन ने कहा कि अमेरिकी मदद रुकने का मतलब है कि अब यूक्रेन की ताकत आधी हो गई है। इसका असर दो से चार महीने में दिखने लगेगा। फिलहाल यूरोपीय देशों से मिलने वाली सहायता से यूक्रेन कुछ समय तक लड़ाई में बना रहेगा। अमेरिका यूक्रेन का एक प्रमुख समर्थक रहा है। पिछले 3 साल में अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ संघर्ष में हथियार, गोला-बारूद और वित्तीय सहायता दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मदद के बंद होने से यूक्रेन की रक्षा क्षमता पर असर पड़ेगा।

## अफगानिस्तान की स्थिति पर भारत की पैनी नजर, तालिबान से हुई उच्चस्तरीय बातचीत

**संयुक्त राष्ट्र एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने कहा कि वह अफगानिस्तान की स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए है और तालिबान शासन के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने सोमवार को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन पर आयोजित बैठक में यह जानकारी दी। हरीश ने बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। अफगान पक्ष ने भारतीय नेतृत्व द्वारा अफगानिस्तान के लोगों के साथ जुड़ने और उन्हें समर्थन देने की सराहना की।



हरीश ने जोर देकर कहा कि भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध सदियों पुराने हैं। उन्होंने कहा, भारत, अफगानिस्तान में जारी मानवीय सहायता कार्यक्रमों के अलावा निकट भविष्य में विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर भी विचार करेगा। जनवरी में हुई मिस्री-मुत्ताकी बैठक, 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत और तालिबान के बीच अब तक की सबसे उच्चस्तरीय वार्ता थी। भारतीय दूत ने कहा कि भारत, अफगानिस्तान में स्थिरता और शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का मुख्य उद्देश्य अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करना और तालिबान शासन एवं अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच संवाद को बढ़ावा देना है। भारत 2001 से अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। अब तक भारत ने 27 टन राहत सामग्री, 50,000 टन गेहूं, 40,000 लीटर कीटनाशक 300 टन से अधिक दवाइयां और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए हैं। भारत की विकास साझेदारी के तहत अफगानिस्तान के सभी प्रांतों में 500 से अधिक परियोजनाएं चलाई गई हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा, खेल और कौशल विकास के क्षेत्रों में सहायता प्रदान कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष प्रतिनिधि रोजा ओटुनबायेवा ने सुरक्षा परिषद को बताया कि तालिबान शासन को यह तय करना होगा कि वे अफगानिस्तान को अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में फिर से शामिल कराना चाहते हैं या नहीं।

# अमेरिका में कर्मियों को हड़ताल पड़ी भारी, न्यूयॉर्क में 2000 जेल गार्ड नौकरी से निकाला

**न्यूयॉर्क एजेंसी।** न्यूयॉर्क में सप्ताह भर चली हड़ताल के बाद काम पर वापस नहीं लौटने पर प्रशासन ने सोमवार को 2,000 से अधिक जेल प्रहरियों (गार्ड्स) को नौकरी से निकाल दिया। प्रशासन ने कहा कि हड़ताल को समाप्त घोषित करने के लिए पर्याप्त अधिकारी काम पर वापस आ गए हैं। कमिश्नर डैनियल मार्टुसेलो ने एक 'वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''22 दिनों की अवैध हड़ताल के बाद, गवर्नर और मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अब हड़ताल समाप्त हो गई है। राज्य और जेल के प्रहरियों की यूनियन ने इस सप्ताहांत हड़ताल समाप्त करने के लिए एक नया समझौता किया, लेकिन यह सोमवार की सुबह तक कम से कम 85 फीसदी कर्मचारियों के काम पर लौटने पर निर्भर था।

यह संख्या समझौते को गति देने के लिए आवश्यक 85 फीसदी के लक्ष्य से कम थी।




मार्टुसेलो ने कहा कि राज्य समझौते के ओवरटाइम और कुछ अन्य प्रावधानों का सम्मान करेगा। उन्होंने कहा कि नेशनल गार्ड जेलों में सहायक पद पर रहेंगे, जबकि विभाग अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए तेजी से भर्ती अभियान चलाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य भर की जेलों में काम करने के लिए लगभग 10,000 सुरक्षा कर्मचारी उपलब्ध हैं, जबकि हड़ताल से पहले यह संख्या लगभग 13,500 थी। उन्होंने कहा, ''हड़ताल कर रहे 2,000 से ज़्यादा अधिकारियों को बर्खास्तगी पत्र भेजे गए हैं।

जिन अधिकारियों और सार्जेंटों के पास पहले से स्वीकृत चिकित्सा अवकाश नहीं था और जो आज सुबह 6~45 बजे तक वापस नहीं आए, उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। प्रहरियों की यूनियन ''न्यूयॉर्क स्टेट करेक्शनल ऑफिसर्स एंड पुलिस बेनेवोलेंट एसोसिएशन को प्रतिक्रिया के लिए एक ईमेल भेजा गया था। काम करने की स्थितियों पर असंतोष जताते हुए कई जेल प्रहरियों ने 17 फरवरी को हड़ताल शुरू कर दी, जिससे गवर्नर कैथी होचुल को संचालन बनाए रखने के लिए नेशनल गार्ड सैनिकों को भेजना पड़ा।

## फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते गिरफ्तार, आईसीसी के वारंट पर हुई कार्रवाई

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते को मंगलवार को मनीला इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। दरअसल अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने दुतेर्ते के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। दुतेर्ते मंगलवार को हॉन्ग-कॉन्ग से फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचे थे, जहां एयरपोर्ट पर ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया। दुतेर्ते पर आरोप है कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिसमें बड़े पैमाने पर लोगों की हत्याएं हुईं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने 1 नवंबर 2011 को दुतेर्ते के खिलाफ जांच शुरू की। उस वक्त दुर्तेते फिलीपींस के दावाओ शहर के मेयर थे। आईसीसी की जांच 16 मार्च 2019 तक चली। दुतेर्ते के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान आईसीसी की जांच को निरस्त कराने की कोशिश की गई। हालांकि आईसीसी ने दुतेर्ते की मांग खारिज कर दी। दुतेर्ते साल 2022 में फिलीपींस की सत्ता से हटे।



# अमेरिका के मिसिसिपी में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में विमान हादसों का सिलसिला जारी है। इस बार मिसिसिपी में एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया है। हादसा सोमवार को उस वक्त हुआ, जब एक मेडिकल परिवहन हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हो गया। इस दौरान हेलीकॉप्टर के एक पायलट और दो अस्पताल कर्मियों की मौत हो गई।

'यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर' के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। यूनिवर्सिटी ने पहले दिए गए एक बयान में कहा कि मेडिसन काउंटी में जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त एयरकेयर हेलीकॉप्टर यानी चिकित्सा के कार्य में इस्तेमाल होने वाला हेलीकॉप्टर में किसी मरीज को नहीं ले जाया जा रहा था।



हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोगों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है, लेकिन अधिकारियों ने गोपनीयता के कारण नाम जारी नहीं किए। यूनिवर्सिटी ने दुर्घटना का कोई कारण नहीं बताया। टेलीविजन स्टेशन 'डब्ल्यूएपीटी' ने बताया कि संघीय विमानन प्रशासन के अधिकारी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, यह दुखद घटना मिसिसिपी के चिकित्सा से जुड़े कर्मियों की ओर से उठाए जाने वाले जोखिमों की याद दिलाती है। हमारा राज्य इन नायकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।

## रमजान दौरान मुस्लिम देश में महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार

**लंदन एजेंसी।** रमजान के पवित्र महीने में, जब पूरी दुनिया के मुसलमान इबादत और शांति का संदेश फैलाने में लगे हैं, सीरिया में हालात भयावह होते जा रहे हैं। नई सरकार और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष ने हजारों लोगों की जान ले ली है। चिंताजनक बात यह है कि इस संघर्ष के बीच निर्दोष महिलाओं को क्रूरतम अत्याचारों का शिकार बनाया जा रहा है। सीरिया में जारी हिंसा के बीच महिलाओं पर अत्याचारों की दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, महिलाओं और युवतियों के साथ बलात्कार की घटनाओं में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार समर्थक सुन्नी मुस्लिमों द्वारा कई अल्पसंख्यक महिलाओं को क्रूर यातनाओं के बाद निर्वस्त्र कर सार्वजनिक रूप से दौड़ाया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई। कई इलाकों में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पुरुषों को भी घुटनों के बल चलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस भयावह हिंसा पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों, मौलवियों, और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। सीरिया में हिंसा का खौफनाक मंजर- महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाकर की हत्या! रमजान में भी..!! इसे तो वे पाक महीना कहते हैं!! सीरिया में नए शासनकाल में पिछले कुछ दिनों से हिंसा अनवरत जारी है। पुरुषों को भी कुत्तों की तरह घुटनों पर चलाया जा रहा है और महिलाओं की नृशंस हत्याएं की जा रही हैं।

## पेरू के पूर्व राष्ट्रपति कैस्टिलो ने जेल में शुरू की भूख हड़ताल

**लीमा, एजेंसी।** पेरू के पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो ने सोमवार को यह घोषणा की कि वह अपने खिलाफ विद्रोह के आरोपों के लिए शुरू हुए मुकदमे का विरोध करने के लिए भूख हड़ताल शुरू कर रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने उनके लिए 34 साल की सजा की मांग की है। बता दें कि कैस्टिलो, जो 7 दिसंबर 2022 से हिरासत में हैं तब जेल भेजे गए थे जब उन्होंने एक टेलीविज़न भाषण में कांग्रेस को भंग करने और डिक्री द्वारा शासन करने का इरादा व्यक्त किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि वे अपने खिलाफ किए गए अन्याय का विरोध करने के लिए भूख हड़ताल कर रहे हैं।

कैस्टिलो ने आरोप लगाया कि न्यायाधीश नोर्मा कार्बाजल ने उनके मामले में पक्षपाती रवैया अपनाया। साथ ही विद्रोह के आरोप को शारीरिक हिंसा के बिना लागू किया। 55 वर्षीय कैस्टिलो ने अपने मुकदमे को राजनीतिक व नाटक करार दिया और न्यायिक सलाह को ठुकरा दिया। साथ ही कैस्टिलो ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी विद्रोह की कोशिश नहीं की, बल्कि उन्होंने केवल एक राजनीतिक भाषण के जरिए लोगों की इच्छाओं को व्यक्त किया था। उनके खिलाफ 7 दिसंबर, 2022 को संसद को भंग करने का आरोप लगाया गया था, ताकि उन्हें सत्ता से हटाए जाने से बचा जा सके।

# पाकिस्तान की किरकिरी, राजदूत को अमेरिका में नहीं मिली एंट्री, एयरपोर्ट से वापस भेजे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिका ने तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत को अपने देश में प्रवेश करने से रोक दिया और लॉस एंजिल्स से निर्वासित कर दिया गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिसातनी राजदूत केके अहसान वगान निजी यात्रा पर लॉस एंजिल्स पहुंचे थे, जब अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया. हालांकि, उनके पास वैध वीजा और सभी कानूनी यात्रा दस्तावेज मौजूद थे, फिर भी उन्हें लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया है.

पाकिस्तान के न्यूज पोर्टल द न्यूज ने विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि राजदूत केके वगान को अमेरिका से निर्वासित कर दिया गया. अधिकारियों को आव्रजन संबंधी आपत्ति थी, जिसके कारण उन्हें निर्वासित किया गया. रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने वगान को विवादास्पद वीजा संदर्भ के रूप में पहचाना, जिसके कारण उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया गया.

**अनुभवी राजनयिक हैं वगान**

केके अहसान वगान पाकिस्तान के अनुभवी राजनयिक हैं. वह लंबे समय से पाकिस्तान की विदेश सेवा में हैं. पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने कई प्रमुख कार्यभार संभाले हैं, जिनमें काठमांडू में पाकिस्तान के दूतावास में द्वितीय सचिव, लॉस एंजिल्स में पाकिस्तान के महावाणिज्य दूतावास में उप



महावाणिज्यदूत, ओमान के मस्कट में पाकिस्तान मिशन के उप प्रमुख और नाइजर में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं.

**पाकिस्तानी नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध**

इस बीच, पाकिस्तान के विधि एवं न्याय राज्य मंत्री बैरिस्टर अकील मलिक ने सोमवार को स्वीकार किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए अमेरिकी प्रशासन द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों पर कुछ यात्रा प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं. मलिक ने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में वृद्धि पर चिंता जताई है, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने अब तक पाकिस्तानी नागरिकों पर सीधे यात्रा प्रतिबंध नहीं लगाया है. पाकिस्तान को डर है कि सुरक्षा और जोखिम की जांच के आधार पर नए यात्रा प्रतिबंध लगाने के लिए ट्रंप प्रशासन द्वारा तैयार की जा रही सूची में अफगानिस्तान के साथ-साथ पाकिस्तान भी निश्चित रूप से शामिल होगा.

**अमेरिका ने पाकिस्तान के लिए जारी किया था यात्रा परामर्श**

इस महीने की शुरुआत में, अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को यात्रा परामर्श जारी किया था, जिसमें सलाह दी गई है कि आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना के कारण पाकिस्तान की यात्रा सोच-समझ कर करें. साथ ही अमेरिकी नागरिकों को आतंकवाद के कारण बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है.

यात्रा परामर्श में कहा गया कि हाल के दिनों में पाकिस्तान में आतंकवादी और चरमपंथी घटनाएं बढ़ी हैं और सैन्य और पुलिस चौकियों पर हमले हुए हैं. आतंकवादी बिना किसी चेतावनी के परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, विश्वविद्यालयों, पर्यटक स्थलों, स्कूलों, अस्पतालों, पूजा स्थलों और सरकारी सुविधाओं को निशाना बनाकर हमला कर सकते हैं. यह भी कहा गया कि आतंकवादियों ने पहले भी अमेरिकी राजनयिकों और राजनयिक सुविधाओं को निशाना बनाया है.

## भारत की इन जगहों पर देखने को मिलेगा इंग्लैंड-स्विटजरलैंड जैसा नजारा, यादगार बनेगी ट्रिप



अधिकतर लोगों का विदेश घूमने का सपना होता है। लेकिन कई बार बजट के कारण लोग विदेश घूमने नहीं जाते हैं। वहीं भारत की खूबसूरती की तुलना कई विदेशी जगहों से की जाती हैं। यहां की जगहें न सिर्फ विदेशी स्थानों जैसी दिखे हैं, बल्कि वहां की समानता का भी अनुभव किया जा सकता है। ऐसे में आप भारत की इन जगहों पर घूमकर विदेशी खूबसूरती का लुत्फ उठा सकते हैं। भारत की इन जगहों पर घूमना न सिर्फ आपकी यात्रा को यादगार बनाएगा बल्कि प्रकृति की अनमोल विरासत से भी जोड़ेंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी तुलना दुनिया के फेमस स्थलों से की जाती है।

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के दृश्य बेहद खूबसूरत और शानदार होते हैं। श्रीनगर में शिकारा राइड, डल झील और ट्यूलिप फूलों के बगीचे का नजारा बिलकुल विदेशों जैसा है। श्रीनगर में डल झील के किनारे खिले हुए ट्यूलिप फूलों का बगीचा और आसपास का शांत वातावरण आपका मन मोह लेगा। यहां के नजारे आपको नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम की याद दिलाएंगे। यहां पर एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन है। श्रीनगर के इस गार्डन को इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन कहते हैं।

गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग को भारत का स्विटजरलैंड कहा जाता है। यहां पर आपको बर्फ से ढके पहाड़, स्कीइंग रिसॉर्ट्स और खूबसूरत घास के मैदान देखने को मिलेंगे। यहां पर गोंडोला राइड और विंटर स्पोर्ट्स पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है।

फूलों की घाटी, उत्तराखंड

उत्तराखंड की वैली ऑफ फ्लावर्स में मानसून के समय हजारों रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं। आपको यहां का दृश्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में मौजूद एंटीलोप वैली से बिलकुल मेल खाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत है। यहां पर फोटोग्राफी के शौकीन लोगों की भारी भीड़ देखने को मिलती है।

थार मरुस्थल, राजस्थान

बता दें कि राजस्थान का थार मरुस्थल आपको यकीनन सहारा मरुस्थल की याद दिलाएंगा। यहां पर आपको रेत के टीलों, ऊंट की सवारी और रेगिस्तानी संस्कृति देखने को मिलेगी। जो आपको सहारा का अनुभव होगा। यहां पर जैसलमेर और सम सैंड ड्यून्स प्रमुख आकर्षण हैं।





# धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण शहर है अमृतसर

**जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है।**

अमृतसर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यह शहर न केवल भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि दुनिया भर के पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। यहाँ की शांतिपूर्ण वातावरण और समृद्ध इतिहास, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं अमृतसर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में।

### स्वर्ण मंदिर

अमृतसर का सबसे प्रमुख और प्रसिद्ध स्थल है स्वर्ण मंदिर, जिसे हरमंदिर साहिब भी कहा जाता है। यह सिख धर्म का पवित्र स्थल है और दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। मंदिर का गोल्डन गेट और उसकी खूबसूरत वास्तुकला देखने योग्य हैं। स्वर्ण मंदिर के चारों ओर स्थित अमृत सरोवर की शांति और सौंदर्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। यहाँ की आध्यात्मिक शांति और वातावरण लोगों को एक अलग अनुभव प्रदान करते हैं।

### जालियांवाला बाग

जालियांवाला बाग अमृतसर का एक ऐतिहासिक स्थल है, जो 13 अप्रैल 1919 को हुए नरसंहार के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण भाग का प्रतीक है। यहाँ एक स्मारक और जल स्त्रोत है, जो उस भयावह घटना की याद दिलाता है। जालियांवाला बाग पर जाकर लोग भारतीय इतिहास को जानने और उसकी महत्ता को महसूस करने के लिए आते हैं।

### गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी

अमृतसर में सिख धर्म और पंजाबी संस्कृति के प्रतीक के रूप में गोल्डन एस्टेट और ज्यूक डिलीवरी संग्रहालय भी प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। यहाँ सिख धर्म की धरोहर, इतिहास, और उनके संघर्षों को प्रदर्शित किया गया है।

### दुरगियाना मंदिर

यह मंदिर अमृतसर का एक और प्रमुख धार्मिक स्थल है जो स्वर्ण मंदिर के समान दिखता है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है और यहाँ लोग धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए आते हैं। मंदिर के पास ही एक बड़ा सरोवर भी स्थित है, जो इस स्थल की सुंदरता को बढ़ाता है।

### काली मंजीर

अमृतसर में स्थित काली मंजीर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यह मंदिर काली माता को समर्पित है। यहाँ भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, विशेष रूप से नवरात्रि और अन्य हिन्दू त्योहारों के दौरान।

### अमृतसर का बाजार और संस्कृति



अमृतसर के बाजार भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ के बाजार, जैसे कि केसरिया बाजार और जोड़ा फाटक बाजार, लोक कला और हस्तशिल्प के अद्भुत सामानों से भरे हुए हैं। यहाँ से पर्यटक पंजाबी पारंपरिक वस्त्र, जूतियां, चूड़ियां, और अन्य हस्तनिर्मित सामान खरीद सकते हैं। अमृतसर की सांस्कृतिक धरोहर यहाँ के विभिन्न मेलों, त्योहारों और नृत्य-गानों में भी देखने को मिलती है।

### भठिंडा और गग्गा महल

अमृतसर के पास स्थित भठिंडा और गग्गा महल भी ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। भठिंडा किला एक ऐतिहासिक किला है, जो प्राचीन समय में एक महत्वपूर्ण स्थान था। वहीं गग्गा महल में एक शांतिपूर्ण वातावरण मिलता है और यहां के सुंदर दृश्य पर्यटकों के लिए एक अच्छा अनुभव होते हैं।

अमृतसर, अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक त्योहारों और मेहमाननवाजी के लिए प्रसिद्ध है। स्वर्ण मंदिर, जालियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर और अन्य पर्यटन स्थलों ने इसे एक प्रमुख यात्रा स्थल बना दिया है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को न केवल भारतीय संस्कृति का गहरा अनुभव मिलता है, बल्कि एक अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभव भी होता है। अगर आप भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक वैभव को महसूस करना चाहते हैं, तो अमृतसर की यात्रा निश्चित रूप से आपके यात्रा सूची में होनी चाहिए।

### वाघा बॉर्डर

अमृतसर से लगभग 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित वाघा बॉर्डर भारत और पाकिस्तान के बीच का सीमाबंध है। यहाँ हर शाम भारतीय और पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बीटिंग रिट्रीट नामक एक शानदार समारोह आयोजित किया जाता है। यह उत्सव एक जीवंत, रंगीन और जोशपूर्ण अनुभव है, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की एकजुटता और सम्मान की भावना दिखाई देती है। वाघा बॉर्डर का दौरा करने के लिए पर्यटकों का तांता लगा रहता है।

# दक्षिण भारत की टॉप रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान

जब देश में थोड़ी-थोड़ी ठंड कम पड़ने लगती है। जब ठंड कम पड़ती है, तो घूमने का मजा दोगुना हो जाता है। वहीं यह महीना साल का सबसे रोमांटिक महीना भी माना जाता है। क्योंकि फरवरी महीने में भी वैलेंटाइन डे वीक मनाया जाता है। इस दौरान दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है। इसलिए इस महीने में दक्षिण भारत में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ हसीन और टॉप रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### अल्लेप्पी

दक्षिण भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह में अल्लेप्पी का नाम सबसे पहले आता है। यह सिर्फ केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का एक खूबसूरत हॉलिडे डेस्टिनेशन माना जाता है।

अरब सागर के तट पर स्थित अल्लेप्पी अपने खूबसूरत समुद्री तट, लैगून और बैक वाटर के लिए जाना जाता है। अल्लेप्पी को दक्षिण भारत की टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर के साथ अल्लेप्पी घूमने के लिए जा सकते हैं।

### कोडईकनाल



दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोडईकनाल देश का सबसे खूबसूरत और बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। कोडईकनाल अपनी प्रकृति सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको खूबसूरत झील-झरने, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत घाटियां देखने को मिलेंगी। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। कोडईकनाल में आप कोडईकनाल झील, कोकर्स वॉक और डॉलफिन नोज पॉइंट जैसी रोमांटिक जगहों पर जरूर जाएं।

### कूर्ग

अगर आप अपने पार्टनर के साथ फरवरी के महीने में कर्नाटक की किसी रोमांटिक जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको कुर्ग जाना चाहिए। क्योंकि कुर्ग में सिर्फ भारतीय कपल्स ही नहीं बल्कि विदेशी कपल्स भी घूमने के लिए आते हैं। कुर्ग की खूबसूरती इस तरह प्रचलित है कि इसको दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। आपको कुर्ग में कई होटल और रिसॉर्ट ऐसे होते हैं, जहां पर आप रूम बुक करके हसीन शाम बिता सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ एबी फॉल्स, ब्रह्मगिरी शिखर, चेट्टाल्ली, दुबारे हाथी शिवर और राजा की सीट जैसी रोमांटिक जगहों को एकसप्लोर कर सकते हैं।

### पुडुचेरी

दक्षिण भारत में स्थित पुडुचेरी एक केंद्र शासित प्रदेश है। इस देश को एक बेहद खूबसूरत और रोमांटिक डेस्टिनेशन भी माना जाता है। बंगाल की खाड़ी के कोरोमंडल तट पर स्थित पुडुचेरी को हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर सिर्फ फरवरी महीने में बल्कि साल के अन्य महीनों में भी कपल्स घूमने के लिए आते हैं। पुडुचेरी में आप पार्टनर के साथ सुबह-शाम समुद्र तट के किनारे सुकून और यादगार भरे कुछ पल बिता सकते हैं। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ पैराडाइज बीच, बॉटनिकल गार्डन और प्रोमेनेड बीच जैसी रोमांटिक जगहों पर जाना न भूलें।

# छत्तीसगढ़ का छिपा हुआ खजाना माना जाता है औरापानी



छत्तीसगढ़ भारत का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। साल 2000 में इस राज्य का गठन हुआ था। साथ ही यह देश का 10वां सबसे बड़ा राज्य माना जाता है। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता है। यह राज्य विशान घने जंगलों के लिए भी जाना जाता है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक विविधता के लिए भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में ऐसी कई शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। यहां पर हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटक घूमने के लिए आते हैं।

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी भी ऐसी ही एक अद्भुत जगह है। जो कहीं से भी हिमाचल या उत्तराखंड से कम नहीं मानी जाती है। औरापानी की खूबसूरती को देखने के लिए देश के हर कोने से लोग पहुंचते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको औरापानी में मौजूद कुछ शानदार और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

### कहां है औरापानी

औरापानी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मौजूद है। यह मुख्य शहर के करीब 45 किमी की दूरी पर स्थित है। औरापानी छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा के पास में स्थित है। वहीं औरापानी छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर 170 किमी दूर स्थित है। इसके साथ ही औरापानी छत्तीसगढ़ के रतनपुर से करीब 91 किमी, मध्य प्रदेश के अमरकंटक से करीब 90 किमी और पंडरिया से करीब 51 किमी दूर स्थित है।

### औरापानी की खासियत

बता दें कि औरापानी को सिर्फ बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का छिपा खजाना माना जाता है। घने जंगलों के बीच स्थित औरापानी बेहद मनमोहक और खूबसूरत दृश्यों के लिए जाना जाता है।

यह जगह अपनी खूबसूरती के साथ सुहावने मौसम के लिए भी जाना जाता है। यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। वहीं मानसून और सर्दी के मौसम में औरापानी की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

### सैलानियों के लिए खास है ये जगह

छत्तीसगढ़ में स्थित औरापानी पर्यटकों का वह खजाना है, जहां पर घूमने के लिए लोग हिमाचल और उत्तराखंड को भूल जाएंगे। यहां पर सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि अन्य जगहों से भी पर्यटक आते हैं। यहां का शांत और शुद्ध वातावरण के साथ झील और झरनों के लिए भी जाना जाता है। औरापानी के जंगलों में स्थित झील और वॉटरफॉल सैलानियों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

### एडवेंचर का है खजाना

औरापानी अपनी खूबसूरती के साथ एडवेंचर का खजाना माना जाता है। यहां पर सुकून के कुछ पल बिताने के साथ आप एडवेंचर एक्टिविटी करने भी पहुंच सकते हैं। औरापानी को हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिग के लिए बेस्ट पर्यटन केंद्र माना जाता है। सर्दी और मानसून में यहां पर हर दिन दर्जनों की संख्या में पर्यटक एडवेंचर एक्टिविटी का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आप यहां पर फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

### घूमने की बेस्ट जगहें

बता दें कि औरापानी और इसके आसपास कई ऐसी शानदार और हसीन जगहें हैं, जहां पर आप घूमने के लिए जा सकते हैं। आप औरापानी झील के साथ औरापानी वॉटरफॉल जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। औरापानी में झील और वॉटरफॉल एक्सप्लोर करने के बाद आप अचानकमार अभयारण्य और अमरकंटक हिल्स जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।